जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

जयपुर, शनिवार 1 जनवरी, 2022


# ऐतिहासिक शुभकामनाऐं

HAPPY 2022 NEW YEAR

## 2022 में आप कोठीपति बनें!

NO MIDDLE-MEN
DIRECT TO CUSTOMER

Kedia's
THE KOTHI
भव्य•उत्कृष्ट•श्रेष्ठ

FIXED PRICE

## 3 BHK कोठी सिर्फ 45 लाख में!



SIRSI ROAD, VAISHALI EXTENSION, JAIPUR

KEDIA
Transforming Realty

TOLL FREE: 1800-120-23-23, 7877-07-27-37

www.kedia.com | info@kedia.com

www.rera.rajasthan.gov.in | Rera No. RAJ/P/2021/1523, RAJ/P/2021/1526

*T&C Apply

## विचार बिन्दु

त्याग यह नहीं कि मोटे और खुरदरे वस्त्र पहन लिए जायें और सूखी रोटी खायी जाये, त्याग तो यह है कि अपनी इच्छा अभिलाषा और तृष्णा को जीता जाये। –सुफियान सौरी

# मिलावट: शुद्ध खाद्य उत्पाद प्राप्त करना नागरिकों का अधिकार है

मिलावट का कहर सबसे ज्यादा हमारी रोजमर्रा की जरूरत की चीजों पर पड रहा है। संपूर्ण देश में मिलावटी खाद्य-पदार्थों की भरमार हो गई है। आजकल नकली दूध, नकली घी, नकली तेल, नकली चायपत्ती आदि सब कुछ धड़ल्ले से बिक रहा है। देशभर में खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए शुद्ध के लिए युद्ध अभियान समय समय पर संचालित किये जाते है। ऐसे ही एक अभियान का आगाज राजस्थान में गहलोत सरकार ने किया है। जिसमें जिला प्रशासन, पुलिस, चिकित्सा, रसद विभाग, बाट-माप तौल और डेयरी विभाग मिलकर कार्रवाई करेंगे।

सरकार ने दावा किया है प्रदेश में पहली बार जिला कलेक्टर के निर्देशन में मिलावट की कार्रवाई करने के लिए डिकोय ऑपरेशन को अंजाम दिया जाएगा। शुद्ध के लिए युद्ध अभियान एक जनवरी से 31 मार्च तक चलेगा, जिसमें दूध, मावा, पनीर, आटा, बेसन, तेल, घी, सूखे मेवे, मसालों के नमूने लेकर लैब में जांच होगी। हालाँकि ऐसे अभियान वर्षपर्यंत चलाये जाने चाहिए। इन अभियानों की जमीनी हकीकत से सब परिचित है। बताया जाता है मिलावट और जमाखोरी रोकने के लिए कानून तो है, मगर वे इतने प्रभावशाली नहीं हैं, जो मिलावटखोरों में खौफ पैदा करें। सरकार को चाहिए कागजी कार्यवाही की खानापूर्ति के बजाय जनता को विश्वास में लेकर अभियान चलाये ताकि मिलावटियों में कानून के प्रति भय उत्पन्न हो और मिलावट को सख्ती से रोका जिसके। देखा जाता है मिलावट खोरों को पकडने के लिए सरकारी संसाधन पर्याप्त नहीं है। मिलावटिये गली गली और नगर नगर में सक्रीय होकर आम आदमी की सेहत को खराब करने में जुटे है मगर इनको पकडने वाली टीमें काफी कम संख्या में होने के कारण शुद्ध के लिए युद्ध अभियान अपने लक्ष्य को हासिल नहीं कर पा रहा है।

आज स्थिति यह है कि सरकारी तंत्र की लापरवाही और मिलीभगत, संसाधनों का अभाव, केन्द्र-राज्य मे परस्पर सहयोग का अभाव, लचर दंड व्यवस्था का खामियाजा उपभोक्ता को चुकाना पड रहा है। सच तो यह है अधिक मुनाफा कमाने के लालच में नामी कंपनियों से लेकर खोमचेवालों तक ने उपभोक्ताओं के हितों को ताख पर रख दिया है। अगर कोई इन्हें खाकर बीमार पड़ जाता है तो हालत और भी खराब है, क्योंकि जीवनरक्षक दवाइयाँ भी नकली ही बिक रही हैं। अभियान के तहत दूध और मावे से बनी मिठाइयों के साथ खाने-पीने के सभी खाद्य पदार्थो के सैंपल लेकर जांच किए जाएंगे। साथ ही मिलावट की सूचना देने वाले को 51 हजार रुपये का ईनाम की भी घोषणा की गई है।

**सामान्यत रोजमर्रा जिन्दगी में उपभोग करने वाले खाद्य पदार्थों जैसे दूध, छाछ , शहद, हल्दी, मिर्च, पाउडर, धनिया, घीं, खाद्य तेल, चाय-कॉफी, मसाले, मावा , आटा आदि में मिलावट की सम्भावना अधिक है। मिलावट एक संगीन अपराध है। मिलावट पर काबू नहीं पाया गया तो यह ऐसा रोग बनता जा रहा कि समाज को ही निगल जाएगा।**

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का कहना है 'शुद्ध के लिए युद्ध' अभियान लगातार चलाया जाना चाहिए ताकि मिलावटखोरों में भय पैदा हो। उन्होंने कहा कि शुद्ध खाद्य उत्पाद प्राप्त करना नागरिकों का अधिकार है। प्रदेश के मुख्य सचिव श्री निरंजन आर्य ने सभी जिला कलक्टरों को निर्देश दिए हैं वे राज्य भर में एक जनवरी से 31 मार्च तक चलने वाले शुद्ध के लिए युद्ध अभियान की नियमित मॉनिटरिंग करें तथा दर्ज मामलों का 90 दिन के भीतर निस्तारण किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा है खाद्य पदार्थों में मिलावट कर प्रदेशवासियों की सेहत से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो, ताकि कोई भी लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ नहीं कर सके। उन्होंने जिला कलक्टरों को कहा कि खाद्य पदार्थों की शुद्धता के साथ-साथ उसके सही माप और तौल, एक्सपायरी डेट तथा पैकेट बंद खाद्य सामठाी पर सही प्रकार से लेबलिंग की भी जांच की जानी चाहिये। उन्होंने कहा कि इस अभियान का समुचित प्रचार-प्रसार भी किया जाए, ताकि आम व्यक्ति भी जागरूक हो। उन्होंने अभियान की अवधि में जिला स्तरीय प्रबंधन समिति की साप्ताहिक बैठक करने के लिए भी जिला कलक्टरों को निर्देशित किया।

खाद्य पदार्थों में अशुद्ध, सस्ती अथवा अनावश्यक वस्तुओं के मिश्रण को मिलावट कहते हैं। आज समाज में हर तरफ मिलावट ही मिलावट देखने को मिल रही है। पानी से सोने तक मिलावट के बाजार ने हमारी बुनियाद को हिला कर रख दिया है। पहले केवल दूध में पानी और शुद्ध देशी घी में वनस्पति घी की मिलावट की बात सुनी जाती थी, मगर आज घर-घर में प्रत्येक वस्तु में मिलावट देखने और सुनने को मिल रही है। मिलावट का अर्थ प्राकृतिक तत्त्वों और पदार्थों में बाहरी, बनावटी या दूसरे प्रकार के मिश्रण से है। अक्सर देखा जाता है त्योहारी सीजन शुरू होने के साथ ही मिलावटखोर भी सक्रिय हो जाते हैं जो सस्ती मिठाइयां तथा मावा बेचकर ज्यादा मुनाफा कमाने के चक्कर में आमजन के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करते हैं। मिठाइयों में इस्तेमाल किये जाने वाला मावा शायद ही कहीं असली मिले। हर चीज में मिलावट जैसे आम बात हो गई है। मिलावटखोरों को नियम-कानून का भी भय नहीं रह गया। खासकर त्योहार के सीजन में तो इनकी पौ-बारह रहती है। त्योहारी सीजन शुरू होते ही बाजार में ठााहकी बढ़ने लगती है। त्यौहार आये और मिठाई न खाये यह हो ही नहीं सकता। मिठाई त्यौहारो की खुशी को दुगना कर देती है। मिलावटखोर भी इसी इंतजार में रहते है। उनकी दुकाने रंग बिरंगी मिठाइयों से सज्ज जाती है और हम बिना जांचे परखे इन मिठाइयों को खरीद कर ले आते है। मिलावटखोर अधिक मुनाफे के चक्कर में धड़ल्ले से अपना मिलावटी सामान बेचते देर नहीं लगाते।

सामान्य तौर पर एक परिवार अपनी आमदनी का लगभग 60 फीसदी भाग खाद्य पदार्थों पर खर्च करता है। खाद्य अपमिश्रण से अंधापन, लकवा तथा टयूमर जैसी खतरनाक बीमारियाँ हो सकती हैं। सामान्यत रोजमर्रा जिन्दगी में उपभोग करने वाले खाद्य पदार्थों जैसे दूध, छाछ , शहद, हल्दी, मिर्च, पाउडर, धनिया, घीं, खाद्य तेल, चाय-कॉफी, मसाले, मावा , आटा आदि में मिलावट की सम्भावना अधिक है। मिलावट एक संगीन अपराध है। मिलावट पर काबू नहीं पाया गया तो यह ऐसा रोग बनता जा रहा कि समाज को ही निगल जाएगा। मिलावट के आतंक को रोकने के लिए सरकार को जन भागीदारी से सख्त कदम उठाने होंगे।

**–अतिथि संपादक,**
**बाल मुकुन्द ओझा**
**वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार**

## राशिफल शनिवार 01 जनवरी, 2022



पंडित अनिल शर्मा

पौष मास कृष्ण पक्ष, चतुरदशी तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2078, ज्येष्ठा नक्षत्र सायं 7:17 तक, गंड योग दिन 1:55 तक, विष्टि करण सायं 5:30 तक, चन्द्रमा आज सायं 7:17 पर धनु राशि में प्रवेश करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-धनु, चन्द्रमा-वृश्चिक, मंगल-वृश्चिक, बुध-मकर, गुरू-कुम्भ, शुक्र-धनु, शनि-मकर, राहु-वृष, केतु-वृश्चिक राशि में। आज भद्रा सायं 5:30 तक है। आज मास शिवरात्रि है। नव वर्ष 2022 ईस्वी आरम्भ है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ 8:38 से 9:55 तक, चर 12:30 से 1:48 तक, लाभ-अमृत 1:48 से 4:23 तक।

**राहूकाल:** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 7:20, सूर्यास्त 5:40

**मेष**
आज नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। परिवार में अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है। स्वास्थ्य के संबंध में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

**सिंह**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी और परिवार में स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है।

**धनु**
परिवार में अतिथियों का आगमन हो सकता है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। परिवार में आपसी अनबन और मतभेद हो सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण मामलों में परिचितों से सहयोग मिलेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**कन्या**
आर्थिक मामलों में परिचितों से सहयोग मिल सकता है। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

**मकर**
अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा। अनावश्यक धन खर्च होगा। यात्रा में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**मिथुन**
स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। मन का भय समाप्त होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**तुला**
महत्वपूर्ण कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। आवश्यक कार्यों से संबंधित प्रयास सफल रहेंगे। आज नये-पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

**कुंभ**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्यों में सफलता से मनोबल ऊंचा रहेगा। व्यक्तिगत कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में महत्वपूर्ण परामर्श मिलेगा। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**वृश्चिक**
परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिल सकती है। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

**मीन**
अपने अति आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। चलते कार्यों में प्रगति होगी। नवीन कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।

# करोना के डेल्टा वायरस और ओमक्रॉन संक्रमण के साये में नव वर्ष को सुखमय, स्वस्थ और खुशहाल बनाने के आसान उपाय

हम सभी के आमने आज भी मार्च-अप्रैल 2021 का भयावह और हृदय विदारक दृश्य जिसमें हमने अपने स्वयं परिजन और मित्रों के मृत शरीर को गंगा में बहते हुए देखा था। इंसान अपने भाई-बहन, पति-पत्नी माता-पिता को अंतिम आहुति भी नहीं दे सका, अस्पताल में इलाज के लिये जगह ही नहीं मिल रही थी। आक्सीजन की कमी से अनेकों परलोक चले गये। लोक डाउन से लाखों बेरोजगार हो गये थे।


आज फिर ओमिक्रोन वायरस दुनिया में विशेष तौर पर यूरोप अमेरिका में तबाही मचा रहा है। हमारे देश के अंदर भी ओमिक्रोन दस्तक दे चुका है। इस महामारी से बचाव का एक मात्र तरीका वेक्सीनेसन और कोरोना प्रोटोकोल का पूरी तरह से पालन करना है। बिना जरूरी काम के बाजार एवं भीड़ वाली जगह पर जाने से बचे। सदैव सुरक्षित मास्क सही तरीके से लगाये। बार-बार अपने हाथों को साबुन से साफ करते रहें।

नव वर्ष में अपने जीवन को सुखी खुशहाल स्वस्थ आनन्द दायक मनाने के लिये निम्न उपायों को अपनाए।

निराशा और असफलताओं के निराशाजनक वातावरण में आशा का दीपक जलाये रखें। अपने आस-पास के लोगों के दु:खदर्द एवं पीड़ा को समझें। छोटी से छोटी बातों में भी अच्छाई को ढूढें।।

याद रखे मित्रों सहकर्मियों के अच्छे काम की प्रशंसा करें। साल में हर परिस्तिथी में शांत और रिलैक्स्ड रहे। अपने मन के अंदर इस बात को धारण कर लें कि ख़ुशी मेरा जन्मसिद्ध मौलिक अधिकार है। चाहे कुछ भी हो जाए मैं दिन भर खुश रहूंगा। बच्चो को उनके अपने हिसाब से जीने का मौका दे, उनके कार्यकलापों में टीका-टिप्पणी नहीं करें। आप उन्हें सलाह तभी ही दें जब वे आप से सलाह मांगे।जब कभी आपको गुस्सा आ जाये तो तब अपने मन को समझाये।

अपने पड़ोसी से नियमित बातचीत करे, उनके प्रति सद्भावना रखें इससे आपकी खुशियाँ कई गुणा बढ़ जायेगी। लालच और गलत तरीके से अर्जित यह कमाई आपको अभिमानी बना कर आपको गलत रास्ते पर ले जाकर आपकी मानसिक शांति और आपके स्वास्थ्य को खराब कर देगी। सच्चाई तो यही है कि जो भी आप के पास है उससे आप सदैव खुश रहे। सुख-सुविधा के लिये भौतिक साधन अगर आपके पास उपलब्ध नहीं उन्हें हासिल करने लिये गम्भीर कोशिश कर मेहनत करें। सुखमय जीवन जीने के लिये अपना लक्ष्य निर्धारित करें, उद्देश्यहीन जीवन नहीं जिए। ईर्ष्यालु नहीं बने, दूसरों की सफलता पर खुश हों, उन्हें बधाई दें। अपने ईगो को छोड़े, मैं मैं की रट नही लगायें, आपका ईगो आपको नकारा बना के आपको हीन् भावना से ग्रस्त कर देगा।



डा. जे.के. गर्ग

अपनी गलतियों को मानने में चूक नहीं करें क्यों कि आदमी को अपनी गलतियों से जीवन का बड़ा सबक सीखने को मिलता है। दूसरों की गलतियों के लिये उन्हें माफ़ करें। विगत वर्षों की सुखद स्म्रतियों को याद कर मुस्करायें। किसी से कोई अपेक्षा नहीं रखें और किसी की भी उपेक्षा भी नहीं करें। चिंता करने के बजाय आत्मचिंतन करें। निरंतर मेडीटेसन का अभ्यास करें। अपने आत्मसम्मान से कोई समझौता नहीं करें।

हमेशा मीठी वाणी बोले। अच्छा बोले अच्छा सुने और अच्छे वाणी बोले। दूसरों के कार्यों की आलोचना करने की जगह उनके अच्छे कामों की प्रशंसा उनके सामने और उनकी पीठ पीछे करें। जो जैसा है उसे उसी रूप में स्वीकार करें। दूसरों के विचारों का भी सम्मान करें, उन्हें आदर दें। सभी को बिना शर्त स्नेह और प्यार दें। कोई भी काम को अंजाम देने से पूर्व यह मालुम कर लें कि आपके काम से किसी का अहित तो नहीं होगा। अगर आप के प्रस्तावित कामसे किसी को कष्ट या क्षति हो रही हो तो उस काम को नहीं करें। हर एक व्यक्ति का अभिवादन मुस्करा कर करें।


खुद हँसे और दूसरों को भी हंसाये। लाफ्टर को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाये। अपने चेहरे को प्रफ्फुलित और सोम्य बनाये रक्खें। खुद जियें और अन्य को भी सुखमय जीवन जीने दें। अपनी असफलताओं के लिये दूसरों को दोष नहीं दें। जब कभी कोई आपका काम करें या आपकी मदद करें तो उन्हें धन्यवाद जरुर दें। अमावस्या की काली रात के बाद पूर्णिमा की शीतल चांदनी आती है उसी तरह जीवन में दु:ख के बाद सुख अवश्य आता है। वास्तव में तकलीफ और दु:ख के समय में ही हमको अपने हितेषी और सच्चे दोस्त की पहचान होती है तथा हमें आत्मचिंतन का भी मोका मिलता है।

**- डा. जे.के.गर्ग**
**पूर्व संयुक्त निदेशक कालेज शिक्षा जयपुर**

# बेटे से मिलने की चाह में एएसपी से मिली महिला

**भरतपुर,** (निसं)। पिछले डेढ़ साल से दर दर भटक रही हैं एक मां अपने बेटे भूपेंद्र की तलाश के लिए थाने से लेकर अधिकारियों की चौखट तक गुहार लगा चुकी है। लेकिन अभी तक इस महिला की सुनवाई नही हो सकी है। न्याय की आस में ये महिला आज पुलिस अधीक्षक से मिलने के लिए आज एसपी ऑफिस पहुंची।

पीड़ित महिला मुखलेश पत्नी बने सिंह निवासी कुरवारा, तहसील कुम्हेर, जाति जाट अपनी आंखों में आंसू लिए बेटे के दीदार की चाह के साथ अपने हाथों में फरियाद लिए भरतपुर एसपी देवेन्द्र कुमार विश्नोई के यहां जा पहुंची जहां उसने अपने बेटे के ढूंढने की गुहार लगाई। मुखलेश ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय वंदिता



पीड़ित महिला मुखलेश

राणा से मिलकर अपनी आपबीती सुनाई। मुखलेश ने बताया कि जरिए इस्तगासे कुम्हेर थाने में मामला दर्ज कराया था। गुमशुदा बेटे भूपेंद्र की तलाश के लिए कुम्हेर पुलिस ने भूपेन्द्र के मोबाइल को बरामद कर तो लिया लेकिन अभी तक भूपेंद्र की तलाश नहीं कर पाई हैं। महिला का कहना है कि भूपेंद्र की तलाश के लिए पुलिस लापरवाही बरत रही हैं। उसकी सही तरह से अनुसन्धान नहीं कर रही हैं।

महिला मुखलेश का कहना हैं कि डेढ़ साल पहले भूपेंद्र गुजरात की एक कंपनी में काम करता था। गुजरात से वह काम छोड़कर अपने गांव में आ गया और वहां रहने लगा। बाद में गुजरात के ठेकेदार सतीश और सलामत भूपेन्द्र के गांव आ पहुंचें और भूपेन्द्र को दोनों ठेकेदारों ने अपनी गाड़ी में बैठाकर ले गए। जब से अभी तक भूपेन्द्र का पता नही चला है।

# रतनानी की पाण्डुलिपि राजस्थान की छह सर्वश्रेष्ठ पांडुलिपियों में चयनित

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान सिन्धी अकादमी जयपुर ने इस वर्ष प्रकाशन के लिए राजस्थान की जिन छह सर्वश्रेष्ठ पाण्डुलिपियों का चयन किया है उसमें कोटा के लेखक किशन रतनानी की पाण्डुलिपि अम्माँ की पोटली भी शामिल है।

यह रतनानी की वर्ष 2000 से 2020 के बीच लिखी गई लगभग 110 सिन्धी बाल कहानियों में से सर्वश्रेष्ठ 11 कहानियों के हिन्दी अनुवाद पर आधारित हैं। रतनानी की सिन्धी कहानियों और एकांकियों की अब तक प्रकाशित 14 पुस्तकों में से तीन पुस्तकों को राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय पुरस्कार भी मिले हैं। रतनानी 2018 में भारतीय सूचना सेवा के निदेशक पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। उन्हें

- **राजस्थान सिन्धी अकादमी जयपुर ने प्रकाशन के लिए चयन किया**

लेखन और फोटोग्राफी के लिए अनेक राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय पुरुस्कार भी मिले हैं। जिन अन्य पांच पाण्डुलिपियों का चयन किया गया है उसमें अजमेर की डॉ कमला गोकलानी और दीपावली सदारंगानी, जयपुर के भगवान अटलानी, हरीश करमचंदानी और माया वसंदाणी की पाण्डुलिपियां शामिल हैं।

# 'चिरंजीवी हाइटैक एम्बूलैंस 7 दिन बाद पहुंची भीण्डर'

**भीण्डर,** (निसं)। राज्य सरकार ने प्रदेश के प्रत्येक ब्लॉक पर चिरंजीवी 108 एम्बूलेंस भेजी हैं, जिसमें सामान्य 108 एम्बूलेंस से हाईटेक सुविधा उपलब्ध है।

ऐसी ही एक एम्बूलेंस शुक्रवार को भीण्डर के स्व. गुलाबसिंह शक्तावत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर पहुंच गई। हालांकि इस एम्बूलेंस को 21 दिसम्बर के दिन प्रभारी मंत्री रामलाल जाट, वल्लभनगर विधायक प्रीति शक्तावत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। लेकिन 7 दिन गुजर जाने के बाद भी नहीं पहुंचने पर भीण्डर पालिकाध्यक्ष निर्मला भोजावत के निरीक्षण के दौरान मामला सामने आने पर 30 दिसम्बर अंक में उदयपुर से रवाना हुई एम्बुलेंस 7 दिन बाद भी नहीं पहुंची। नई एम्बूलेंस नहीं पहुंचने पर पालिकाध्यक्ष निर्मला भोजावत ने चुटकी लेते हुए कहा था कि उदयपुर से रवाना हुई एम्बूलेंस 7 दिन बाद भी भीण्डर नहीं पहुंची। इस पर डॉ. राजीव आमेटा ने कागजी कार्यवाही की वजह से नहीं आने का कारण बताया।


पालिकाध्यक्ष निर्मला भोजावत के चुटकी लेने व समाचार प्रकाशित होने पर आनन-फानन में कागजी कार्यवाही पूर्ण करते हुए 31 दिसम्बर की सुबह नई हाईटेक एम्बूलेंस भीण्डर पहुंचा दी।

राज्य सरकार की चिरंजीवी 108 एम्बूलेंस में हाईटेक सुविधा उपलब्ध

- **पालिका अध्यक्ष के चुटकी लेने व समाचार लगने के बाद 31 दिसम्बर को पहुंची हाइटैक एम्बूलैंस**
- **भीण्डर चिकित्सा प्रशासन ने आनन-फानन में कागजी कार्यवाही पूरी की**

करवाई गई हैं, जिसमें वेंटिलेटर व आईसीयू की सुविधा उपलब्ध है। इसमें मरीज की प्लस, ऑक्सीलन लेवल, शुगर, ब्लड प्रेशर आदि देखने के लिए मॉनिटर लगा हुआ है। वहीं डिफिब्रिलेशन मशीन भी लगी हुई हैं, जिससे कार्डियेक अरेस्ट के उपचार में सबसे प्रभावी तरीकें के रूप में उपयोग कर सकते है। जिसमें हार्ट को इलेक्ट्रिक शॉक दिया जाता है। आईसीडी का आमतौर पर उपयोग डिफिब्रिलेट और हार्ट को सामान्य रिदम में लाने के लिए किया जाता है। इसके अलावा एक छोटा फ्रीजर की सुविधा भी उपलब्ध है।

# घंटाघर की दीवारों पर पोस्टर व बैनर लगाकर बिगाड़ रहे सुंदरता



पावटा का वर्षों पुराना ऐतिहासिक घंटाघर जहां लोगों ने पोस्टर लगा रखें है।

**पावटा,** (निसं)। उपखंड पावटा की वर्षों पुरानी प्राचीन धरोहर घंटाघर की सुंदरता को जगह-जगह लगाए जा रहे पोस्टर व स्टीकर खराब कर रहे हैं। इस धरोहर घंटाघर को लोगों ने अपने प्रचार-प्रसार का जरिया बना रखा है।

जिम्मेदार नगरपालिका के अधिकारियों के रूचि नहीं लेने से घंटाघर के चारों तरफ अधिकांश दीवारों पर पोस्टर-स्टीकर और वॉल पेंट देखने को मिलेंगे। हाल यह है कि घंटाघर की दीवारों से बीते सालों पहले चुनावी प्रचार के लिए लगाए गए पोस्टर

- **पावटा के घंटाघर को लोगों ने प्रचार-प्रसार का जरिया बनाया**

तक नहीं उतारे गए हैं। दरअसल प्रशासन इसे लेकर गंभीर नहीं है, साथ नगरपालिका अधिकारी भी इसे जानबूझकर अनदेखा कर रहे हैं। समय रहते इन्हें रोका नहीं गया तो आने वाले दिनों में घंटाघर सहित सरकारी भवनों और सार्वजनिक जगहों पर बैनर पोस्टर की अधिकता से दीवारें पट जाएंगी।

नगर पालिका को इस तरह के बैनर पोस्टर लगाने वालों के लिए सभी सार्वजनिक जगहों पर एक जगह निर्धारित कर देनी चाहिए। इसमें पोस्टर लगाने वालों से सालना राजस्व भी वसूल करना चाहिए। ऐसा करने से लोगों को एक निर्धारित जगह मिल जाएगी और घंटाघर सहित सरकारी भवन और सार्वजनिक जगह पर दीवारों पर पोस्टर नहीं लगने से इनकी सुंदरता भी बनी रहेगी।

# सीनियर फोटोग्राफरों का सम्मान किया



भरतपुर स्थित कोठी रोजविला में फोटोग्राफर्स एसोसिएशन द्वारा 35 सीनियर फोटोग्राफरों का सम्मान किया।

**भरतपुर** (निस)। भरतपुर फोटोग्राफर्स एसोसिएशन द्वारा सीनियर फोटोग्राफरों का सम्मान व समारोह रखा गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक शर्मा ने बताया कि कोठी रोजविला में एक सीनियर फोटोग्राफरों का सम्मान समारोह किया गया जिसमें विशिष्ट अतिथि जिला व्यापार महासंघ के जिलाध्यक्ष संजीव गुप्ता थे। समारोह की अध्यक्षता जिला महामंत्री नरेन्द्र गोयल ने की।

जिला प्रवक्ता विपुल शर्मा, शहर अध्यक्ष भगवानदास बंसल व जिला मंत्री बंटू भाई वतौर अतिथि कार्यक्रम में शामिल हुए। आये हुए अतिथियों द्वारा सीनियर फोटोग्राफरों जिन्होंने 1980 से पहले फोटोग्राफी का काम शुरू किया था उनका सम्मान किया गया। सम्मान पाने

- **1980 से पहले के फोटोग्राफर सम्मानित हुए**

वाले कुल 35 फोटोग्राफर थे, जिनमें मुख्य रूप से नरेश मल्होत्रा, हरीकिशन शर्मा, नवीन शर्मा, शरद शर्मा, गोपाल आचार्य, चन्द्रप्रकाश शर्मा, सुरेश गर्ग, अनिल खंडेलवाल, नरेन्द्र ठाकुर, भारत शर्मा, ओमदत्त शर्मा, गोवर्धन सिंह, महेश मल्होत्रा, देवेन्द्र शर्मा, रिंकू शर्मा, उदय सिंह, मोती, संदीप इत्यादि शामिल हुए। मंच संचालन सुरेश गर्ग ने किया। इस मौके पर जिले भर के काफी संख्या में फोटोग्राफर शामिल हुए।

फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 72 संख्याः 152 प्रभात जयपुर, शनिवार 1 जनवरी, 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com






**Give Me A Hug** Did you ask someone to put ON their mask so that you could recognize them? I know there is a Tic Tok about that. Too close to reality.

**Brot Co-Get Buttured**



**Prevention of Iodine Deficiency**

# वैज्ञानिकों व मनोवैज्ञानिकों का मानना है, करोना के जाने का समय तो आ गया है

## पर लोगों की मनःस्थिति पर उसका असर दशकों तक रहेगा

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 31 दिसम्बर। ब्रायन पॉटिंगर, जो दक्षिण अफ्रीका के वरिष्ठ पत्रकार तथा वहाँ "सनडे टाइम्स" के पूर्व सम्पादक हैं, कहते हैं कि करोना वायरस महामारी तो देर-सवेर समाप्त प्राय हो जायेगी, लेकिन निकट भविष्य में सारी दुनिया के लोगों की स्थिति में सुधार होना संभव नहीं है, क्योंकि "हिंसक पशु के मुँह खून लग गया है।"

"अ क्रिटिकली नीडेड पर्सपैक्टिव ऑन कोविड" शीर्षक वाली पुस्तक में उन्होंने समझाया है कि, करोना से लड़ने के लिए विभिन्न सरकारों द्वारा अपनाए गए तरीकों के कारण अधिकतर देशों में नियंत्रण की जो मानसिकता पैदा हुई, उसके बाद क्यों अब कोविड-19 "समाप्ति के चरण" में है।

पॉटिंगर लिखते हैं "यह एक विडम्बना है कि करोना वायरस से निबटने में हुई जबरदस्त भूलों और गलतियों के बावजूद, सरकारों के विभिन्न अंग तथा डब्ल्यू.एच.ओ. जैसी अन्तर्राष्ट्रीय एजेंसियाँ बहुत मजबूत होकर उभर रहे हैं, इसके अलावा, बड़ी फार्मा कम्पनियों तथा टैक्नोलॉजी प्रतिष्ठानों ने तो लोगों पर अकल्पनीय नियंत्रण करने में सरकारों की मदद की ही है।"

- करोना के संक्रमण से बचने के लिये, जो प्रतिबंध आम आदमी पर लगे उसके बाद उसकी प्राइवेसी व आवागमन व मिलने मिलाने की स्वतंत्रता वापस आने में बहुत समय लगेगा।
- इस पर भी काफी मंथन व चिंतन हुआ है कि, आम जनता अपनी यह स्वतंत्रता इतनी आसानी से छोड़ने को क्यों तैयार हो जाती है।
- मनोवैज्ञानिकों का मानना है, सोशल मीडिया के प्रचलन से आम आदमी अकेलापन महसूस करता है, अपने को दोस्त विहीन मानता है तथा अपने कामकाज व रोजगार को अर्थहीन मानता है, जिसका कोई महत्व नहीं है।
- इन व्यक्तिगत चिन्ताओं व कुण्ठाओं के कारण आम आदमी एक "सुपरमैन" के आने का इंतजार करता है, जो इन व्यक्तिगत समस्याओं का हल सुझायेगा।
- इसी मनःस्थिति में व्यक्तिगत कुण्ठाओं का समाधान ढूंढता हुआ आम आदमी अपनी स्वतंत्रताएं त्यागने को भी तैयार हो जाता है।

पॉटिंगर आगे कहते हैं, "महामारी अन्ततोगत्वा समाप्त तो होगी ही, लेकिन भाषण, सभाओं तथा संघों की स्वतंत्रता पर संयुक्त हमला इतने बड़े रूप में इससे पहले कभी नहीं देखा गया। यह सचमुच बड़ा लम्बा दीर्घकालीन कोविड प्रभाव है, जो हमें लम्बे समय तक तंग करता रहेगा।"

पॉटिंगर का सोच प्रोफेसर मटायस डैसमैट के विचारों से मिलता है, जिन्होंने इस मनोवृत्ति पर लेख लिखा है कि लोग क्यों स्वेच्छा से अपनी स्वतंत्रता को छोड़ने को तैयार हो जाते हैं

प्रो. मटायस गेन्ट यूनिवर्सिटी में क्लिनिकल साइकोलॉजी के प्रोफेसर तथा मास्टर इन स्टेटिस्टिक्स हैं।

सामाजिक मनोविज्ञान के विषय में डिसमैट के विचार, जिसमें राजनैतिक उद्देश्यों या महामारी के लिये व्यापक विचार निर्माण एवं राजनैतिक गतिशीलता पर जोर दिया गया है, बहुत अन्तर्दृष्टि सम्पन्न हैं- ये मुख्यतः अस्तित्व संबंधी चिंताओं का प्रोजेक्शन हैं, जो किसी समाधान की तलाशों में है। इसके कुछ डेटा बताते हैं- खासतौर से युवा आबादी का चौथा हिस्सा, अपने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पूर्ण लॉकडाउन

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 31 दिसम्बर। जहाँ अब बड़ी संख्या में देश लॉकडाउन से दूर हो गये हैं, वहीं चीन अपनी "जीरो कोविड" रणनीति पर दोगुना जोर दे रहा है।

न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि, चीन की सरकार के अनुसार, शीआन, जो पश्चिमोत्तर चीन का 1.30 करोड़ आबादी वाला एक प्रमुख शहर है, में 9 दिसम्बर से 29 दिसम्बर के बीच 1,117 संक्रमण रिकॉर्ड किये गये हैं। हालांकि, पश्चिमी देशों की तुलना में यह काफी छोटी संख्या है, लेकिन इस महामारी की शुरूआत से लेकर अब तक, चीन के किसी भी शहर के संक्रमण-केसों की यह सबसे बड़ी संख्या है। इन केसों की संख्या को देखते हुये, अधिकारियों ने पिछले सप्ताह इस शहर में लॉकडाउन लगा दिया, सारे स्कूल तथा अधिकांश व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद कर दिये तथा

- चीन ने करोना के बढ़ते प्रकोप पर अंकुश लगाने के लिए बड़े शहर शीआन में लॉकडाउन लगाया।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'वोटर कार्ड को आधार कार्ड से जोड़ना बहुत खतरनाक'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 31 दिसम्बर। संसद के शीतकालीन सत्र में इस माह की शुरूआत में जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के संशोधनों के पारित होने के बाद करीब सौ से अधिक वरिष्ठ नौकरशाहों ने मतदाता पहचान पत्र को आधार से लिंक करने की केन्द्र सरकार की योजना पर रोक लगाने के लिए सर्वोच्च स्तर पर "कठोर न्यायिक हस्तक्षेप" की मांग की है।

उन्होंने आशंका जताई कि मतदाता पहचान पत्रों को आधार कार्ड डेटा से लिंक करने से लाखों वोटर अपने मताधिकार से वंचित हो सकते हैं क्योंकि जब उन्हें पोलिंग बूथों पर मतदाता सूचियों में अपने नाम गायब मिलेंगे तब उन्हें इस कदम की भयावहता का एहसास होगा।

इन लोगों ने इस कदम को "त्रुटिपूर्ण, विधिक रूप से गलत, कपटपूर्ण और सरकार द्वारा दुरूपयोग किए जाने योग्य" बताते हुए सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध किया कि वो हस्तक्षेप करे, क्योंकि, कहीं ऐसा ना हो कि इस लिंक का आगामी विधानसभा चुनावों में इस्तेमाल किया जाए, मतदाताओं की पहचान का खुलासा करने के लिए, जिसके कारण, हो सकता है कि, मतदाता मतदान करने से परहेज करें।"

इस आधार पर कि, मतदाता सूचियों का शुद्धिकरण जरूरी है, सरकार ने संसद में और उसके बाहर विरोध प्रदर्शन होने के बावजूद इलैक्शन आइडैन्टिटी प्रोटैक्शन बिल में संशोधन प्रस्तावित किए।

सेवानिवृत्त नौकरशाहों ने, कुछ वर्ष पूर्व गठित "कॉन्स्टिट्यूशनल कन्डकट" के प्लेटफार्म से एक स्पष्ट बयान जारी करते हुए कहा कि, आधार वैरिफिकेशन की अनिवार्यता, यदि स्वैच्छिक भी है, तब भी, रजिस्टर्ड वोटर के दृष्टिकोण से इसका तात्पर्य यह हुआ कि, आईडैन्टिटी और एड्रैस वैरिफिकेशन के लिए सरकार द्वारा जारी पहचान पत्र को वोटिंग लिस्ट से जोड़ने से चुनाव आयोग की विश्वसनीयता प्रभावित होगी, और समूची मतदान प्रक्रिया की निष्पक्षता पर संदेह पैदा होगा।

बयान में रेखांकित किया गया कि, डेटा प्रोटैक्शन बिल का मसौदा तैयार करने वाली कमेटी के अध्यक्ष जस्टिस बी.एन. कृष्णा ने इस प्रकार की लिंकिंग को "सर्वाधिक खतरनाक स्थिति" बताते हुए इसकी भर्त्सना की थी।

बयान में चेतावनी दी गई कि, महानरेगा और सार्वजनिक वितरण प्रणाली जैसे सरकारी कार्यक्रमों के डेटा बेस पंजीकरणों के शुद्धिकरण के लिए आधार के उपयोग का परिणाम यह हुआ कि बहुत सारे लोग इसके पात्र नहीं रहे क्योंकि बिना किसी नोटिस के उनके नामों को मनमाने ढंग से सिस्टम से हटा

- सौ से अधिक वरिष्ठ आई.ए.एस. स्तर के अधिकारियों ने उच्चतम न्यायालय से अपील की कि, इसे रोकने में मदद करें।
- इन लोगों का मानना है कि, आधार कार्ड व वोटर पहचान पत्र के लिंकेज से चुनाव आयोग की विश्वसनीयता व प्रतिष्ठा को धक्का लगेगा।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'मोदी असहाय क्यों'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 31 दिसम्बर। कांग्रेस ने चीन की हर प्रकार की आक्रामकता पर प्रधानमंत्री की चुप्पी पर सवाल खड़े किये तथा कहा कि चीन ने अरूणाचल के 15 स्थानों के नाम बदलकर दूसरे नाम रख दिये हैं तथा उसने भारतीय

- कांग्रेस ने सवाल उठाया कि, चीन लगातार अरूणाचल के क्षेत्रों को नए नाम दे रहा है और मोदी चुप क्यों हैं।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अपने समर्थकों को मंत्री बनाने में सफल रहे पायलट लेकिन डेढ़ साल से खुद रहे खाली हाथ

## क्या 2022 में कांग्रेस आलाकमान सचिन पायलट की राजनीतिक भूमिका तय करके राजस्थान में राजनीतिक टकराव को समाप्त करेगा?

जयपुर, 31 जनवरी (का.प्र.)। राजस्थान में जुलाई 2020 में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच राजनीतिक प्रतिद्वंदिता के बाद सचिन पायलट को उपमुख्यमंत्री तथा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का पद गंवाना पड़ा था। उन्हीं के साथ उनके समर्थक मंत्रियों रमेश मीणा और विश्वेंद्र सिंह को भी पद से हटा दिया गया था। इतना ही नहीं उनके समर्थकों ने जुलाई 2020 में सचिन पायलट को हटाए जाने के बाद इस्तीफे दिए थे, जिनमें सेवादल के अध्यक्ष राकेश पारीक और एनएसयूआई के अध्यक्ष अभिमन्यु पूनिया प्रमुख हैं। वहीं युवा कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में काम कर रहे मुकेश भाकर को भी उस समय हटा दिया गया था।

इन बातों को डेढ़ साल पूरा हो चुका है, लेकिन हाल ही हुए मंत्रिमंडल विस्तार में रमेश मीणा और विश्वेंद्र सिंह फिर मंत्री बनाए जा चुके हैं और पायलट कैंप के तीन अन्य चेहरे भी मंत्री बन चुके हैं। लेकिन सेवादल, एनएसयूआई और युवा कांग्रेस के अध्यक्ष पद से हटने वाले नेताओं को अभी तक कोई बड़ी जिम्मेदारी नहीं मिली है। हालांकि इनमें से दो, राकेश पारीक और मुकेश भाकर पार्टी के विधायक है। किन्तु बड़ा सवाल यह है कि सचिन पायलट के 4 समर्थकों को मंत्री बनाए जाने के बाद क्या मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उप मुख्यमंत्री पायलट के बीच राजनीतिक प्रतिद्वंदिता समाप्त हो चुकी है? इसका जवाब फिलहाल आना बाकी है और 2021 की समाप्ति के साथ यह भी तय हो चुका है कि फिलहाल सचिन पायलट खाली हाथ है। हालांकि इस दौरान उन्होंने राजस्थान में जहां भी दौरे किए,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कोटपूतली में धरने के नवें दिन महिलाओं ने भी मोर्चा संभाला

## महिलाओं का कहना है कि, जब रहने के लिए छत ही नहीं रहेगी तो सड़कों पर तो उतरना ही था

कोटपूतली, 31 दिसम्बर (निसं)। कोटपूतली में मास्टर प्लान के अनुरूप मुख्य सड़कों को चौड़ा करने को लेकर स्थानीय नगरपालिका मंडल कि कार्यवाही के खिलाफ नगर व्यापार महासंघ के बैनर तले पीड़ित व्यापारियों का धरना शुक्रवार को लगातार नौवें दिन भी पुरानी नगरपालिका तिराहे पर बदस्तूर जारी रहा।

कस्बे में विरोध लगातार बढ़ता जा रहा है। पहले केवल व्यापारी वर्ग ही धरना प्रदर्शन कर रहा था वहीं अब महिला शक्ति भी इस आन्दोलन का हिस्सा बन गई हैं। शुक्रवार को सरदार स्कूल के सामने रहने वाले मकानों से महिलाएं भी निकल कर धरना स्थल पहुंचीं, जहां उन्होंने व कार्यवाही धरनार्थियों ने पालिका अधिशाषी अधिकारी व गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव के खिलाफ जमकर नारे बाजी की। दरअसल महिलाओं का इस तरह खुले मंच पर आना और आन्दोलन की राह पकड़ना लाजमी है।

महिलाओं को कहना है कि जब रहने के लिए छत नहीं बचेगी, खाने के लिए रोजगार नहीं बचेगा तो आखिर सड़क पर उतरने के अलावा उनके पास चारा ही क्या बचा है। महिलाओं का कहना है कि उनका परिवार कई पीढ़ियों से सरदार स्कूल के सामने अपनी संरचनाओं में रहता आया है, किन्तु राजनैतिक द्वेष के चलते पालिका प्रशासन ना केवल बिना मुआवजा दिए उनकी रोजी-रोटी छीन रहा है, बल्कि उनके सिर की छत भी छीनी जा रही है।

आरोप है कि पालिका अधिशाषी अधिकारी द्वारा मास्टर प्लान के तहत की जाने वाली कार्यवाही को लेकर मंशा साफ नहीं है। सड़कों को चौड़ा करने को लेकर मुख्य चौराहे से नगरपालिका तिराहे तक डिवाईडर को आधार मान कर चिन्हीकरण किया गया है, जबकि सरदार स्कूल के सामने बिना कोई

- कोटपूतली का नगर व्यापार महासंघ शहर के मास्टर प्लान के अनुरूप मुख्य सड़कों को चौड़ा करने का विरोध कर रहा है। उनका आरोप है कि नगर पालिका की कार्यवाही भेदभावपूर्ण है।
- नगर व्यापार महासंघ का आरोप है कि उन्हें बिना कोई नोटिस दिए उनके भवन ध्वस्त किए जा रहे हैं।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पहले जिला अध्यक्ष बना दिया, अब राजनीतिक नियुक्ति भी उन्हीं लोगों को दे दी


जयपुर, 31 दिसम्बर (का.प्र.)। कांग्रेस पार्टी ने वर्ष 2021 के अंतिम दिन राजस्थान में राजनीतिक नियुक्तियां शुरू कर करते हुए सरकार के 20 सूत्रीय कार्यक्रम के 10 जिला उपाध्यक्ष बनाए हैं।

जिन लोगों को 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति का उपाध्यक्ष बनाया गया है, उनमें से 10 लोग वह है जो हाल ही जिला कांग्रेस के अध्यक्ष भी बनाए गए हैं। यानी कि कांग्रेस के अन्य कार्यकर्ताओं को राजनीतिक नियुक्ति देने के बजाय एक व्यक्ति दो पद के सिद्धांत पर काम किया गया है।

जिन लोगों को यह मौका मिला है इनमें अलवर के जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा, बारां के जिला अध्यक्ष रामचरण मीणा, बाड़मेर के जिला अध्यक्ष फतेह खान, दौसा के जिलाध्यक्ष रामजीलाल ओढ़, जैसलमेर के जिला अध्यक्ष उमेश सिंह तंवर, झालावाड़ के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह गुर्जर, जोधपुर के जिला अध्यक्ष सलीम खान ,नागौर के जिला अध्यक्ष जाकिर हुसैन गैसावत, राजसमंद के जिला अध्यक्ष हरि सिंह राठौड़ और सीकर की जिला अध्यक्ष सुनीता गठाला शामिल हैं।

- जिला कांग्रेस के 10 अध्यक्षों को बनाया 20 सूत्री कार्यक्रम का जिला उपाध्यक्ष।

इन नियुक्तियों से यह संकेत भी मिल रहा है कि आने वाले दिनों में भी जो राजनीतिक नियुक्तियां संभावित है, उनमें भी विधायक और पूर्व विधायकों सहित चुनाव लड़ने वाले नेताओं को ज्यादा मौके मिलने वाले हैं। या फिर उन लोगों को मौका मिलेगा, जो पहले भी राजनीतिक नियुक्तियों से नवाजे जा चुके हैं।






# प्रदेश में करोना संक्रमितों की संख्या में कमी आई

## राज्य में शुक्रवार को 208 नए संक्रमित मिले है, जबकि गुरूवार को 252 रोगी पाए गए थे

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** प्रदेश में शुक्रवार को करोना संक्रमण के मामलों में कमी आई है। इस दौरान राज्य में 208 नए संक्रमित मिले हैं। इनमें सबसे ज्यादा 98 रोगी जयपुर जिले में पाए गए हैं। हालाकि इस बीच उदयपुर में इस बीमारी से एक मरीज की मौत भी हुई है। उधर राज्य में एक्टिव केस बढ़कर साढ़े नौ सौ के पार हो गए हैं।

- **पिछले चौबीस घंटों में सबसे ज्यादा 98 नए संक्रमित जयपुर में और 50 मरीज जोधपुर में मिले हैं।**
- **उदयपुर में शुक्रवार को करोना से एक संक्रमित की मौत हुई है।**
- **राज्य में एक्टिव केस बढ़कर साढ़े नौ सौ के पार हो गए हैं, इनमे सर्वाधिक 613 मामले जयपुर में हैं।**

प्रदेश के 15 जिलों में शुक्रवार को करोना संक्रमण के 203 नए मामले सामने आए हैं। इससे पहले गुरूवार को 252 रोगी मिले थे। इधर आज फिर सबसे ज्यादा 98 नए संक्रमित जयपुर जिले में पाए गए हैं। हालाकि गुरूवार के मुकाबले में 87 मामले कम मिले हैं। इसके अलावा जोधपुर में 50, कोटा में 16, अलवर में 11, अजमेर व गंगानगर में 6-6, उदयपुर में 4, भीलवाड़ा, प्रतापगढ़ व सिरोही में 3-3, बीकानेर, दौसा व धौलपुर में 2-2 तथा सीकर और झुंझुनूं में 1-1 नया संक्रमित मिला है। धौलपुर जिले में आज कई दिनों बाद नये संक्रमित मिले हैं।

इधर राजधानी जयपुर में पिछले चौबीस घंटों में 28 इलाकों में नए संक्रमित मिले हैं। इनमें सबसे ज्यादा सोड़ाला व सी-स्कीम में 9-9 नए रोगी पाए गए हैं। वहीं लालकोठी व शास्त्रीनगर में 7-7, मानसरोवर व विद्याधर नगर में 6-6, टोंक रोड इलाके में 5, बनीपार्क में 4, दुर्गापुरा, गोपालपुरा, तिलक नगर, वैशाली नगर व झोटवाड़ा में 3-3, आदर्श नगर, अजमेर रोड, मालवीय नगर, एमडी रोड, राजापार्क व घाटगेट स्थित जिला जेल में 2-2 तथा प्रतापनगर, भांकरोटा, बह्मपुरी, गांधी नगर, जोरावर सिंह गेट, जवाहर नगर, महेश नगर और सुभाष चौक में 1-1 नया मरीज मिला है। वहीं 10 संक्रमित ऐसे है जिन्होंने अपना पता गलत लिखाया है।

राज्य के 18 जिलों में करोना का कोई भी नया मरीज नहीं मिला है। इनमें से 10 जिलों में फिलहाल न कोई नया संक्रमित है और न ही कोई एक्टिव केस बचा है। प्रदेश में शुक्रवार को 17 ही मरीज ठीक होने से रिकवरी रेट घटकर 98.96 फीसदी जबकि संक्रमण दर 0.60 पर आ गई है।

राज्य में लगातार रिकवरी कम होने से एक्टिव केस बढ़कर 963 हो गए है। इनमें सबसे ज्यादा 613 मामले जयपुर में है। इसके अलावा जोधपुर में 94, बीकानेर में 43, अजमेर में 38, अलवर में 30 कोटा में 29 और उदयपुर में 20 केस हैं। अन्य 16 जिलों में इससे कम एक्टिव मरीज हैं। प्रदेश में शुक्रवार को करोना से उदयपुर में 1 मरीज की मौत हो गई। इसके साथ ही अब तक इस बीमारी से 8964 लोगों की मौत हो चुकी है।

## वक्फ बोर्ड के सदस्यों की नियुक्ति के आदेश जारी

**जयपुर,** (का.प्र.)। राजस्थान सरकार की ओर से राजस्थान वक्फ बोर्ड के सदस्यों की पांच वर्ष के लिए नियुक्ति जारी कर दी है। अल्पसंख्यक मामलात और वक्फ विभाग के शासन सचिव की ओर से इस बारे में गजट नोटिफिकेशन शुक्रवार को जारी किया गया है। नोटिफिकेशन के अनुसार पूर्व सांसद अश्क अली टाक को (निर्विरोध निर्वाचित), विधायक रफीक मोहम्मद (निर्विरोध निर्वाचित), सैयद शाहिद हसन (निर्वाचित), शबीर अहमद शेख (निर्विरोध निर्वाचित), मोहम्मद यूनुस (निर्विरोध निर्वाचित), डॉ खानु खान बूधवाली (मनोनीत), रेशमा (मनोनीत सुन्नी), डॉ राणा जैदी (मनोनीत सुन्नी) और असलम शेर खान आरएएस अधिकारी को सदस्य मनोनीत किया है।

## नियुक्ति नहीं देने पर अवमानना नोटिस

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने अदालती आदेश के बावजूद अभ्यर्थी को कांस्टेबल पद पर नियुक्ति नहीं देने पर गृह सचिव, डीजीपी भर्ती और एसपी सवाई माधोपुर सहित अन्य से जवाब मांगा है। हाईकोर्ट की एकलपीठ ने यह आदेश दीपक कुमार मीणा की याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता आरपी सैनी ने अदालत को बताया कि कांस्टेबल भर्ती में विभाग ने याचिकाकर्ता की ऊंचाई कम नापी थी। इसके बाद हाईकोर्ट के आदेश के बाद पुनः नापी गई ऊंचाई अधिक निकली। इस पर हाईकोर्ट ने गत 29 जुलाई को आदेश जारी कर याचिकाकर्ता अभ्यर्थी को दो माह में नियुक्ति देने को कहा था।

## आचार्य महाश्रमण ने डॉ. सतीश पूनिया को उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया



**भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने शुक्रवार को उनके निवास पर आये आचार्यश्री महाश्रमण का परिवार सहित अभिनंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।**

**जयपुर।** तेरापंथ धर्मसंघ के एकादशमाधिशास्ता महातपस्वी आचार्यश्री महाश्रमणजी जयपुर के राणी सती नगर विहार (प्रवास)के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया के निवास स्थान पर आये। डॉ. पूनिया ने परिवार सहित आचार्यश्री का अभिनंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

आचार्य ने डॉ. पूनिया को मार्गदर्शन संदेश में कहा कि धर्म निरपेक्ष का मतलब है पंथ निरपेक्ष और पंथ निरपेक्ष में जरूरी है कि आप धार्मिक मूल्यों की रक्षा के लिए राजनीति करें, जिसमें सत्य, अहिंसा, शुचिता, मूल्य आधारित राजनीति समाज की सेवा के लिए हमारा ध्येय और लक्ष्य होना चाहिए। आचार्यश्री ने डॉ. पूनिया को उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

आचार्यश्री के जयपुर प्रवास पर डॉ. पूनिया जयपुर के महाप्रज्ञा इंटरनेशनल स्कूल से अजमेर रोड तक उनके साथ पैदल अहिंसा यात्रा में भी शामिल हुए।

आचार्यश्री को डॉ. पूनिया ने सुनील आंबेकर द्वारा लिखित पुस्तक "आरएसएस इन 21 सेंचुरी" सादर भेंट की। आचार्यश्री के प्रवास के दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री सीआर चौधरी, भाजपा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील कोठारी, पूर्व महापौर निर्मल नाहटा, उप महापौर पुनीत कर्नावट, युवा मोर्चा के सुमित अग्रवाल एवं तेरापंथी जैन समाज के प्रतिनिधि गौरव मांडोत, हितेश भांडिया,कमल डोशी, उम्मेद सिंह घोड़ावत, श्रेयांस डोशी, पूर्व विधायक अतर सिंह बढ़ाना, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष माधोराम चौधरी, प्रदेश मंत्री अशोक सैनी इत्यादि भी उपस्थित रहे।

## 'साइबर सुरक्षा पोस्टर' का विमोचन




**आवास फाइनेंसर्स लिमिटेड के सी.एस.आर. प्रोग्राम में आवास फाउंडेशन एवं सरदार पटेल पुलिस विश्वविद्यालय और आपराधिक न्याय जोधपुर की ओर से साइबर क्राइम व साइबर सुरक्षा के लिए पोस्टर का विमोचन पुलिस विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर आलोक त्रिपाठी महानिदेशक पुलिस एम.एल. लाठर ने किया। साइबर क्राइम व साइबर सुरक्षा जागरूकता के लिए के लिए आमजन को संवेदनशील बनाने के लिये इस अभियान का शुभारम्भ किया गया है। इस अभियान के तहत आमजन के साथ पुलिस एवं युवाओ को साइबर सुरक्षा के लिए जागरूक करने के लिए अभियान की शुरुआत की गयी। इसी तत्वाधान में राजस्थान राज्य के सभी थानों में साइबर सुरक्षा से सम्बंधित पोस्टर लगाए जायेंगे।**

## प्रदेश के बाहर का दिव्यांग प्रमाण पत्र मान्य क्यों नहीं : हाईकोर्ट

**जयपुर।** हाईकोर्ट ने तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती-2018 से जुड़े मामले में शिक्षा सचिव और प्रारंभिक शिक्षा निदेशक सहित अन्य से पूछा है कि भर्ती में प्रदेश के बाहर के दिव्यांग प्रमाण पत्र को मान्यता क्यों नहीं दी गई है। इसके साथ ही अदालत ने एक पर याचिकाकर्ता के लिए रिक्त रखने को कहा है। हाईकोर्ट की एकलपीठ ने यह आदेश दीपक त्यागी की याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता का शिक्षक भर्ती में दिव्यांग कोटे में चयन हो गया था। वहीं विभाग ने उसे यह करते हुए नियुक्ति से मना कर दिया कि उसका दिव्यांग प्रमाण पत्र प्रदेश के बाहर का है। याचिका में कहा गया कि दिव्यांग अधिनियम केन्द्र सरकार का बनाया हुआ है और यह पूरे देश में समान रूप से लागू होता है। ऐसे में भर्ती में उसे इस आधार पर नियुक्ति से वंचित नहीं किया जा सकता कि उसका दिव्यांग प्रमाण पत्र प्रदेश के बाहर का है। इस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब करते हुए याचिकाकर्ता के लिए एक पद रिक्त रखने को कहा है।

# पचास लाख रुपए तक के फ्लैट्स पर स्टांप ड्यूटी में रियायत 31 मार्च तक बढ़ाई

**जयपुर,** (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बहुमंजिला भवनों में 50 लाख रूपए मूल्य तक के फ्लैट्स के विक्रय दस्तावेजों पर स्टाम्प ड्यूटी में दी गई 2 प्रतिशत की रियायत की अवधि 31 मार्च, तक बढ़ ाने की मंजूरी दी है।

उल्लेखनीय है कि कोविड महामारी के आर्थिक प्रभाव के दृष्टिगत मुख्यमंत्री ने सर्वप्रथम 30 जून, 2021 तक यह रियायत प्रदान की थी। आमजन को मिल रही राहत को देखते हुए इसे पहले 30 सितम्बर, 2021 तक तथा इसके बाद 31 दिसम्बर, 2021 तक बढ़ ाया गया था।

उल्लेखनीय है कि 50 लाख रूपए मूल्य तक के फ्लैट्स के पंजीयन के लिए प्राप्त दस्तावेजों का औसत विगत तीन वर्षों में 4.21 प्रतिदिन तथा राजस्व आय का औसत 10.40 लाख रूपए प्रतिदिन रहा है। वर्ष 2021-22 में 24 फरवरी, 2021 को रियायत की अधिसूचना जारी होने की दिनांक से 10 माह की अवधि में 50 लाख रूपए तक के फ्लैट के दस्तावेजों का प्रतिदिन का औसत 54 तथा प्रतिदिन का राजस्व औसत 82.43 लाख रूपए है, जो दस्तावेजों की संख्या के मामले में 13 गुना एवं राजस्व के मामले में 8 गुना वृद्धि को दर्शाता है। इस वर्ष के बजट में बहुमंजिला भवनों में 50 लाख रूपए तक के फ्लैट्स के विक्रय दस्तावेजों पर दी गई इस रियायत से आमजन को काफी राहत मिली है और राजस्व में भी बढ़ोतरी हुई है।

वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग के बकाया प्रकरणों में स्टांप ड्यूटी पर देय ब्याज एवं शास्ति में रियायत के लिए विशेष राहत (एमनेस्टी) योजना को मंजूरी दी है। यह योजना 1 जनवरी, से 31 मार्च, तक प्रभावी रहेगी।


## कार्यालय नगर परिषद, टोंक

क्रमांक- एमसीटी/स्टेट ग्रान्ट शाखा/2021-22/ दिनांक-

### इश्तेहार उज्र आपत्ती

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रशासन शहरों के संग अभियान-2021 दिनांक 02.10.2021 के अन्तर्गत राज्य सरकार के दिशा निर्देशों में नगर परिषद में स्टेट ग्रान्ट एक्ट 1961 के अन्तर्गत पट्टा चाहने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिनका विवरण निम्नानुसार है यदि इस कार्य से किसी आम व खास को कोई उज्र/आपत्ती हो तो परिषद में 7 दिवस के अन्दर-अन्दर अपनी आपत्ती मय सबूत दस्तावेज के साथ प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद गुजरने मियाद पर किसी भी उज्र/ आपत्ती पर कोई विचार नहीं किया जावेगा और नियमानुसार पट्टे जारी करने की कार्यवाही की जायेगी।

| क्र.सं. | आवेदक का नाम | पता | वार्ड |
|---|---|---|---|
| 1 | कमर मिया/स्व. सिराजुद्दीन | शर्गिद पेशा, टोंक | 25 |
| 2 | रामदेवा/रोडू माली | सरवराबाद, टोंक | 60 |
| 3 | कालू/लक्ष्मीनारायण माली | सरवराबाद, टोंक | 60 |
| 4 | सलमा निसार/निसार | मेहन्दी बाग, टोंक | 14 |
| 5 | हसीन अहमद/अकील अहमद खां | बावडी रोड, टोंक | |
| 6 | शोएब अहमद/अकील अहमद | बावडी रोड, टोंक | |
| 7 | अनवर अहमद/अकील अहमद | पांच बत्ती, टोंक | |
| 8 | रिजवान अहमद/अकील अहमद | पांच बत्ती, टोंक | |
| 9 | सुरेश सैनी/फाथू सैनी | बीखापुरा, टोंक | 02 |
| 10 | नाथूलाल सैनी/कल्याण मल | बीखापुरा, टोंक | 02 |
| 11 | शोजी लाल/जमना लाल | नायको का मोहल्ला छावनी, टोंक | 58 |
| 12 | रामअवतार बैरवा/भूरा | बिखापुरा, टोंक | 02 |
| 13 | सायर लाल कीर/नाथू कीर | बहीर, टोंक | 01 |
| 14 | चान्दमल सैनी/कान्हाराम | बिखापुरा, टोंक | 02 |
| 15 | रामस्वरूप सैनी/किशना | बीखापुरा, टोंक | 02 |
| 16 | शान्ति सैनी/स्व. रामदेव सैनी | पुरानी टोंक | 09 |
| 17 | फरीद मिया/मो. रफीक | बडा कुआ, टोंक | 25 |
| 18 | मेहरून्निसा/स्व. मो. कफील | शर्गिद पेशा बडा कुआ, टोंक | 25 |
| 19 | सुरेश कुमार सिसोदिया/सूरजमल बैरवा | पुलिस लाईन खोजा बावडी, टोंक | 49 |
| 20 | गुलाब चंद बैरवा/नारायण बैरवा | बैरवा बस्ती बहीर, टोंक | 07 |
| 21 | फुलचंद बैरवा/नारायण बैरवा | बैरवा बस्ती बहीर, टोंक | 07 |
| 22 | मासूम अली/फहीमुद्दीन | पुरानी टोंक | 43 |

आयुक्त
नगर परिषद, टोंक


## कोविड हैल्थ कंसलटेंट एवं कोविड स्वास्थ्य सहायकों की नियोजन अवधि बढ़ाई

**जयपुर,** (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कोविड की वर्तमान स्थिति एवं तीसरी लहर की आशंका के दृष्टिगत कोविड हैल्थ कंसलटेंट एवं कोविड स्वास्थ्य सहायकों की नियोजन अवधि तीन माह जनवरी, से मार्च, तक बढ़ ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

गहलोत की इस मंजूरी से कोविड-19 की तीसरी लहर की रोकथाम, संक्रमण के प्रसार को सीमित करने तथा प्रदेश में डोर-टू-डोर सर्वे एवं दवाई वितरण के कार्य को सुचारू रूप से संचालित किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने कोविड हैल्थ कंसलटेंट एवं कोविड स्वास्थ्य सहायकों के मानदेय का भुगतान केंद्र के 15वें वित्त आयोग की भांति राज्य वित्त आयोग के तहत पंचायती राज संस्थाओं या स्थानीय निकाय संस्थाओं को मिलने वाले अनुदान से करने की मंजूरी भी प्रदान की है।


### तीये की बैठक



अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि मेरी धर्मपत्नी श्रीमती मधु कंवर का स्वर्गवास दिनांक 30.12.2021 को हो गया है। तीये की बैठक 01.01.2022 को सायं 3.00 से 4.00 बजे तक निवास स्थान- 27-ए, कृष्णापुरी, राकंडी, नवजीवन स्कूल के पास, सोडाला, जयपुर पर होगी। शोकाकुल- डॉ. महेन्द्र सिंह भाटी (पति), करण सिंह भाटी (पुत्र), युवराज सिंह (पौत्र) एवं समस्त भाटी परिवार। मो. 9829199196, 8890462152



नम्बर मिलाइए
9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# सभी उपाय सुनिश्चित कर करोना की स्प्रेडिंग रोकें : मुख्यमंत्री

**जयपुर,** (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने विगत दिनों से जयपुर में बढ़ कोविड संक्रमण पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए निर्देश दिए हैं कि सभी प्रभावी उपाय सुनिश्चित कर राजधानी सहित सम्पूर्ण प्रदेश में कोरोना की स्प्रेडिंग को रोका जाए। उन्होंने कहा कि कोविड एप्रोप्रिएट बिहेवियर की पालना नहीं हुई तो सरकार 3 जनवरी से सख्त एवं एहतियाती कदम उठाने को मजबूर होगी। गहलोत ने कहा कि पहली लहर के समय जिस मुस्तैदी से रामगंज एवं भीलवाड़ा में कोरोना संक्रमण रोका गया था, उसी गंभीरता से हमें अब भी संक्रमण को रोकना है। संक्रमण की घातकता से बचाने में वैक्सीन सबसे कारगर है। ऐसे में 31 जनवरी तक सभी पात्र लोगों को दूसरी डोज अनिवार्य रूप से लगाई जाए। इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

- **'कोविड प्रोटोकॉल की पालना नहीं करने पर 3 जनवरी से होगी सख्ती'**

गहलोत शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास से वीसी के माध्यम से जयपुर में कोविड केसेज की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोगों में यह भ्रांति है कि ओमिक्रॉन वैरिएंट कम घातक है, जबकि वास्तविकता में यह बहुत तेजी से फैलने वाला वायरस है। चिकित्सा विशेषज्ञों का मानना है कि जिन वायरस की प्रसार क्षमता (आर वैल्यू) अधिक होती है, उनमें बदलाव (म्यूटेशन) भी शीघ्र होता है। जैसा कि दूसरी लहर के समय देखने में आया था। अल्फा वैरिएंट से म्यूटेट होकर कब डेल्टा वैरिएंट सामने आ गया, पता ही नहीं चला और इस खतरनाक वायरस ने पूरे विश्व में भयंकर तबाही मचा दी। ऐसे में यह नहीं कहा जा सकता कि ओमिक्रॉन वायरस कब घातक रूप ले ले और हमारे सामने गंभीर चुनौती खड़ी हो जाए। ऐसे में पूरी सजगता और सतर्कता बरतना जरूरी है। कोविड प्रोटोकॉल की प्रभावी पालना ही हमें तीसरी लहर से बचाएगी।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि संक्रमण का समय पर पता लगाकर इसका प्रसार रोकने के लिए टेस्टिंग बढ़ाएं और सघन कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन इलाकों में अधिक केस आ रहे हैं, वहां कन्टेनमेंट जोन की व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जयपुर सहित सम्पूर्ण प्रदेश में अभियान चलाकर शत-प्रतिशत लोगों को दूसरी डोज लगाने के लिए प्रेरित किया जाए। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि वे 31 जनवरी तक सम्पूर्ण वैक्सीनेशन आवश्यक रूप से कराएं।

चिकित्सा मंत्री परसादीलाल मीणा ने कहा कि भारत सरकार ने कोविड केसों की बढ़ ती संख्या को देखते हुए 8 राज्यों में सख्त उपाय बरतने के निर्देश दिए हैं। राजस्थान भी इनमें शामिल है। चिकित्सा विभाग प्रदेशभर में टेस्टिंग सहित तमाम व्यवस्थाओं को मजबूत कर रहा है।

कृषि मंत्री लालचंद कटारिया, जलदाय मंत्री डॉ. महेश जोशी, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव, विधायक अमीन कागजी, रफीक खान, महापौर जयपुर हैरिटेज मुनेश गुर्जर, महापौर जयपुर ग्रेटर शील धाबाई ने भी विचार व्यक्त किए।

प्रमुख शासन सचिव गृह अभय कुमार ने बताया कि जयपुर में संक्रमण का प्रसार रोकने के लिए कंटेनमेंट जोन, नाइट कर्फ्यू, होम क्वारंटीन आदि व्यवस्थाओं को पहले की तरह प्रभावी बनाना होगा। साथ ही, अंतिम संस्कार, शादी समारोह, धार्मिक स्थल सहित अन्य भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर लोगों की संख्या को और सीमित किया जा सकता है।

बैठक में मुख्य सचिव निरंजन आर्य, पुलिस महानिदेशक एमएल लाठर, अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं जयपुर जिला प्रभारी सचिव सुधांश पंत, जिला कलेक्टर अन्तर सिंह नेहरा एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुधीर भण्डारी, चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. वीरेन्द्र सिंह, आरयूएचएस अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अजीत सिंह सहित अन्य चिकित्सा विशेषज्ञों, प्रमुख शासन सचिव वित्त अखिल अरोरा, जयपुर पुलिस आयुक्त आनंद श्रीवास्तव, शासन सचिव स्वायत्त शासन भवानी सिंह देथा, जेडीसी गौरव गोयल, नगर निगम आयुक्त जयपुर ग्रेटर यज्ञमित्र सिंह, नगर निगम आयुक्त जयपुर हैरिटेज अवधेश मीणा, सीएमएचओ डॉ. नरोत्तम शर्मा एवं डॉ. हंसराज बधालिया सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी और चिकित्सा विशेषज्ञ उपस्थित थे।

## 'बायोमास आधारित ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना के लिये भू उपयोग परिवर्तन की आवश्यकता नहीं'

**जयपुर,** (का.सं.)। प्रदेश में किसानों एवं बायोमास से ऊर्जा विकासकर्ताओं की कृषि भूमि पर बायोमास आधारित ऊर्जा संयंत्र यथा बायोमास ऊर्जा संयंत्र, बायोमास गैसीफायर आधारित ऊर्जा संयंत्र, बायो गैस आधारित ऊर्जा संयंत्र एवं बायो सीएनजी सीबीजी आदि ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना के लिये अब कृषि भूमि के भू उपयोग परिवर्तन की आवश्यकता नहीं होगी।

- **राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 2007 में सौर एवं पवन ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना पर ही इस प्रकार की छूट उपलब्ध थी, जिसका दायरा बढ़ाया गया है : डॉ. अग्रवाल**

अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा तथा राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ सुबोध अग्रवाल ने बताया कि राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 2007 में कृषि भूमि पर सौर एवं पवन ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना पर ही इस प्रकार की छूट उपलब्ध थी, जिसका दायरा बढ़ाकर अब इसमें बायोमास आधारित ऊर्जा संयंत्रों को भी शामिल कर लिया गया है।

डॉ अग्रवाल के अनुसार इस संशोधन के जारी होने से प्रदेश में वर्तमान में पंजीकृत लगभग 162 मेगावाट क्षमता के बायोमास आधारित ऊर्जा संयंत्रों के लिए कृषि भूमि के भू उपयोग परिवर्तन करवाने की आवश्यकता नहीं होगी। बायोमास आधारित ऊर्जा उत्पादकों को भू उपयोग परिवर्तन शुल्क में राहत मिलने के साथ-साथ उनके समय की भी बचत होगी।


### राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-भिवाडी
-: आवश्यक सूचना :-

मूलतः आवास संख्या 2/43 अरावली विहार योजना भिवाडी श्री शिवराम सिंह पाल को आवंटन पत्र क्रमांक 2119 दिनांक 24.09.2010 के द्वारा आवंटित किया गया था। मण्डल द्वारा इनके पक्ष में अदेय प्रमाण पत्र क्रमांक 5004 दिनांक 04.03.2011 को जारी किया जा चुका है। इनके द्वारा उक्त आवास की रजिस्ट्री स्वयं के पक्ष में दिनांक 04.03.2011 को उप पंजियक भिवाडी में पंजिकृत करवाई जा चुकी है। इनके द्वारा आवास का बेचान दिनांक 04.03.2011 के पंजीकृत विक्रय पत्र द्वारा श्रीमती सुमन लता पत्नी श्री राकेश भारद्वाज को किया गया। श्रीमती सुमन लता द्वारा उक्त आवास का बैचान दिनांक 19.09.2012 के पंजीकृत विक्रय पत्र द्वारा श्रीमती इन्दूबाला पत्नी श्री वेदप्रकाश को किया गया है। श्रीमती इन्दूबाला द्वारा स्वयं के नाम से आवास का लीज डीड परिवर्तन करने के लिए प्रपत्र एवं प्रशासनिक शुल्क मध्यम आय वर्ग दो बार विक्रय का राशि रूपये 20000.00 जमा हो चुके है व आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि उक्त मकान का लीज स्थानान्तरण उनके पक्ष में किया जावे। अतः जरिये इस विज्ञप्ति यह आगाह किया जाता है कि उक्त मकान संख्या 2/43 अरावली विहार, राजस्थान हाउसिंग बोर्ड, भिवाडी के संबंध में किसी प्रकार का किसी भी व्यक्ति विशेष या हितकारी को एवं आम व्यक्ति को उजर एतराज हो तो वह इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 10 दिवस में आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल खण्ड भिवाडी में अपना एतराज लिखित में प्रस्तुत करें अन्यथा श्रीमती इन्दूबाला पत्नी श्री वेदप्रकाश के पक्ष में मकान संख्या 2/43 अरावली विहार, राजस्थान हाउसिंग बोर्ड, भिवाडी जिला अलवर के लीज स्थानान्तरण की कार्यवाही की जावेगी।

आवासीय अभियन्ता
राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-भिवाडी

# ओपन लाइव बैठक में मंत्री उलझे

## मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने हस्तक्षेप कर मामला शांत किया

- स्वास्थ्य मंत्री परसादीलाल मीणा और खाद्य मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने सामूहिक आयोजनों पर रोक लगाने को लेकर एक-दूसरे की बात का विरोध किया
- जलदाय मंत्री महेश जोशी ने भी धार्मिक स्थल बंद करने के सुझाव का विरोध किया
- मुख्यमंत्री गहलोत ने जयपुर में करोना की जांच कम होने पर नाराजगी जताई

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर में करोना के बढ़ते मामलों की रोकथाम के लिए शुक्रवार को सीएमआर में बुलाई ओपन लाइव बैठक में स्वास्थ्य मंत्री परसादीलाल मीणा और खाद्य मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास सामूहिक आयोजनों पर रोक लगाने की बात पर आपस में उलझ गए। इस दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने हस्तक्षेप कर मामला शांत किया।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में मंत्रियों के मतभेद सामने आए। स्वास्थ्य मंत्री परसादीलाल मीणा ने कहा कि 31 दिसंबर की रात की पार्टियों को छूट देने का पब्लिक मैसेज ठीक नहीं है। लोग निगेटिव कमेंट कर रहे हैं। इस पर रोक होनी चाहिए। स्वास्थ्य मंत्री की इस बात का विरोध करते हुए खाद्य मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास ने कहा कि जयपुर का मैसेज पूरे प्रदेश पर होता है। ऐसे कैसे बंद कर देंगे, आप न्यू ईयर पार्टियों पर रोक लगाकर देख लो, कौन आपकी बात मानेगा। यंगस्टर्स तो पहले वाली मीटिंग का भी इंतजार कर रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री ने कहा कि शादियों में 200 लोग का ही प्रावधान रखें या कम करें। इस पर खाद्य मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास ने शादियों में 200 लोगों से कम की लिमिट के सुझाव का खुलकर विरोध किया। उन्होंने कहा कि इससे गरीब मारे जाएंगे। शादियों की बजाय तो धार्मिक स्थल बंद कर देने चाहिए। इस सुझाव का जलदाय मंत्री महेश जोशी ने विरोध जताते हुए कहा कि हमने न्यू ईयर सेलिब्रेशन की छूट दी है और 3 जनवरी से धार्मिक स्थल बंद करेंगे तो इसका गलत मैसेज जाएगा। धार्मिक स्थल अभी बंद नहीं करने चाहिए। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों को पाबंद कर दीजिए कि कोई शादी में नहीं जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि धार्मिक केंद्रों को बंद करने का और नए साल की पार्टी में छूट का लिंक नहीं हुआ। इस पर महेश जोशी ने कहा कि लिंक नहीं है लेकिन ट्वीटर और फेसुबक पर यही चलेगा कि 31 की पार्टियों की छूट दे दी और धार्मिक केंद्र बंद कर रहे हैं। इस बीच खाचरियावास ने स्कूल बंद करने की बात कही। बैठक में मंत्रियों को आपस में उलझते देख मुख्यमंत्री ने कहा कि एक लाख 90 हजार से ज्यादा लोग इस मीटिंग को लाइव देख रहे हैं। आप सबकी भावना पब्लिक तक पहुंच गई है, सरकार फैसला कर लेगी।

बैठक में मुख्यमंत्री ने जयपुर में करोना की जांच कम होने पर नाराजगी भी जताई। उन्होंने कहा कि जब कम केस आ रहे थे तभी इतनी ही जांचें हो रही थी अब 185 मामले आ रहे है तब भी इतनी ही जांच हो रही है। उन्होंने अधिकारियों से पूछा कि टेस्टिंग की संख्या कौन तय करता है। इस पर सीएमएचओ डॉ. नरोत्तम शर्मा ने इस संबंध में जानकारी दी। गहलोत ने कहा कि ये सिर्फ आपके फॉमूले हैं, आप बताओं की सैम्पल क्यों नहीं बढ़ा रहे हो। उन्होंने चेताया कि इसका हल्के में न लिया जाए। सीएम ने कहा कि जयपुर में कोविड टीकाकरण की बेहतर स्थिति है वरना करोना का बड़ा विस्फोट हो जाता। बैठक में जिला कलैक्टर अंतर सिंह नेहरा ने बताया कि जयपुर शहर में घर-घर जाकर टीकाकरण किया जाएगा। 181 हैल्पलाइन नम्बर पर अनुरोध आने पर टीकाकरण कराया जा रहा है। इस पर मुख्यमंत्री ने कलैक्टर से पूछा कि इस पर कितने अनुरोध आए हैं, तो कलैक्टर नेहरा इसकी जानकारी नहीं दे पाए। बाद वैभव गालरिया ने बात संभालते हुए कहा कि अब तक 244 अनुरोध आए जिनमें से 136 को वैक्सीन लगाई है। इनमें से 65 लोग संतुष्ट नहीं है। महेश जोशी ने कई अधिकारियों को कहा आपकी व्यवस्था क्लियर नहीं है।

## 'जल जीवन मिशन के लक्ष्यों को समय पर पूरा करने के लिए प्लानिंग करे'

**जयपुर**। जलदाय विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) सुधांश पंत ने प्रदेश में जल जीवन मिशन (जेजेएम) के तहत हर घर जल कनेक्शन देने के लिए जिन परियोजनाओं में कार्यादेश जारी हो गए है, उनको समयबद्ध रूप से पूरा करने के लिए अधिकारियों को सभी पक्षों के साथ नियमित बैठक एवं सतत समन्वय से प्लानिंग बनाते हुए आगे बढ़ने के निर्देश दिए हैं। पंत ने शुक्रवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग (वीसी) के माध्यम से जेजेएम की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अब तक प्रदेश में करीब 28 लाख हर घर जल कनेक्शन के कार्यादेश जारी हो चुके है, इनके कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूरा करने की ठोस रणनीति बनाई जाए। एसीएस ने कहा कि प्रदेश में जेजेएम के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए नए वर्ष की शुरूआत से अब सवा दो साल का समय शेष बचा है। इस अवधि में ग्रामीण क्षेत्रों में सभी लक्षित परिवारों को 'हर घर जल' कनेक्शन मुहैया कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## एलआईसी डिजी ज़ोन का शुभारंभ किया




**जयपुर**, (का.सं.)। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने अपने ग्राहकों के लिए विक्रय और सेवाओं का उन्नत करने के लिए एलआईसी डिजी ज़ोन शुभारंभ किया। यह उद्घाटन एलआईसी अध्यक्ष एम.आर.कुमार के प्रबंध निदेशक राज कुमार, सिद्धार्थ मोहनती, बी.सी.पटनाईक तथा सी. विकास राव, क्षेत्रीय प्रबंधक, पश्चिम क्षेत्र और निगम के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। एलआईसी तक तकनीक संचालित जीवन बीमाकर्ता बनने के उद्देश्य से, भवन में स्थापित कियोस्क के माध्यम से अपने उत्पादों और सेवाओं से संबंधित जानकारी प्रदान करेगी। ग्राहक ऑनलाइन पालिसी खरीदने, प्रीमियम का भुगतान करने और अन्य सेवाओं का भी लाभ उठाने के लिए एलआईसी के डिजी जोन का उपयोग कर सकते हैं। उद्घाटन के तुरंत बाद , नए एलआईसी ड़िजी जोन में डिजिटल व्यवहार करने वाले प्रत्यक्ष ग्राहकों से संचालन क्रियान्वित हुआ। इस अवसर पर एम.आर.कुमार ने कहा, एलआईसी डिजी जोन का शुभारंभ हमारे निगम के लिए एक महत्वपूर्ण दिवस है। एलआईसी ने विकास की गति में तेजी, ग्राहक संतुष्टि में वृद्धि तथा मध्यस्थ उत्पादकता एवं विश्वसनीयता में सुधार के विभिन्न लाभों को उन्मुक्त करने के लिए डिजीटल रुपांतरण की अगली पहल के आरंभ की योजना बनाई है।

# तीन बदमाशों से कैब चालक का अपहरण कर नकदी छीनी

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर में कैब चालक युवक का अपहरण कर बंधक बनाकर लूटने की बड़ी वारदात सामने आई है। मामले के अनुसार बुधवार रात करीब 11 बजे सिंधी कैंप पर तीन युवकों ने सिरसी रोड जाने के लिए दौसा निवासी सूरजमल सैनी की कैब बुक की। रात करीब बारह बजे कैब चालक सिरसी रोड जाने के लिए तीनों युवकों को लेकर निकला। थोड़ी ही दूर जाकर दो सवारियों ने कार साइड में रुकवाई। टॉयलेट करने के लिए कार से उतरे। जैसे ही दोनों उतरे तो तीसरा युवक भी उतर गया। उसके बाद तीनों ने कैब चालक को कार से बाहर निकाला और उसे जमकर पीटा।

बदमाशों ने कैब चालक के हाथ, पैर और मुंह बांधकर उसे कार के पिछले हिस्से में सीट के नीचे पटक दिया। बदमाशों ने उसे घंटों उसकी ही कार में पिछली सीट के नीचे बंधक बनाए रखा, उसके ही पेटीएम से पासवर्ड पूछकर हजारों रुपयों का डीजल भराया। उसके बाद उससे कैश, मोबाइल और अन्य दस्तावेज छीनकर उसे पूरे शहर में घुमाते हुए तीनों बदमाश दिल्ली रोड तक ले गए। फिर बदमाश कैब चालक को सीकर के पाटन इलाके में सड़क पर पटक कर फरार हो गए। कैब चालक ने सीकर के पाटन में जीरो एफआईआर दर्ज करवाई और उसके बाद कल सिंधी कैंप थाने में मामला दर्ज हुआ। सिंधी कैंप थाना पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

कैब चालक को बदमाश देर रात पूरे शहर में घुमाते हुए दिल्ली रोड की तरफ ले गए मगर शहर में जगह जगह नाकाबंदी और नाइट कर्फ्यू के के बावजूद किसी भी जगह पर पुलिस ने नहीं रोका। सिंधी कैंप थानाधिकारी गुंजन सोनी ने बताया कि दौसा निवासी सूरज मल सैनी जयपुर और आसपास के क्षेत्र में टैक्सी चलाता था। उसके पास स्विफ्ट डिजायर कार है जो कुछ समय पहले ही खरीदी गई थी।

बुधवार की रात बदमाशों ने कैब चालक सूरज मल सैनी का अपहरण किया और दिल्ली रोड की तरफ ले गए और चालक को सीकर के पाटन इलाके में चलती कार से सडक पर फेंक दिया। उसके पास से पांच हजार रुपए, मोबाइल और पर्स एवं उसके दस्तावेज लूट लिए। उसने जैसे-तैसे पुलिस को सूचना दी। चौबीस घंटे से भी ज्यादा समय से पुलिस लूटी गई कैब और बदमाशों की तलाश कर रही है लेकिन लुटेरों को पता नहीं लग सका है।

## कामाक्षी चंदेल ने जीता स्वर्ण पदक



**जयपुर** (कासं)। सीकर के विद्या भारती पब्लिक स्कूल तोड़ी नगर में आयोजित 29वीं सब जूनियर कैडेट राजस्थान स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप में जयपुर की कामाक्षी चंदेल ने सब जूनियर की 24 किलो वेट कैटेगरी में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता है।

## 'गुढ़ा वेस्ट में लिग्लाइट खनन और पॉवर प्लांट्स का रोडमैप बनेगा'

**जयपुर**। प्रदेश के लिए नए साल के लिए विद्युत क्षेत्र के लिए खुशखबरी हो सकती है कि राज्य सरकार लिग्नाइट आधारित गुढ़ा वेस्ट में थर्मल पॉवर प्लांट लगाने के संभावित संभावनाओं के प्रति गंभीर हो गई है। अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा डॉ. सुबोध अग्रवाल ने आज विद्युत भवन में एनर्जी और माइंस से जुड़े उच्चाधिकारियों की बैठक में संभावित विकल्पों पर विचार विमर्ष किया।

एसीएस माइंस, पेट्रोलियम और एनर्जी डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया कि राज्य में गुढ़ा वेस्ट में 10 लाख प्रतिटन लिग्नाइट उत्पादन क्षमता की माइनिंग राजस्थान राज्य माइंस व मिनरल के पास उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि 2005 से आवंटित गुढ़ा वेस्ट माइंस में लिग्नाइट का खनन और उस लिग्नाइट का वहां पर ही 125 से 135 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता का प्लांट लगाने की योजना थी जो किन्हीं कारणों से धरातल पर नहीं आ सका है। उन्होंने बताया कि इस माइंस में लिग्नाइट का खनन और उससे पावर प्लांट लगाकर बिजली उत्पादन के संभावित चार विकल्पों पर आज विचार किया गया।

एसीएस डॉ. अग्रवाल ने राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम, राजस्थान ऊर्जा विकास निगम और राजस्थान माइंस एवं मिनरल्स को इसके लिए रोडमेप बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि इसी क्षेत्र में पहले से ही गुढ़ा ईस्ट में भारत सरकार की नेवेली लिग्नाइट द्वारा खनन और पावर प्लांट में विद्युत उत्पादन हो रहा है। इसी तरह से बरसिंगसर में निजी क्षेत्र में विद्युत उत्पादन किया जा रहा है।

चेयरमैन डिस्काम्स भास्कर ए सावंत ने बताया कि गुढ़ा वेस्ट में राज्य सरकार की लिग्नाइट माइन में खनन और विद्युत उत्पादन का संयुक्त कार्य होने से प्रदेश में विद्युत उत्पादन क्षमता में बढ़ोतरी हो सकेगी।

## सार-समाचार

### महर्षि बालीनाथ की जयंती मनाई




**जयपुर** (कासं)। अखिल भारतीय बैरवा महासभा जयपुर की ओर से शुक्रवार को महेश नगर स्थित गार्डन में बैरवा दिवस एवं महर्षि बालीनाथ महाराज जयंती मनाई गई। प्रदेश महामंत्री एडवोकेट मोहन प्रकाश बैरवा ने बताया कि समारोह में राष्ट्रीय अध्यक्ष हरि नारायण बैरवा, राज्यसभा सांसद रामकुमार वर्मा, निवाई-पीपलू विधायक प्रशांत बैरवा, रोडू राम सुलानिया, उपाध्यक्ष वेद प्रकाश वर्मा, पार्षद उषा टाटीवाल, पार्षद हेमराज बैरवा, पार्षद काजल बैरवा मौजूद थे। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने समाज में फैली कुरीतियां त्यागने पर बल दिया। सांसद रामकुमार वर्मा ने भारत सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी, निवाई विधायक प्रशांत बैरवा ने युवाओं को संगठन से जुड़कर समाज में संगठित रहने के लिए कहा। प्रदेश महामंत्री एडवोकेट मोहन प्रकाश बैरवा ने सभी समाज बंधुओं को संगठन के बारे में विस्तार से बताया बाबा साहेब के सिद्धांतों को अपनाने पर बल दिया।

### पावरग्रिड ने मनाया वर्षगांठ समारोह




**जयपुर**। पावरग्रिड के उत्तरी क्षेत्र-1 विभिन्न उपकेन्द्रों में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत एक राष्ट्र-एक ग्रिड-एक फ्रिक्वेंसी की उपलब्धि का वर्षगांठ समारोह का आयोजित किया गया। इस अवसर पर दिल्ली में स्थित महारानीबाग उपकेन्द्र, हरियाणा में कुरुक्षेत्र, जीआईएस गुरुग्राम उपकेन्द्र, राजस्थान में भिवाडी, चित्तौडगढ़ एवं बीकानेर उपकेन्द्र तथा उत्तराखण्ड में कोटेश्वर एवं रुडकी की उपकेन्द्रों में वृहद चिकित्सा कैम्पों का आयोजन किया गया, जिसमें उपकेन्द्र के निकटवर्ती ग्रामों एवं आसपास की आबादी को निशुल्क चिकित्सकीय सलाह प्रदान कर लाभांवित किया गया। इस पुनीत अवसर पर जन भागीदारी के माध्यम से उ. क्षे.1 के समस्त उपकेन्द्रों में 500 से अधिक पौधों एवं फलदार वृक्षों का रोपण कार्य किया गया। इस सुअवसर पर शाम को उपरोक्त कार्यालयों सहित उ. क्षे. 1 के समस्त कार्यालयों के भवनों को आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष के उपलक्ष्य में तिरंगे के आकार में विद्युत प्रकाश से प्रकाशमान कर सुशोभित किया गया।

### चूड़ी कारखाने से 12 बालश्रमिक छुड़ाए

**जयपुर**। राजधानी जयपुर के ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र से 12 बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया हैं। बचपन बचाओ आन्दोलन के देशराज सिंह ने आज बताया कि क्षेत्र की एक कोलोनी में पुलिस और बचपन बचाओ आन्दोलन के सहयोग से बाल श्रम के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए गुरुवार रात 12 बच्चों को चूड़ी कारखाने से मुक्त कराया गया। इन बच्चों में सबसे छोटा बच्चा करीब दस वर्ष का है। कॉलोनी के लोगों के इन बाल श्रमिकों के बारे में सूचना देने पर ब्रह्मपुरी थानाधिकारी उपनिरीक्षक कमलेश कुमार के नेतृत्व में टीम बनाकर की गई कार्यवाही में इन बच्चों को मुक्त कराया गया। इस मामले में दो आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार लोगों में मोहम्मद फुलबाबू और मोनू खान शामिल हैं। आरोपियों के खिलाफ बंधुआ मजदूरी कानून के तहत मामला दर्ज किया गया हैं और इस संबंध में नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### राजा भोज प्रदेश सह संयोजक बने



**जयपुर** (कासं)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया और संगठन महामंत्री चंद्रशेखर के निर्देशानुसार रिसर्च टेक्निकल टीम में पूर्व शोध छात्रसंघ अध्यक्ष सीएस (डॉ.) राजा भोज शर्मा को आर्थिक प्रकोष्ठ का प्रदेश सह संयोजक का दायित्व सौंपा गया है।

### बच्चियों को आत्मरक्षा के गुर सिखाये

**जयपुर** (कासं)। पुलिस कमिश्नरेट की निर्भया स्कवॉड की ओर से प्रताप नगर में आयोजित पांच दिवसीय निःशुल्क "आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर" शुक्रवार को संपन्न हुआ। शिविर में बालिकाओं व महिलाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाये गये है। समापन समारोह की अध्यक्षता प्रताप नगर थानाधिकारी कैलाश मीणा ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि जस्टिस फॉर छाबड़ाजी संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्षा पूनम अंकुर छाबड़ा रही। कार्यक्रम में समाजसेवी शिवचरण शर्मा, टैगोर भारती स्कूल के निदेशक डॉ. जितेंद्र शर्मा, पुलिस हेड क्वार्टर के एजीएम प्रकाश चंद शर्मा व बद्री प्रसाद सैनी, शशिकांत शर्मा, रितेश मीणा, कांस्टेबल शंकर यादव, बजरंग जांगिड़, रामप्रताप मीना, मनीष असवाल व संतोष चौधरी निर्भया स्क्वायड रहे। पूनम छाबड़ा ने कहा कि निर्भया स्क्वायड, प्रताप नगर थाना व समाजसेवी हेमंत ने मिल कर बेटियों व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सकारात्मक कार्य किया है। सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग से बेटियों में आत्मविश्व बढ़ाना सराहनीय कदम है। एडिशनल डीसीपी सुनीता मीणा के नेतृत्व में निर्भया टीम भी बेहतर काम कर ही है। निर्भया स्क्वायड की मास्टर ट्रेनर आशा व मंजू ने वार्ड 115 की 154 बालिकाओं व महिलाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए।

# हवामहल-आमेर क्षेत्र के 211 लोगों को पट्टे बांटे



**पेयजल मंत्री हवामहल विधायक महेश जोशी, महापौर मुनेश गुर्जर एवं उपमहापौर मोहम्मद असलम फारूकी ने शुक्रवार को नगर निगम हैरिटेज के हवामहल-आमेर क्षेत्र के लोगों को पट्टे बांटे।**

**जयपुर** (कासं)। पेयजल मंत्री हवामहल विधायक महेश जोशी, महापौर मुनेश गुर्जर एवं उपमहापौर मोहम्मद असलम फारूकी ने शुक्रवार को नगर निगम हैरिटेज के हवामहल-आमेर क्षेत्र के लोगों को 211 पट्टे बांटे। पट्टे प्राप्त करने वोले लोगों ने राज्य सरकार और हवामहल जोन उपायुक्त दिलीप शर्मा व राजस्व अधिकारियों का आभार जताया। जलदाय मंत्री महेश जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और स्वायत शासन मंत्री शांति धारीवाल ने जनता को राहत देने के लिए 'प्रशासन शहरों के संग' अभियान चलाया है इस अभियान से लाखों लोगों को राहत मिलेगी। मेयर मुनेश गुर्जर ने कहा कि नगर निगम हैरिटेज ने अब तक 2006 पट्टे जारी किये गये है, जिसमें हवामहल जोन में 657, किशनपोल जोन में 559, आदर्श नगर जोन में 501, सिविल लाईन जोन में 155 एवं मुख्यालय स्तर पर 134 पट्टे बांटे गये है।

वहीं दूसरी ओर महेश जोशी ने नगर निगम हैरिटेज मुख्यालय में महापौर मुनेश गुर्जर, उपमहापौर मोहम्मद असलम फारूखी की मौजूदगी में 5 करोड़ 73 लाख की लागत होने वाले निर्माण कार्यों की स्वास्थ्य पट्टिकाओं का लोकार्पण किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद, अतिरिक्त आयुक्त सत्तार खान, उपायुक्त आशीष कुमार, हवामहल उपायुक्त दिलीप शर्मा व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## रोटरी क्लब जयपुर राऊंड टाउन की कार्यकारिणी गठित

**जयपुर** (कासं)। रोटरी क्लब जयपुर राऊंड टाऊन के निर्वाचन अधिकारी पूर्व प्रांतपाल रोटेरियन डॉ. अशोक गुप्ता ने सर्व सम्मति से चुनी गई वर्ष 2022-23 कार्यकारणी की घोषणा की। अध्यक्ष सुनील दत्त गोयल, सचिव सुशील वाधवा, कोषाध्यक्ष विशाल बांका, अध्यक्ष (202324) दिग्विजय ढाबरिया, अध्यक्ष (202425) डॉ.संजीव शर्मा चुने गये। अन्य पदाधिकारियों में जय शर्मा, रविकांत कानूनगो, कमल सामोदिया, शरद मोदी, नवदीप माथुर, मनोज बंसल, आलोक अग्रवाल, सुधा साबू, वैभव साबू, अनीता ढींगरा, प्रदीप कोठरी, मनोज चतुर्वेदी, विक्रम शर्मा, मधुरिमा शर्मा, पुरुषोत्तम खंडेलवाल, देवेश बंसल, सतीश त्यागी, राजेश शर्मा, भुवन भास्कर, दीपक शर्मा एवं चंद्रेश नागर को चुना गया। पूर्व अध्यक्ष जसमीत नागर को सह प्रांतपाल (2022-23) नियुक्त करने की अग्रिम सूचना भी प्रेषित की गई। इस मौके पर पूर्व प्रांतपाल रो.रमेश अग्रवाल की उपस्थिति सराहनीय रही।

## समर्पण भाव से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें : एम.एल.लाठर

**जयपुर**। महानिदेशक पुलिस एम.एल. लाठर ने पुलिसकर्मियों व प्रदेशवासियों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। लाठर ने कहा कि नव वर्ष के अवसर पर सभी पुलिसकर्मी पुनः प्रण ले कि आने वाले साल में भी समर्पण भाव से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर प्रदेश को सुरक्षित व शांतिपूर्ण बनाए रखें।

# रस्साकस्सी में हाऊसिंग बोर्ड आयुक्त ने दमखम दिखाया, टीम विजेता रही

## तेज चाल प्रतियोगिता में भी पवन अरोड़ा ने हासिल किया प्रथम स्थान



**आवासन मंडल की रस्साकस्सी प्रतियोगिता में कमिश्नर पवन अरोड़ा ने भी अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ जोर आजमाइश की।**

**जयपुर**। राज्यस्तरीय 27वीं आवासन मंडल कर्मचारी खेलकूद प्रतियोगिता शुक्रवार को संपन्न हुई। नीरजा मोदी स्कूल के ग्राउंड में प्रतियोगिता के आखिरी दिन भी अधिकारी-कर्मचारियों ने कई खेलों में हिस्सा लिया। रस्साकस्सी प्रतियोगिता में कमिश्नर पवन अरोड़ा की टीम ने दमखम दिखाया और जोर आजमाइश करते हुए जीत हासिल की। जबकि मुख्य अभियंता जी.एस. बाघेला की टीम उपविजेता रही। इसी प्रकार तेज चाल प्रतियोगिता में पवन अरोड़ा ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि दूसरे स्थान पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता संजय पूनिया रहे। समापन समारोह में आयुक्त ने सभी विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए।


आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने कहा कि खेल आपस में सद्भाव और टीम भावना उत्पन्न करते है। हाऊसिंग बोर्ड बीते 3 वर्ष में जो अभूतपूर्व उपलब्धियां अर्जित की हैं, वें सभी स्तर के कार्मिकों की मेहनत का परिणाम है। मकान विक्रय में अन्तरराष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाने से लेकर सर्वाधिक राजस्व अर्जित करने तथा कई अभिनव प्रोजेक्ट लाकर प्रदेश के विकास को गति देने का काम आवासन मंडल ने किया है। उन्होंने कहा कि अगर कार्मिक स्वस्थ रहेंगे, तभी वो अपना 100 फीसदी योगदान दे पाएंगे। इसलिए हमारे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए खेल हमारे जीवन का अनिवार्य हिस्सा होने चाहिए। अगले वर्ष 28वीं वार्षिक राजस्थान आवासन मंडल कर्मचारी खेलकूद प्रतियोगिता जोधपुर में होगी।


अरोड़ा ने बताया कि इस टूर्नामेंट में फुटबाल, बॉस्केटबॉल, कैरम और एथलेटिक्स में मुख्यालय की टीम विजेता रही। इसके साथ ही बॉलीबॉल में जोन द्वितीय, क्रिक्रेट में जोन प्रथम, टेबल टेनिस में जोन द्वितीय, बैडमिंटन में जोन द्वितीय और शतरंज में जोन द्वितीय की टीम प्रथम विजेता रही। इसके साथ ही बेस्ट प्लेयर का पुरस्कार बाबू लाल मीणा को दिया गया। प्रतियोगिता में चैंपियन्स ट्राफी जोन द्वितीय ने जीती और मुख्यालय टीम उप विजेता रही। समापन समारोह में राजस्थान आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ के अध्यक्ष दशरथ सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष भगवती प्रसाद, महामंत्री प्रदीप शर्मा, संयुक्त महामंत्री गोविन्द नाटाणी, रमेश शर्मा, खेल संचालन समिति के संयोजक दारा सिंह, अतिरिक्त मुख्य अभियंता नत्थूराम, वित्तीय सलाहकार संजय शर्मा, उप आवासन आयुक्त के.सी ढाका मौजूद थे।

# युवाओं ने दूध पीकर लिया शराब न पीने का संकल्प

**जयपुर**। नववर्ष की पूर्व संध्या पर राजधानी जयपुर में जगह-जगह "दूध के साथ नववर्ष का स्वागत" जैसे कार्यक्रम हुए। राजस्थान नर्सिंग कौंसिल ने जेएलएन रोड स्थित चरक भवन के मुख्यद्वार पर "दारू नहीं, दूध से करें-नव वर्ष की शुरुआत" कार्यक्रम आयोजित किया।

रजिस्ट्रार डॉ. शशिकान्त शर्मा ने इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री गहलोत के सलाहकार डॉ. जितेन्द्र सिंह व चिकित्सा विभाग के शासन सचिव वैभव गालरिया, आरएनसी अध्यक्ष एवं निदेशक जन स्वास्थ्य डॉक्टर के.के.शर्मा, अस्पताल अधीक्षक विनय मल्होत्रा और हाईकोर्ट बार एसोसिएशन अध्यक्ष भुवनेश शर्मा रहे। इस दौरान राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष प्यारेलाल चौधरी और महामंत्री सुनील शर्मा भी मौजूद थे। इसी प्रकार राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन ने भी चरक भवन के गेट पर मरीजों के परिजनों को दूध पिलाया। मुख्य सचिव निरंजन आर्य ने भी मौके पर पहुंचकर लोगों का उत्साह बढ़ाया। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष खुशीराम मीणा, महामंत्री पवन जादौन व बालकृष्ण शर्मा मौजूद थे। वहीं दूसरी ओर मुहाना मंडी रोड स्थित ब्राह्मण की थड़ी चौराहे पर पूर्व पार्षद व चेयरमैन धर्मसिंह सिंघानिया ने युवाओं को दूध पिलाया और शराब नहीं पीने का आग्रह किया।





**नववर्ष की पूर्व संध्या पर चरक भवन पर निरंजन आर्य व वैभव गालरिया ने व मुहाना रोड पर धर्मसिंह सिंघानिया ने दूध पिलाया।**

## ट्यूलिप में जयपुर स्मार्ट सिटी नेशन रैंकिंग में प्रथम

**जयपुर**। द अर्बन लर्निंग इंटर्नशिप प्रोग्राम (ट्यूलिप) में जयपुर ने 100 स्मार्ट शहरों में से पहला स्थान हासिल किया है। ट्यूलिप योजना 4 जून 2020 को आवास मंत्रालय द्वारा अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के सहयोग से देश भर के स्नातकों और इंजीनियरों के लिए इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करने हेतु शुरू की गयी थी। जयपुर स्मार्ट सिटी विभिन्न क्षेत्रों में छात्रों को नया अनुभव देने के लिए मिशन से जुड़ी और विभिन्न पदों की वेकन्सी निकली जैसे कि शहरी नियोजन, शहरी डिजाइन, इंजीनियरिंग की विभिन्न शाखाओं सहित, सूचना और प्रौद्योगिकी, गतिशीलता, वित्त, सामाजिक क्षेत्र और पर्यावरणीय मुद्दे आदि।



## First New Year Celebration

The first New Year's celebration dates back 4,000 years. Julius Caesar, the emperor of Rome, was the first to declare January 1, a national holiday. He named the month after Janus, the Roman god of doors and gates. Janus had two faces, one looking forward and one looking back. Caesar felt that a month named after this god would be fitting. Be sure to eat leafy greens on New Year. Tradition says that the more leafy greens a person eats, the more prosperity he or she will experience (what an incentive for staying healthy!).



#REVIEW

# Brot Co- Get Buttured

Ask any food historian and they will testify to the fact that half-moon crescent shaped breads have been made since the Renaissance, and crescent-shaped cakes possibly since antiquity.





Sadhana Garg
*Journalist & social entrepreneur*



Barwara may ring a bell for fans of Katrina and Vicky Kaushal but Jaipurites for a year now have been besotted by Barwara Kothi on Jacob Road. On first floor it houses the most happening live interactive Bistro - the Brot Co. Some places feel like sunshine and this is it. The 80 seater streaming with smile and smell of freshly baked bread and cookies is what the preteen dub as 'Cool'.

Pizzas as we now know them have become artisanal all over the city. At Brot Co - its a Chef intensive labour of love. The thin crust with creamy pesto, mushrooms,



broccoli and olives is a must. The crust and the vast choices of toppings are enticing to say the least. From Thai tofu, Paneer Tikka, Margherita to PrimaVera to Spicy Basilica are all yours to try. Keeping in step of the new found fad of goat cheese there is one with goat cheese and garlic - oven dried tomatoes with mozzarella give it the right flavour.

Brot Co also serves black wheat thin crust pizza which is good news for the health freaks. Says Chef Peeyush the driving force behind this popular eatery: "we do not use any yeast in the crust as the purine found in a raising agent induces acidity, increases uric acid as in other leavened crust. For sourdough we use starters."

There is regular 13 short crust bases and there is one which is gluten free too.

Ask him why the whole wheat bread has a slightest taste of bitterness and he says, "becoz we use honey and not sugar and also yeast is totally ruled out."

Jalapeno Mushroom Ciabatta and Garlic Goat Cheese Ciabatta both of which use house baked light and crispy Italian bread.

We in India have always given importance to 'rituphal' – or seasonal fruit to be consumed as much as possible. The age old wisdom today stands undermined by the pre-cooked, pre-packed, frozen food trending in most Indian household and if there are Gen Z in the family then so much more. The Chili Water



Chestnut in homemade plum sauce is a perfect 'rituphal' appetizer to gorge on.

If happiness for you is freshly baked goodies then Brot Co should be your destination.

Ask any food historian and they will testify to the fact that half-moon crescent shaped breads have been made since the Renaissance, and crescent-shaped cakes possibly since antiquity. Croissants as we now know them have long been a staple of Austrian, Italian and French bakeries, along with pâtisseries. As they say the only time one likes flakiness is when it comes in a Croissant. At Brot Co one can find one of the finest croissant - flaky from inside and crispy from outside. The chewy Bagel with homemade burnt garlic cheese spread with cucumber, tomatoes and Brot Co's signature apple and orange preserve is also popular.

In meal bowls – or meal in a dish there are a variety to choose from - Mediterranean, Super Meal to Asian. The Mediterranean one with its plant based, no dairy product, nuts and figs is a happy find for weight watchers and Vegans. For Avocado lovers there is the Super Meal.



For those looking to pull off anything over a cup of coffee there is a somewhat long list to choose from. The Menu uniquely mentions the percentage of coffee, water and milk in every kind of coffee. The add-on flavours on offer are Hazelnut, Vanilla, Caramel and Irish Cream.

The shakes and smoothies too have a variety. Vegans should go for the sugar free Fig and Date shake. For a place so popular one hopes next time round a green smoothie is added to the list of Apple, Pink and Mud Apple. Not the time of the year to look for cold drinks but if the low temperatures do not cool you there are plenty of Coolers to choose from. Finally for Desserts there are eggless, gluten-free and Vegan on offer which is a great news and you won't be disappointed with the melt in the mouth mostly chocolate base goodies.


With good food, cheerful ambience, great service, all New Normal norms in place and 82 percent of 5 star on line rating Brot Co is the perfect place to break bread.


Brot Co in German means bread and now you know what's in a name!


#HAPPY NEW YEAR

"Hello Harry! How are you? Been a long time. I am planning to come by your town tomorrow for some work and wonder if you guys are home. We (my wife and I) thought it would be lovely to drop by and meet you and Martha. Haven't seen you in now, say what, two years?" You can sense the panic. "Hey! Yawar. Great to hear from you. We are staying home and not going anywhere at all. Too risky in these times." You can hear his mind saying, "Come on man!! Try to understand. Don't make me say it out loud."

# Give Me A Hug











Mirza Yawar Baig
*Naturalist and wildlife conservationist*

"Yawar! Is that you?" I turned around. But who is she? Have you ever tried to ask a lady who recognizes you, who she is? I suggest you wear cleats and be in a half-turned crouch before you do. Pays to play safe. Then, bless her, she does the right thing. Or I should say, she remembered our latest etiquette - remove the mask at a safe distance - and I go, "WOW! Gloria. So delightful to see you. Where have you been hiding?"

Do you wonder what the real face behind the mask, looks like? Not of strangers. Your friends. Those you have not seen without a mask in now over two years? And when they do take the mask off, are you surprised? I won't ask if you are shocked. Sometimes I am. So, here are some questions:

Did you ask someone to put ON their mask so that you could recognize them? I know there is a Tic Tok about that. Too close to reality.

Did you notice the sign outside the bank, "Put on your mask before you enter"? And wondered how Bill Cassidy would have taken it? I can imagine him saying, "Hey! Sundance, forget it. Let's go man! These people don't play fair. Takes all the fun out of robbing a bank if the bank tells you to put on a mask before you go in. I mean! What's the whole point of being a bank robber if the bank tells you to put on a mask, eh!"

But seriously how many of you imagined that you could walk into a bank in America wearing a mask and not have the teller hitting the panic button? "But officer (to the cop), I was only playing safe!" "O Yeah!! Tell the Captain about it, pal. Now wear these nice bracelets and let's go."

Did you notice how the eyes stand out and look so beautiful when the rest of the face is hidden? Oh Boy!! Is that what you really look like?

Did you notice that the smile is now more sincere because it was always the mouth that lied, not the eyes? The smile comes through from the heart.

I called my friend. Haven't seen him in ages. We have been such good friends for so many years.

"Hello Harry! How are you? Been a long time. I am planning to come by your town tomorrow for some work and wonder if you guys are home. We (my wife and I) thought it would be lovely to drop by and meet you and Martha. Haven't seen you in now, say what, two years?"

You can sense the panic. "Hey! Yawar. Great to hear from you. We are staying home and not going anywhere at all. Too risky in these times." You can hear his mind saying, "Come on man!! Try to understand. Don't make me say it out loud."

"Okay Harry, stay well. Lots of love to both of you and let's hope we can all meet next year." I get the message.

Ah! He pulls a chair. He must sit down. His knees are shivering. Potential calamity averted. Covid is still at bay.

And the last one: you come home; wife greets you in the garage. "Hi Hon! I love you, give me a hug."

"Take off your clothes."

"What! You mean here? I know these are permissive times but surely this is pushing it. Think of the kids. What if one of them walks in!"

"Get into the shower and stop dreaming. Times have changed but not that much. Put your clothes in the bin, shower, put on your sanitized clothes and then come in. I'm making dinner."

Ah! Mystery cleared. Life has changed, but not in all ways. Some things remain the same. Maybe there is relief to be sought in this as well.

In another world, on another planet, in times of yore imagine these scenes:

Man (stranger or old friend, same difference) sticks his hand out to shake yours. Aargh!! He had to do it? Okay, so I shake it, very gingerly and immediately I sanitize my hands, trying to be unobtrusive, but if he still sees me doing it; what the hell! What did he expect? The man thinks, "Racist, casteist, OCD, paranoid maniac."

Old friend sees you. Hasn't met you in ages. Comes at you, arms wide open, hug waves preceding him. But you have learnt the moves to avert such liberties. You drop something and bend down to pick it up. Or you turn half away and put your phone to your ear with your right hand while pushing out your left hand in his direction to say, "Hold on, I must answer this call." The hug is downgraded to a handshake. Old friend, "What's wrong with him? He's forgotten me and our friendship? Just because he made some money, he thinks he is too good for his old friends. Bloody rotter!"

> Our gestures, hugs, and tears tell the tale far more powerfully than anything we could have said. Words uttered at such times appear contrived and artificial, devoid of sincerity. We didn't speak. We hugged. We wept in each other's arms; tears of both grief and happiness.

Yeah! I know. You can add to these. But the situation is grim. It has resulted in distance, estrangement, and loneliness. Loneliness kills. It must be fought.

We are touchy, feely creatures. Our most powerful ways to communicate have always been wordless. When our emotions peak, we are struck speechless. Our gestures, hugs, and tears tell the tale far more powerfully than anything we could have said. Words uttered at such times appear contrived and artificial, devoid of sincerity. We didn't speak. We hugged. We kissed. We wept in each other's arms; tears of both grief and happiness. This is what being human meant. It still does but thanks to a creature, unseen, unknown but not unfelt, we must rethink what being human means today. How can we fight the physical distance which is translating into emotional distance? Whoever invented the apparently supremely oxymoronic term, 'social distance', must be given a prize. To me it is a challenge. How can I remain social while being distanced? Social distance....Not anti-social or unsocial distance. Social distance....Stay away but still be social. Because we are social beings, herd animals. Not loners. Fight loneliness before it kills us.

### But How?

Firstly, realize and leverage the power of technology. Become smarter than your phone. Talk to people. Don't just send smileys. I sometimes ask those who complain about not living close to their family, how many times a week do they video call their family members? Mostly don't even do it once a week. Yet they complain. There was a time when you had to go to a multimedia studio to do a video call. Today we can do it on our phones and all for free. But do we? As someone said, 'Begin the action in the place you make the intention.' So, stop reading and pick up your phone and call that person you have been meaning to call for a long time. Do it now. How was it?

We must learn how to convey what we used to do with the hug, in words. I know we will never do it to our satisfaction. Nothing will supplant the hug. But we must try. Yes, it will seem contrived, until we get used to it. And if it comes from the heart, then it will reach another heart. Will do wonders for our verbal communication too. Grunts won't do. We need a language. Words and the power to paint pictures with them. Our imagination will do the rest.

I recall a time and place where I wrote letters. On tracing paper to keep the cost of postage down (the power of being poor), using a very fine nib and writing clearly but very close together. Heart poured out through ink (navy blue Quink), transporting the writer into the company of the reader. Seeing them read and respond. Listening to them speak. Look into their eyes. Hold them in your arms. Okay! Wake up.

We can write. We can speak. We must. No physical contact, doesn't need to translate into no contact. This is the new normal. Let's learn to like it.

writetoarbit@rashtradoot.com





#HEALTH

Despite adequate intake of iodine, a factor that can still cause iodine deficiency disorders is the intake of goitrogens in one's diet. Goitrogens, are chemicals that, when consumed in excess amounts, cause goiter by interfering with iodine utilization by the thyroid gland.



Food to eat with Hyperthyroidism

# Prevention of Iodine Deficiency




Dr Harshita Sharma
*MBBS*



Doctor examining patient's neck to diagnose multinodular goiter.

We are going to discuss about a nutritional disorder and the path to treat and prevent it. The world is composed of things big and small. Today we are going to talk about the small things and the big differences they create. One among many tiny important elements, the coveted topic of today, is Iodine. Iodine is a chemical element and an essential micronutrient, i.e. a nutrient whose daily recommended dietary intake is in measures of µg. These are really small amounts, impossible to measure unless with spectrometric and equivalent machines.

The natural sources of Iodine are freshwater from natural water bodies, seafood, and cod liver oil, and smaller amounts in milk, cereals, and vegetables; conceptually, iodine is present in the soil that transfers the iodine to the water and locally grown food. That is the reason why the epidemiology of iodine deficiency is geochemical. The endemic districts and states are usually the hilly areas of north India that have iodine-deficient soil. The endemicity is defined as a prevalence of >5% and nearly 350 districts fall into the definition as per the ICMR conducted district survey. This nutrient after entering our body via dietary intake performs facilitator roles in many physiologic functions. One function that stands out in the centre is the synthesis of thyroid hormones in the thyroid gland located in the neck behind strap muscles; apart from being essential in the normal growth and development of all human beings particularly during the most critical development period, i.e., the fetal and neonatal period.



Severe Goiter

The daily nutritional requirements vary with age and gender, being about 90 µg in a child, increasing to 150 µg in an adult to 250 µg in pregnant and lactating women.

Interestingly, despite adequate intake of iodine, a factor that can still cause iodine deficiency disorders is the intake of goitrogens in one's diet. Goitrogens, as the name suggests, are chemicals that, when consumed in excess amounts, cause goiter by interfering with iodine utilization by the thyroid gland. They are namely cyanoglycosides and thiocyanates present in the brassica group of vegetables which includes cabbage and cauliflower among others.

Subnormal intake of iodine limits the related physiologic functions such as deficient thyroid hormones. These thyroid hormones are the energy generator chemicals that keep up the basal metabolic rate of every cell and organ of the body. Apart from symptoms of reduced BMR, a compensatory mechanism induces the thyroid gland to produce the basal structure of thyroxine to which iodine can attach to produce the desired functional thyroxine hormone, but it all goes in vain in the absence of iodine and the enlarged thyroid gland in the neck becomes a symptom called the goiter.

Goiter, defined as abnormal enlargement of the thyroid gland in the neck has been a health concern, more in the earlier days before the advent of the national iodine deficiency disorders control program. People present with enlarged necks, varying from small to very large sizes, when left neglected. Goiter can also be divided into clinical categories as simple nodular and multinodular, to start with. These can sometimes be present with hyperthyroidism which are called toxic goiter. When small, they can be medically treated with exogenous thyroid hormones, but when large and toxic, surgery is the mainstay treatment.

> Health and disease are the terminal dots, wherein between lies the dynamic line of existence on which the human beings slide back and forth. Any disease also has its course – pre-pathogenesis to pathogenesis until it becomes full-blown. The solution is either prevention or treatment depending on the point of the scale of time it is put on.

In recent times, with the aid of surveys and medical research, iodine deficiency, beyond the obvious goiter causes a wider spectrum of disorders put under the umbrella of iodine deficiency disorders abb. IDDs defined as effects of iodine deficiency on human growth and development can be prevented by correction of iodine deficiency including hypothyroidism, retarded physical development and impaired mental function, increased rate of spontaneous abortion and stillbirth, cretinism, squint and nystagmus, and even spastic paralysis of muscles.

Another concerning presentation, as aforementioned, is hypothyroidism, a medical term to indicate hypo-functioning of the thyroid gland resulting in a low level of the thyroid hormones in the body. These present with an array of symptoms. Hypo metabolism is the umbrella term that can be used here present as dry skin, hair fall, fatigue, tiredness, headaches, sore muscles, weak bones, intolerance to the cold environment due to the inability to keep the body warm, menstrual irregularities, constipation among many others.

Chronic low iodine intake puts the concerned person at the risk of iatrogenic hyperthyroidism too. This can be explained with a case scenario as follows: chronic iodine starvation makes the thyroid gland sensitive, thus when iodine-containing medicines such as amiodarone and radiocontrast agents are used intravenously for computed scan investigations, an aggressive uptake compromises the thyroid gland.


General advice on iodine intake is to include iodinated salt and replace the old age common salt, to ensure the availability to every person, considering the ubiquitous use of salt. A concentration of 30 parts per million is ensured at the industrial level to ensure a concentration of 15 ppm at the household level for optimum intake as per the guidelines by the health ministry, Government of India.

It is a phrase not unknown, that prevention is better than cure, and it is a golden statement that holds for all sickness and illness, but in the case of nutritional disorders, such as malnutrition, micronutrient deficiencies such as vitamins and minerals, the phrase holds so near that it brings me to the other well-known statement by none other than the father of medicine, Hippocrates – "Let food be thy medicine, and medicine be thy food." Well, if the goiter is the disease we are talking about, then iodine is the medicine, and its adequate intake in food should be taken pretty cautiously and with utmost care.



Government of India is scaling up the use of double-fortified salt.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# बजरी भरे ट्रॉली चालकों ने पुलिसकर्मियों पर ट्रैक्टर चढ़ाने का प्रयास किया

## जवानों ने गिर पड़कर जान बचाई, आरोपी चालक ट्रैक्टरों को जंगलों की ओर भगा ले गये

**रूपवास, (निसं)।** गांव खान सुरजापुर के निकट जंगलों में से पुलिस ने अवैध चम्बल क बजरी परिवहन में प्रयुक्त तीन ट्रैक्टर ट्रॉलीयों को जब्त कर 5 जनों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से हथकड़ शराब, देशी कट्टा व कारतूस बरामद किये हैं। थानाधिकारी भोजाराम ने बताया कि घाटोली चौकी पर हेड कांस्टेबल महेंद्र सिंह आरएसी के जवानों के साथ नाकाबन्दी कर रहे थे। तो सूचना मिली कि धौलपुर की तरफ से रात में 10-12 ट्रैक्टर ट्रॉली बजरी से भरे हुये आ रहे है। जिस पर जाब्ते के सदस्यों ने ट्रैक्टरों को रोकने की कोशिश की तो चालकों ने ट्रेक्टरों की गति को तेज करके पुलिसकर्मियों पर चढ़ाने का प्रयास किया। लेकिन जवानों ने गिर पड़कर अपनी जान बचाई तथा आरोपी चालक ट्रैक्टरों को जंगलो की ओर भगा ले गये तथा कुछ ट्रैक्टर चालक बजरी को सड़क पर पटक कर जगनेर की ओर भाग गये।

जिस पर जरिये मोबाइल के थाने संतरी को सूचना दी तो थाने से थानाधिकारी सहित एसआई सुगन मीणा, कांस्टेबल जसवंत सिंह, राजेन्द्र सिंह, सोनवीर सिंह, धारासिंह व चालक ब्रजराज सिंह मय सरकारी जीप के मौके के लिये रवाना हुये। गांव खानसुरजापुर के निकट जंगलो में एक ट्रैक्टर ट्रॉली चम्बल बजरी से भरा व दो ट्रैक्टर खाली खडे मिल गये। जिन्हें पुलिस ने जब्त कर लिया।



रूपवास के गांव खान सुरजापुर के निकट जंगलों में से पुलिस ने अवैध चम्बल क बजरी परिवहन में प्रयुक्त तीन ट्रैक्टर ट्रॉलीयों को जब्त कर 5 जनों को गिरफ्तार किया।

- **चम्बल की बजरी से भरे 3 ट्रैक्टर ट्राली सहित पांच जने पकड़े**
- **आरोपियों के कब्जे से हथकड़ शराब देशी कट्टा व कारतूस बरामद**

इसी दौरान ग्रामीणों की मदद से पांच जनों को भी पकड़ लिया। जिनकी पहचान गाव दौरदा निवासी विजयपाल, रामपाल व गंगा सिंह पुत्र हाकिम सिंह व हरिओम पुत्र श्यामलाल व बमनई जगनेर निवासी तुलसीगिरी पुत्र संतोष कुमार गिरी जाति गोस्वामी के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 315 बोर का देशी कट्टा मय तीन कारतूस व 18 लीटर हथकड़ शराब बरामद की हैं। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दायर कर पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जिन्हें आज कोर्ट में पेश किया जायेगा।

# सहाड़ा के पोटला के युवक ने सऊदी अरब में आत्महत्या की

**भीलवाडा, (निसं)।** जिले के सहाड़ा इलाके के पोटलां गांव में रहने वाला नारायणलाल रेगर का परिवार 10 दिनों पहले तक खुशियां मना रहा था। नारायण तीन साल बाद सऊदी अरब से अपने घर लौटने वाला था, लेकिन 25 दिसंबर को सऊदी अरब से आई खबर ने इस परिवार की सभी खुशियों को छीन लिया। सऊदी अरब में नारायण जिस मालिक के यहां काम करता था। उसका फोन आया कि नारायण ने अपने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इस खबर के बाद से नारायण का पूरा परिवार मातम मना रहा है, लेकिन अपने नारायण के शव को नहीं देख पाया है। ऐसे में अब यह परिवार पिछले 6 दिनों ने अपने बेटे को गांव की मिट्टी नसीब करवाने के लिए अधिकारियों से गुहार लगा रहा है।

जानकारी के अनुसार तीन साल पहले पोटलां गांव में रहने वाला नारायणलाल रेगर एक ठेकेदार के जरिए अच्छी कमाई की उम्मीद में सऊदी अरब रोजगार के लिए गया था। नारायण लाल के परिवार की आर्थिक स्थिति



मृतक नारायणलाल

काफी खराब है। नारायण तीन साल से वहां एक फार्म हाउस में खजूर के पेड़-पौधों की रखवाली का काम कर रहा था। तीन साल पूरे होने पर नारायण अपने घर वापस लौटने वाला था। नारायण ने अपने पिता नाथूलाल को कुछ दिन पहले बताया भी था कि वह अपने गांव लौटने वाला है, लेकिन 25 दिसंबर को उसके फार्म हाउस मालिक का फोन आया और उसने बताया कि नारायण ने अपने

- **अब शव के लिए अधिकारियों से गुहार लगा रहे हैं परिजन**
- **फार्म हाउस मालिक ने बताया था कि नारायणलाल ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली**
- **तीन साल पूरे होने पर नारायण अपने घर वापस लौटने वाला था**

क्वाटर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। नारायण के परिवार को यह भी पता नहीं कि उसने आत्महत्या किस कारण से की। उसके बाद से नारायण का परिवार उसके शव को गांव लाने के लिए अधिकाररियों से गुहार लगा रहे हैं। नारायण के छोटे भाई कमलेश ने बताया कि नारायण के दस व सात साल के दो लड़के है।

# बिजौलियां के खड़ीपुर इलाके में किशोर-किशोरी ने फांसी लगाई

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के बिजौलियां थाना क्षेत्र के खड़ीपुर इलाके में शुक्रवार को एक किशोर-किशोरी के शव बड़ के पेड़ से लटके मिले। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। दोनों रात को घर से लापता हो गये थे।

बिजौलियां थाना पुलिस ने बताया

- **पुलिस प्रथमदृष्टया मामला प्रेम-प्रसंग का होने की आशंका जता रही है**

कि खड़ीपुर क्षेत्र के मांगीलाल का झूंपडा निवासी प्रभु भील के खेत पर लोगों ने शुक्रवार सुबह एक किशोर-किशोरी के शव बड़ के पेड़ से झूलते देखे। इसकी सूचना लोगों ने खेत मालिक व ग्रामीणों को दी। ग्रामीण मौके पर पहुंचे। देखते ही देखते वहां भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शवों की पहचान मांगीलाल का झूंपडा निवासी कमलेश (17) पुत्र प्रभु भील व सुखपुरा यादव कॉलोनी निवासी धापू (16) पुत्री स्व. मोडूराम भील के रूप में की गई। शवों को पुलिस ने फोटोग्राफी करवाने के बाद फंदे से उतारा। उधर,



भीलवाड़ा के बिजौलियां थाना क्षेत्र के खड़ीपुर इलाके में किशोर-किशोरी के शव बड़ के पेड़ से लटके मिले।

इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस दोनों शवों को कब्जे में लेकर राजकीय अस्पताल ले गई, जहां इन शवों का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस का इस संबंध में कहना है कि कमलेश के पिता प्रभु ने पुलिस को रिपोर्ट दी है, जिसमें उसने बताया कि कमलेश बीती रात दस-ग्यारह बजे तक घर में सो रहा था। इसके बाद वह लापता हो गया। सुबह उसके पेड़ से लटके होने की सूचना मिली। उधर, धापू के भाई भीमराज ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि बीती रात धापू के घर से निकलने और इसके बाद शव मिलने की रिपोर्ट दी है। पुलिस प्रथमदृष्टया मामला प्रेम-प्रसंग का होने की आशंका जता रही है।

# 80 लाख की वसूली के लिए व्यापारी का अपहरण

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के अम्बामाता थाना पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ व्यापारी का अपहरण कर उससे अवैध रूप से अस्सी लाख रूपये की मांग करने का प्रकरण दर्ज किया।

प्रकरण के अनुसार अम्बावगढ़ निवासी नन्दलाल पुत्र खुशाल दास माखीजा ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया कि 30 दिसंबर को सवेरे मेरा पुत्र राहुल माखीजा (37) घर से आफिस जाने के लिए निकला था। कुछ समय बाद ऑफिस स्टाफ ने फोन किया तो मोबाईल बंद था। दोपहर करीब एक बजे राहूल ने वाहट्सप काल कर उसने उठा ले जाने तथा छोड़ने के एवज में 80 लाख रूपये मांगने की जानकारी दी। इस दौरान एक आदमी ने तीन घंटे में 80 लाख की व्यवस्था नहीं करने पर राहूल के नसें काटने की धमकी दी। कुछ समय बाद दो बार कॉल आया लेकिन सामने से कोई आवाज नहीं आई। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने के बाद जिला पुलिस अधीक्षक मनोज चौधरी के निर्देशन में गठित जिला पुलिस की विभिन्न टीमें अपर्हताओं की तलाश में जुटी है। अपहरण की वारदात के दूसरे दिन शुक्रवार सांय तक अपर्हताओं के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल पाई।

# हादसों में दो की मौत

**भीलवाडा, (निसं)।** शहर के भीमगंज थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में घायल प्रौढ व घर पर अचानक तबीयत खराब होने से बुजुर्ग की मौत हो गई।

भीमगंज थाना पुलिस के अनुसार, दादाबाड़ी निवासी मेवालाल खटीक 29 दिसंबर को एक अन्य व्यक्ति के साथ बाइक पर घर से सिद्धि विनायक अस्पताल की ओर जा रहे थे। हॉस्पिटल के पास ही अचानक एक श्वान (कुत्ता) बाइक के सामने आ गया। हादसे में मेवा लाल व बाइक चालक को चोटें आई। चालक का प्राथमिक उपचार किया गया, जबकि मेवा लाल को गंभीर चोट आने से निजी अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां उसने दम तोड़ दिया। उधर, एमजीएच चौकी पुलिस के अनुसार, पीथास निवासी भगवत सिंह (58) पुत्र राजसिंह चुंडावत की घर पर अचानक तबीयत बिगड़ गई। सिंह को उपचार के लिए शहर के एमजी अस्पताल लाये, जहां डॉक्टर्स ने मृत घोषित कर दिया।

# अवैध रिवाल्वर जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** खेरोदा थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रिवाल्वर बरामद की।

जिला पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार के निर्देश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीणा मुकेश सांखला, पुलिस उप अधीक्षक वल्लभ नगर रविन्द्रप्रतापसिंह के सुपरविजन में खेरोदा थाना एएसआई चतराराम के नेतृत्व में कांस्टैबल राजेन्द्र, मनोज कुमार, हरीश व चालक लीलाराम मय टीम ने गुरूवार रात में मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर अडिन्दा से गोगावतों का फला अडिन्दा थाना खैरोदा निवासी जितेन्द्र पुत्र भैरूलाल रावत को गिरफ्तार कर कब्जे से एक रिवाल्वर बरामद कर मामला दर्ज किया।

# महिला की अकाल मौत

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के अम्बाामाता थाना क्षेत्र न्यू अहिंसापुरी निवासी सीमा जैन पत्नी लोकेश की गुरूवार रात में अचानक तबीयत खराब होने पर परिजनों ने उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया जहां उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

# ग्रामीणों ने हाइवे निर्माण कम्पनी आईआरबी के खिलाफ मोर्चा खोला

**बांदनवाड़ा, (निसं)।** अजमेर के पास बांदनवाड़ा कस्बे में से गुजर रहे राष्ट्रीय राजमार्ग 79 पर सिक्स लाइन हाइवे निर्माण के दौरान मुख्य चौराहे पर बन रही सिक्स लाइन पुलिया में गांव से रुपपुरा रोड के रास्ते पर अंडरपास नहीं बनाने पर ग्रामीणों में कम्पनी के प्रति रोष व्याप्त हो गया व शुक्रवार को सभी ग्रामीणों ने एकजुटता दिखाते हुए सिक्स लाइन पुलिया पर मांग की जाने वाले रास्ते पर टेंट लगाकर धरना प्रदर्शन किया। कस्बे में सिक्स लाइन पुलिया पर अंडरपास नहीं बनाने को लेकर ग्रामीणों ने कई बार कम्पनी व प्रशासन से गुहार लगाई लेकिन निर्माण कम्पनी आईआरबी ने हठधार्मिता दिखाते हुए अंडरपास बनाने से इंकार कर दिया था। जिस पर स्थानीय ग्रामीणों ने शुक्रवार को सामूहिक रूप से कम्पनी के खिलाफ मोर्चा खोला और अंडरपास वाले रास्ते पर ही धरने पर बैठ गए।

धरना स्थल पर कम्पनी व ग्रामीणों की बातचीत करीब आधे घंटे चली इस दौरान भिनाय एस डी एम संजू मीणा भी मौजूद रही और मीणा ने ग्रामीणों का व कम्पनी का पक्ष सुनते हुए ग्रामीणों की अंडरपास बनाने की मांग को जायज बताया। कम्पनी के प्रतिनिधि अनिल चौधरी ने मांग पर ग्रामीणों के समक्ष उपखण्ड अधिकारी द्वारा बनाये गये

- **सिक्सलेन पुलिया में अंडरपास बनाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया**

मौका पर्चा में अपना पक्ष रखते हुए कहा कि वो उच्च अधिकारीयों से चर्चा कर तकनिकी दृस्टि से विश्लेषण कर अतिशीघ्र निर्णय करेंगे व उन्होंने इसके लिए सात दिवस का समय मांगा। मौके पर भिनाय थानाधिकारी महावीर प्रसाद मीणा भी मय जाप्ते के मौजूद रहे व ग्रामीणों का धरना प्रदर्शन भी शांतिपूर्ण रहा। वहीं स्थानीय ग्रामीणों द्वारा विधायक राकेश पारीक से बात कर अंडरपास बनवाने का मामला बताया जिस पर विधायक ने जिला कलेक्टर व एसडीएम से मामले के बारे में बात कर इस मांग को जल्द से जल्द पूरा करवाने के लिए कहा। धरना प्रदर्शन में बांदनवाड़ा के अनिल शर्मा, धर्मराज चौधरी, दाऊराम शर्मा, विश्वदेव कुमावत, जयमल रहलानी, बसंत वैष्णव, अजय खटीक, हिम्मत अली बिसायती, कालू राम गुर्जर, राजेंद्र लोहार, मुकेश सेन, राजु माली, टीकम चंद जांगिड़,सत्यनारायण माली, नवीन ललवानी, गोरधन माली, सहित कई अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# पट्टे पर लोन दिलाने का झांसा देकर जमीन अपने नाम करवाई

**अजमेर, (कासं)।** कहते है कि इंसान सब से लड़ सकता है, लेकिन अपनो से कभी नहीं लड़ सकता है और वो जीत भी नहीं पाता, लेकिन जब उसे अपने ही विश्वास में लेकर लूट ले तो समझों उसका सब कुछ उजड़ गया हो। ऐसा ही एक मामला देखने को मिला।

मसूदा पुलिस थाना हल्के के शेरगढ़ निवासी रामेश्वर लाल जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा के समक्ष पेश होकर बताया कि उसकी बेटी के ससुर के बड़े भाई ने शंकर लाल पुत्र मदनलाल चन्द्रवरदाई नगर सोमलपुर निवासी ने घर बनाने के लिये पट्टे पर लोन दिलाने का झांसा देकर अपने साथ ले गये और रामेश्वर लाल की जमीन शंकर लाल ने रजिस्ट्री के माध्यम से अपने नाम करवा ली। पीड़िता ने अपने एडवोकेट रविन्द्र सिंह सिवासिया के साथ रामेश्वर लाल व उसकी पत्नी इंदिरा ने जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा को एक परिवाद देकर अपनी दर्दभरी कहानी बयां की। उन्होंने ज्ञापन में बताया कि शंकर लाल ने हमारी जमीन की रजिस्ट्री अपना नाम करवा ली मेरे पति अनपढ़ है और मुंबई में हम लोग चप्पल बनाने का काम करते हैं और इसी का फायदा उठाते हुए शंकरलाल ने मसूदा विजयनगर ले गया और लोन दिलाने के बहाने उसने जमीन की रजिस्ट्री अपने नाम करवा ली। कुछ दिनों पूर्व कुछ लोग हमारे मकानों खरीदने के लिए आए तो हम लोगों को पता चला कि शंकरलाल ने होम लोन दिलाने के बहाने मेरे पति के अनपढ़ होने का फायदा उठाते हुए धोखे में रखकर छल कपट करते हुए हमारी जमीन की रजिस्ट्री अपने नाम करवा लिया। अब हम लोगों ने शंकरलाल को कहा कि तुमने मेरे पति को धोखे में रखकर जो मकान जमीन अपने नाम करवा लिये हैं, वह वापस हमारा नाम पर करवा दो आप हमारे रिश्तेदार हैं और फिर भी आपने हमारे साथ इतना बड़ा धोखा किया, हमें हमारी जमीन व मकान के कागज हमें वापस दे दो तो शंकरलाल ने साफ मना कर दिया और धमकी दी कि अगर तुमने मकान ओर जमीन का कब्जा नहीं दिया तो इस जमीन के अंदर मारकर गड़वा दूंगा। मेरे सास व ससुर अत्यधिक वृद्ध है एवं वृद्धावस्था की कई बीमारियों से ग्रस्त हैं ओर मेरी दो पुत्रियां हैं जो कि अविवाहित हैं जो कि हमारे साथ निवास करती है। जबकि शंकरलाल ने मेरे पति के अनपढ़ व अशिक्षित होने का फायदा उठाकर वह रिश्तेदारी में कहकर उसे लोन दिलाने के नाम पर उससे जमीन की रजिस्ट्री अपने नाम करवा ली

# विजेंद्र मीना मर्डर केस का खुलासा हुआ, मृतक की पत्नी और प्रेमी को गिरफ्तार किया

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** बाटोदा थाना क्षेत्र के विजेंद्र मीना मर्डर केस का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने हत्या के आरोप में मृतक की पत्नी निरमा देवी और उसके पोस्टमैन प्रेमी जसराम मीणा को गिरफ्तार कर लिया है।

विजेंद्र की पत्नी निरमा देवी का करौली जिले के पाडली गांव निवासी जसराम मीणा से करीब 3 साल से प्रेम संबंध चल रहा था। कुछ दिन पहले युवक को पत्नी के प्रेम संबंध के बार में पता चल गया। इस पर बुधवार शाम आरोपी ने विजेंद्र को शराब पीने बुलाया और फिर गला घोंटकर माल दिया। इसके बाद उसके शव को हैंडपंप के पास गड्ढे में भरे पानी में फेंक दिया। बाटोदा थाने के एसएचओ विवेक हरसाना ने बताया कि मृतक युवक विजेंद्र व आरोपी जसराम 3 साल से आपस में जानते थे। प्रेमी जसराम मीणा कोंडली गांव में पोस्टमैन पद पर नौकरी करता था और जसराम का मृतक के घर आना जाना था। इसी बीच विजेंद्र की पत्नी निरमा और जसराम में प्रेम संबंध हो गए। कुछ दिन पहले विजेंद्र को इस बात का पता चल गया।



बाटोदा थाना क्षेत्र के विजेंद्र मीना मर्डर केस का पुलिस ने खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

- **आरोपी ने मृतक को शराब पीने के बहाने बुलाया फिर गला घोंटकर मार डाला**
- **मृतक के मोबाइल से मिली कॉल डिटेल के आधार पर मामले का खुलासा हुआ**

निरमा देवी ने यह बात जसराम को बताई तो उसने विजेंद्र को मारने का प्लान बनाया। उसने बुधवार शाम करीब 8:30 बजे विजेंद्र को शराब पीने बुलाया और गला घोंटकर मार दिया। मृतक के मोबाइल से मिली कॉल डिटेल के आधार पर मामले का खुलासा हुआ। जानकारी के अनुसार आरामपुरा गांव में सुबह करीब 8 बजे गांव के बाहर हैंडपंप के पास गड्ढे में भरे कीचड में विजेंद्र मीना निवासी काजी कुंडली नंबर 2 मुलक्या की ढाणी बाटोदा का शव मिला। सूचना पर बाटोदा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को गंगापुर सिटी अस्पताल पहुंचाया। मृतक युवक की 2014 में शादी हुई थी और वह खेती का काम करता था।

मृतक के चचेरे भाई दिनेश मीणा ने बताया कि विजेंद्र के मुंह और आंख पर चोट के निशान हैं जिससे लगता है कि कहीं और हत्या करने के बाद शव को यहां लाकर डाला गया है। दिनेश मीणा ने कहा कि बुधवार रात करीब 8:30 बजे उसकी विजेंद्र से बात हुई थी। उसने कहा था कि शुक्रवार को वह क्रिकेट मैच खेलने जाएगा।

# खेत में छिपा रखी पन्द्रह लाख की शराब जब्त

**उदयपुर, (कासं)।** घासा थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान खेत में छिपा कर रखी लाखों की अवैध शराब जब्त कर खेत मालिक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मुकेश सांखला के निर्देशन में पुलिस उप अधीक्षक मावली कैलाश कंवर के सुपरविजन में घासा थानाधिकारी फैलीराम के नेतृत्व में मय जाप्ता को मुखबीर से गुरूवार रात में गश्त के दौरान गांव बापेर में सुनसान स्थान पर खेत में बने मकान में हरियाणा निर्मित अवैध शराब छिपा कर रखी होने की सूचना मिली। पुलिस टीम पहुंची। जहां खेत मालिक झीपो का रहट थाना देलवाड़ा जिला राजसमन्द निवासी प्रकाश पुत्र वरदा डांगी का होने की जानकारी मिली। मौके पर तलाशी में मक्का व ज्वार की कड़ब की आड में हरियाणा निर्मित अंगेजी शराब के 307 कर्टन पाए गए। पुलिस ने शराब जब्त कर खेत मालिक प्रकाश डांगी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की। बरामद शराब की बाजार कीमत करीब पन्द्रह लाख रूपये बताई जाती है।

# ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट निर्माण के काम को एडीएम व एसडीएम ने परखा

**बामनवास, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निर्माणाधीन ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट का अतिरिक्त जिला कलेक्टर नवरत्न कोली एवं एसडीएम रतन लाल योगी ने जायजा लिया। जहां ऑक्सीजन जेनरेशन प्लांट निर्माण अधूरा रहने एवं उस निर्माण की गति धीमी होने पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर कोली ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट निर्माण को जल्द पूरा कर उसे चालू करने के संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किए।

अतिरिक्त कलेक्टर कोली ने कहा कि मौजूदा समय में ओमीक्रॉन के मरीज पाए जा रहे हैं। ऐसे में सरकार द्वारा इस खतरे को रोकने के लिए गाइडलाइन ही जारी की गई है। निरीक्षण के दौरान उप जिला कलेक्टर बामनवास बीसीएमएचओ नंदकिशोर मीणा अधिशासी अभियंता जेवीवीएनएल गंगापुर सिटी आदि उनके साथ उपस्थित रहे। ओमीक्रॉन वेरिएंट के बढ़ते हुए मामलों से बनी तीसरी लहर की आशंका को देखते हुए आज अतिरिक्त जिला कलेक्टर नवरत्न कोली द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बामनवास में निर्माणाधीन ऑक्सीजन जेनरेशन प्लांट का निरीक्षण किया, जिसमें उनके द्वारा मनीफोल्ड रूम वार्ड में बनाए गए ऑक्सीजन पॉइंट्स तथा निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने आदि के संबंध में जानकारी ली। गौरतलब है कि स्वास्थ्य विभाग के एनएचएम से जुड़े अधिकारियों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बामनवास में निर्माणाधीन ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट को पूरा बताकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण करवा दिया गया था, लेकिन इस आक्सीजन जनरेशन प्लांट का अब तक पूरा निर्माण नहीं हुआ है।



बामनवास में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निर्माणाधीन आक्सीजन जनरेशन प्लांट का अति. कलेक्टर व एसडीएम ने निरीक्षण किया।

- **एडीएम ने नाराजगी जता अधिकारियों को निर्देश दिए**
- **अभी तक शुरू नहीं हुआ प्लांट, निर्माण पूरा बताकर सीएम से कराया था लोकार्पण**

# जाजोता मार्ग पर हाथ कटे व्यक्ति के शव की हुई शिनाख्त

**रूपनगढ़, (निसं)।** कस्बे के जाजोता मार्ग पर गुरुवार को अलसुबह हाथ कट्टे अज्ञात व्यक्ति के मिले शव की पहचान धन्नाराम पुत्र मदनलाल बावरी निवासी कुचिपुला थाना गच्छीपुरा जिला नागौर के रूप में हुई है। मृतक की पहचान उसके भाई राधाकिशन ने की है। पुलिस ने शुक्रवार 31 दिसम्बर सुबह मृतक का रूपनगढ़ स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टमार्टम करवाकर शव उसके भाई राधाकिशन को सुपुर्द कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मृतक धन्नाराम हत्या के आरोप में 15 साल से फरार चल रहा था। जिसकी गच्छीपुरा थाना पुलिस तलाश कर रही थी। थानाधिकारी अयूब खान ने बताया कि मृतक का शव रूपनगढ़ क्षेत्र में कौन पटक गया और इसका इलाज किस अस्पताल में हुआ इसकी जांच की जा रही है। फिलहाल पुलिस ने मृतक का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

# 5 महिलाओं ने की ज्वेलर्स की दुकान में लाखों की चोरी

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर के नया बाजार स्थित एक ज्वेलर्स की दुकान पर पांच शातिर महिलाओं द्वारा जेवरात चोरी की वारदात का मामला सामने आया है। दुकान संचालक ने सदर कोतवाली थाने में अज्ञात पांच शातिर महिलाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया और सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को सौंपी। शुक्रवार को पुलिस ने दुकान का मौका मुआयना कर सीसीटीवी के आधार पर जांच शुरू करते हुए महिला चोर गिरोह की तलाश शुरू कर दी। चुराये गए जेवरात की कीमत लगभग 20 से 25 लाख रुपए बताई है।

नया बाजार स्थित स्वर्ण गंगा ज्वेलर्स दुकान के संचालक रोहिताश ने बताया कि 28 दिसंबर को कुछ महिलाएं जेवर खरीदने दुकान आई थी। इस दौरान महिलाओं ने बेटे को बातों में उलझाकर करीब 500 ग्राम सोना चोरी कर फरार हो गई। सोने की कीमत 25 लाख रुपए के करीब है। रोहिताश ने बताया कि दुकान पर पांच महिलाएं आई थी जिन्होंने ज्वेलरी खरीदने के बहाने इधर उधर की बातें की और बड़े ही शातिराना ढंग से ज्वेलरी से भरा एक बॉक्स चुरा लिया। पांच शातिर महिलाओं के साथ दो बच्चे भी थे। रोहिताश ने बताया कि सोना चोरी होने की सूचना देर रात स्टॉक चेक करने पर पता चले, इसके बाद उन्होंने दुकान में लगे सीसीटीवी के फुटेज चेक किए तो उसमें कुछ महिलाएं चोरी करते हुए दिखाई दी।

- **चुराये गए जेवरात की कीमत लगभग 20 से 25 लाख रुपए बताई**

मामले की सूचना कोतवाली थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना किया और दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज के साथ साथ आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी देखे हैं। दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज में महिलाओं के साथ दो छोटे बच्चे भी दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर महिला चोर गिरोह की तलाश शुरू कर दी है, पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

# गर्भवती महिला का प्रसव करवाने से मना करने वाले दो डॉक्टरों व नर्स पर कार्रवाई के आदेश

## राज्य मानवाधिकार आयोग ने अलवर सीएचसी के डॉक्टर शिवकांत शर्मा, डॉ. आकांक्षा यादव और नर्स बसंती को दोषी माना

**जयपुर, (कासं)।** अलवर के तीन सरकारी अस्पतालों में प्रसव के लिए भटकने के बाद आखिरकार अकबरपुर सीएचसी के गेट पर बच्ची को जन्म देने वाली महिला को साढ़े 3 साल बाद राज्य मानवाधिकार आयोग से न्याय मिला है।

आयोग ने इस प्रकरण में डॉक्टर शिवकांत शर्मा, डॉ. आकांक्षा यादव और नर्स बसंती को दोषी मानते हुए उनके खिलाफ जांच के आदेश दिये हैं। साथ ही सरकार को आदेश दिया है कि पीड़ित महिला लाछा देवी को 1 लाख रु. का आर्थिक मुआवजा दिया जाये। 4 जुलाई 2017 को जब यह खबर छपी तो तत्कालीन अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश टाटिया ने इस पर प्रसंज्ञान लेकर अलवर सीएमएचओ से रिपोर्ट मांगी थी, लेकिन साढ़े 3 साल बाद भी विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की।

आयोग के मुताबिक 1 जुलाई 2017 को अलवर जिले निवासी लाछा देवी गर्भवती थी, जिसे परिजन सीएचसी अकबरपुर ले गये। जहां डॉक्टर अनुपस्थित होने के कारण नर्स बसंती ने लाछा को अलवर के जनाना हॉस्पिटल में रैफर कर दिया। महिला को प्रसव पीड़ा (लेबर पैन) होने पर परिजन रास्ते में काला कुआ सेटेलाइट हॉस्पिटल भी पहुंचे, लेकिन वहां भी महिला डॉक्टर उपस्थित नहीं मिले। अलवर जनाना हॉस्टिपल में भर्ती करते समय डॉ. लीना गोयल व डॉ. कंचन बत्रा ने नोट्स डाले। इस दौरान काफी वक्त बीतने के बाद भी जब ड्यूटी स्टॉफ द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया तो परिजन लाछा देवी को लेकर वापस घर आने लगे। रास्ते में प्रसव पीड़ा तेज होने पर उसे पुनः सीएचसी अकबरपुर ले गये,

- **आयोग ने सरकार को आदेश दिया है कि पीड़ित महिला लाछा देवी को 1 लाख रु. का आर्थिक मुआवजा दें, जांच के बाद यह रकम दोषियों से वसूली जाये**

लेकिन नर्स बसंती ने यह कहते हुए भर्ती करने से मना कर दिया कि पहले अलवर जनाना हॉस्टिपल के कागजात दिखाओ। ऐसे में परिजन गर्भवती लाछा को लेकर मजबूरन किसी दाई के पास जा रहे थे, तभी अस्पताल के गेट पर ही महिला ने बच्ची को जन्म दे दिया। जैसे ही यह खबर सीएचसी के डॉक्टर्स को लगी तो उन्होंने अपनी गलती छिपाने के लिए महिला को भर्ती करके प्रसव का तीसरा चरण पूरा किया।

राज्य मानवाधिकार आयोग के मुताबिक 1 जुलाई को सीएचसी पर चिकित्सा अधिकारी डॉ. शिवकांत शर्मा व डॉ. आकांक्षा की हाजिरी तो रजिस्टर में थी, लेकिन वे सीट पर नहीं थे। चिकित्सा विभाग ने भी यह गलती मानी है। ऐसे में आयोग ने इस पूरे प्रकरण में डॉक्टर शिवकांत शर्मा, डॉ. आकांक्षा यादव और नर्स बसंती को दोषी मानते हुए तीनों को एपीओ करके विस्तृत जांच के आदेश दिये थे। करीब साढ़े तीन साल सेज्यादा का वक्त बीत जाने के बावजूद भी चिकित्सा विभाग ने कोई उचित जवाब पेश नहीं किया। इसके चलते आयोग ने इस प्रकरण में सरकार को आदेश दिये हैं कि पीड़िता लाछा देवी को इन डॉक्टर्स की लापरवाही से जो वेदना झेलनी पड़ी, उसके बदले तुरंत एक लाख रु. का आर्थिक मुआवजा दिया जाये। साथ ही दोनों डॉक्टर व नर्स के खिलाफ कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाये। जांच खत्म होने के बाद इस मुआवजे राशि की वसूली भी डॉ. शिवकांत शर्मा, डॉ. आकांक्षा यादव और नर्स बसंती से की जाये।

# पुलिस हिरासत में युवक की मौत का मामला : लोहावट थानाधिकारी और एक सिपाही निलंबित

## तीन पुलिस कर्मी लाइन हाजिर

**जोधपुर, (कासं)।** जिले के लोहावट पुलिस थाना क्षेत्र में दुष्कर्म व अपहरण के मामले में सह आरोपी अनूपगढ़ के राजू नायक की पुलिस की हिरासत में मौत का मामला एक सप्ताह बाद शांत हो गया। परिजनों की अधिकांश मांगों पर सहमति प्रदान कर दी। इस मामले में लोहावट थानाधिकारी व एक कांस्टेबल को सस्पेंड कर दिया गया है। जबकि तीन पुलिस कांस्टेबल को लाइन हाजिर किया गया है। वहीं मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी देने के साथ ही बीस लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

पुलिस का कहना है कि 24 दिसंबर को राजू नायक को अनूपगढ़ से पकडक़र लोहावट ला रहे थे, बीच रास्ते में तबीयत बिगडऩे पर उसे जोधपुर

- **मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी व बीस लाख रुपए की सहायता दी जाएगी**

एमडीएमएच में भर्ती कराया, जहां मौत हो गई। वहीं परिजनों का आरोप है कि पुलिस की पिटाई से राजू की मौत हुई। तब से परिजन अनूपगढ़ व लोहावट में धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। 4 दिन तक लोहावट में धरने पर कोई सुनवाई नहीं होने पर वहां से पैदल ही जोधपुर रवाना हो गए। गुरुवार को पैदल जत्था मथानिया पहुंचा। इससे पहले ओसियां में पुलिस प्रशासन ने फिर से वार्ता की मगर कोई हल नहीं निकला।

इस आंदोलन की अगुवाई कर रहे सीताराम नायक ने बताया कि आज जिला कलेक्टर इंद्रजीतसिंह व एसपी अनिल कयाल के साथ हुई वार्ता के बाद उनकी अधिकांश मांगों पर सहमति बन गई। राज्य सरकार ने थानाधिकारी केसाराम बांता व कांस्टेबल रूपाराम को सस्पेंड कर दिया। वहीं तीन कांस्टेबलों को लाइन हाजिर कर दिया। सीताराम के अनुसार अन्य सभी मांगों पर सहमति बन गई।

अब मथानिया में पैदल मार्च को रोक दिया गया है। कुछ लोग मोर्चरी पर आए है। शेष को गांव भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## मंदिर से चोरी हुए चांदी के तीन छत्र बरामद

**डिग्गी, (निसं)।** धर्म नगरी डिग्गीपुरी में बुधवार रात्रि को तीन मंदिरों में हुई चोरी के मामले में डिग्गी थाना प्रभारी सत्यनारायण चौधरी के नेतृत्व में पुलिस द्वारा अनुसंधान जारी है।

डिग्गी थानाधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को अनुसंधान के दौरान जाट धर्मशाला स्थित मंदिर से चोरी हुए सामान की सूची में शामिल चांदी के तीन छत्र व चांदी की चैन मंदिर में ही बरामद हुए। उन्होंने बताया कि मंदिर समिति द्वारा दर्ज करवाई गई रिपोर्ट में चांदी के तीन छत्र व चैन चोरी की बात भी लिखी गई थी। डिग्गी थानाधिकारी सत्यनारायण चौधरी ने बताया कि पुलिस टीम अनुसंधान कर रही है।

## रेलवे ट्रेक पर लाश मिली

**चाकसू, (निसं)।** कस्बे के रेलवे ट्रैक पर एक नौजवान की कटी लाश मिलने से कस्बे में सनसनी फैल गई। रेलवे अधिकारी करण सिंह ने बताया कि रात्रि करीब 12 बजे फाटक पर कार्यरत कर्मचारियों को फाटक से 50 मीटर आगे रेलवे ट्रैक पर एक युवक की लाश मिली इस पर चाकसू पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर चाकसू पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर मोर्चरी भिजवाया।

## बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार तीन युवकों की मौत

**उदयपुर, (कासं)।** जिले का बावलवाड़ा थाना क्षेत्र में बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गई।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 29 दिसंबर रात में बावलवाड़ा थाना क्षेत्र में झोपड़ी गांव के समीप बोलेरों ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार केलावाड़ा जागीहर सारोली निवासी कुलदीप (20) पुत्र शंभूलाल मीणा उमेश (22) पुत्र बाबुलाल मीणा की मौके पर ही मौत हो गई तथा सेरिया गांव निवासी सुनिल पुत्र शंभूलाल की डूंगरपुर चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गई।

घटना वाली रात में तीनों बाइक पर खेरवाड़ा से घर लौट रहे थे। जहां बीच रास्ते बाइक खड़ी कर लघुशंका करने के लिए रूके थे। इस दौरान खेरवाड़ा से बावलवाड़ा की तरफ आ रहे बोलेरों वाहन ने तीनों को चपेट में ले लिया था। जिससे कुलदीप व उमेश की मौके पर ही मौत हो गई थी तथा सुनिल की डूंगरपुर चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गई थी। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस ने मृतकों का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया ने टोंक जिला प्रशासन को जमकर आड़े हाथ लिया

**मालपुरा, (निसं)।** शुक्रवार की देर शाम को डिग्गी कल्याण जी महाराज के मंदिर में दर्शन कर मालपुरा नगरपालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी के यहां आयोजित धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया का भाजपाईयों ने स्वागत कर हमारा मुख्यमंत्री कैसा हो, सतीश पूनिया जैसा हो के जयकारे लगा जमकर आतिशबाजी की।

सुभाष गालव, नन्दकिशोर सैनी, मनीष सोनी, प्रधान सकराम चौपड़ा, बछराज गुर्जर, राजकुमार जैन, त्रिलोक जैन, नोरत बिलवाल सहित बड़ी संख्या में मौजूद भाजपाइयों ने पूनिया का स्वागत किया। ततपश्चात पूनिया ने भाजपा कार्यालय में मीडिया से मुखातिब होते हुए टोंक जिला प्रशासन को जमकर आड़ेहाथ लेते हुए कहा कि सरकारें तो आती और जाती रही हैं। भाजपा सांसद व विधायक सहित भाजपाइयों पर कांग्रेस सरकार के इशारे पर सरकार का गुलाम बनकर काम

- **कहा कि प्रशासन की प्रदेश सरकार का गुलाम बनकर काम करने के बजाय समझ जाने में ही भलाई है**
- **सतीश पूनिया कल्याणजी के मंदिर में दर्शन कर मालपुरा नगरपालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी के यहां आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे**

करने तथा दमनात्मक कार्यवाही करने के बजाय टोंक जिला प्रशासन को समय रहते समझजाने में ही भलाई है। शुक्रवार को टोंक जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाली भाजपा की जनाक्रोश रैली एक दिन पूर्व निरस्त होने के कारण पूछने पर पूनिया ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की उल्टी गिनती शुरू हो जाने के कारण सरकार बोखला गई है। इसी कारण सरकार के इशारे पर जिला प्रशासन ने जनाक्रोश रैली की अनुमति नहीं दी है। पूनिया ने कहा कि ओमिक्रोन का प्रभाव कम होने के बाद जिला मुख्यालय पर विशाल जनाक्रोश रैली की जाएगी।

पूनिया ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में मिशन 2023 का भाजपा का लक्ष्य प्रदेश में प्रचण्ड बहुमत से भाजपा की सरकार बनाना होगा। प्रदेश की कांग्रेस सरकार का तीन साल का कार्यकाल पूर्ण रूप से असफ़ल रहा है। तीन साल तक मुख्यमंत्री अपनी कुर्सी बचाने में जयपुर से दिल्ली की यात्राएं करते रहे तो कांग्रेस आला कमान प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बचाने में लगी रही। पुलिस व प्रशासन सरकार का गुलाम बनकर उसी के इशारे पर काम कर रहा है। भाजपाईयों पर दमनात्मक कार्यवाही कर रहा है। झूठे मुकदमें दर्ज कर डराने, धमकाने का काम कर रहा है।

## प्रेमी ने की प्रेमिका के पति की हत्या, दोनों गिरफ्तार

**बौंली, (निसं)।** क्षेत्र के काजी कुंडली गांव में वीरेंद्र मीणा की हत्या के मामले में बाटोदा पुलिस ने मृतक की पत्नी व उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर हैंडपंप के पास बरामद लाश का पर्दाफाश कर दिया।

बाटोदा थाने के काजी कुंडली गांव में उसी गांव के निवासी विजेंद्र मीणा की हैंडपंप के पास लाश मिली थी। उसके शरीर पर चोटों के निशान थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए बामनवास पुलिस उपाधीक्षक तेज कुमार पाठक के नेतृत्व में गठित टीम में शामिल मलारना डूंगर, बामनवास व बाटोदा थाना प्रभारियों के साथ गठित टीम ने इस मामले में मृतक की पत्नी निरमा व उसके प्रेमी पोस्टमैन जसराम मीणा को गिरफ्तार कर लिया है। पोस्टमैन जसराम मीणा का मृतक की पत्नी से 3 वर्ष से अवैध संबंध थे योजना के तहत जसराम ने मृतक विजेंद्र को शराब पिलाई व उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया जिसका शुक्रवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# साढ़े 6 लाख रुपये की ठगी करने वाला शातिर गिरफ्तार




पुलिस ने ऐंटिक कछुआ के नाम पर ठगी करने वालों को दबोचा।

**दौसा, (निसं)।** दौसा कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को ऐंटिक कछुआ के नाम पर साढे 6 लाख रुपये की ठगी करने वाले एक शातिर को गिरफ्तार किया है।

ठगी के आरोप में गिरफ्तार आरोपित से 1 लाख 80 हजार रुपये बरामद किये हैं। कोतवाल लालसिंह ने बताया कि 25 दिसंबर को जडाव फाटक निवासी राजाबाबू पुत्र मांगीलाल जाति सैनी ने मामला दर्ज कराया कि 24 दिसंबर को संजय कालबेलिया मेरे पास आया और बोला कि ऐन्टीक कछुआ 6 लाख 50 हजार रुपये में मिल रहा है। उसको खरीदने वाला मेरे पास है तथा मेरे पास पैसे नहीं होने के कारण मैं खरीद नहीं सकता। खरीदने के बाद ऐन्टीक कछुआ को 20 लाख रुपये में खरीदने वाली पार्टी मेरे पास है। जिसको बेच देंगे तथा मुनाफा होगा उसका हिस्सा आधा -आधा कर लिया जावेगा। इस तरह का षडयंत्र रचकर 6 लाख 50 हजार रूपये ठग लिये और मरा हुआ कछुआ दे दिया लेने से मना करने पर 2 लाख 50 हजार रूपये की और मांग की। जिस पर पुलिस ने दबिश देकर मुकेश मोंगिया पुत्र श्योजी मोंगिया निवासी मोग्या ढाणी तन अम्बापुरा थाना मालपुरा जिला टोंक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने मुकेश को पुलिस रिमांड में भेज दिया।

## धक्का-मुक्की के बीच किन्नू ट्रेन बांग्लादेश रवाना

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** देश विदेश में पहचान रखने वाले श्रीगंगानगर के किन्नू से लदी स्पेशल किन्नू ट्रेन श्रीगंगानगर स्टेशन से रवाना हुई। ट्रेन को झंडी दिखाने के मौके पर अफरा तफरी का माहौल हो गया।

इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने यहां एक कार्यक्रम रखा था। इसमें सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री निहालचंद, एमएलए राजकुमार गौड़, कलेक्टर जाकिर हुसैन, नगर परिषद सभापति करुणा चांडक, बीकानेर डिवीजन के एडीआरएम एनके शर्मा, संयुक्त निदेशक कृषि डॉ.जीआर मटोरिया सहित कई लोग मौजूद थे।

ट्रेन की रवानगी के समय होने के

- **ट्रेन को झंडी दिखाने के मौके पर अफरा तफरी का माहौल हो गया था**

दौरान ठीक पौने आठ बजे तक जब कार्यक्रम चल रहा था तो ट्रेन ने व्हीसल दे दी। गाड़ी ट्रेक पर थोड़ी आगे चलती दिखी तो कलेक्टर, एमएलए गौड़, सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री निहालचंद और अन्य अधिकारी ट्रेन की ओर लपके। ट्रेन को झंडी दिखाने से पहले ही भाजपा के कुछ कार्यकर्ता भाजपा जिंदाबाद के नारे लगाने लगे तो अन्यों ने आपत्ति जताई। यहां धक्का-मुक्की के बीच पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद निहालचंद, विधायक राजकुमार गौड़ और अन्य अतिथियों ने ट्रेन को झंडी तो दिखा दी लेकिन इस दौरान जबर्दस्त अव्यवस्था रही।

कलेक्टर जाकिर हुसैन ने श्रीगंगानगर के बांग्लादेश के लिए रेल चलने को बड़ी सफलता बताया। कार्यक्रम में किन्नू क्लब की ओर से किन्नू संघ का रेल चलवाने में किए प्रयासों के लिए लिए सम्मान किया। किन्नू क्लब की ओर राघव लीला का बनाया विशेष केक भी काटा।

## बोलेरो के सामने आए दो बघेरे

**निवाई, (निसं)।** गांव नोहटा में बोलेरो के सामने दो बघेरे आने से चालक भयभीत हो गया। पूर्व सरपंच तेजवीर चौधरी ने बताया कि वह कृषि फार्म से अपनी बोलेरो कार से गांव नोहटा की ओर आ रहे थे। इसी दौरान मोबाइल टावर के पास मोड पर अचानक दो बघेरे कार के सामने आ गए। एक बघेरा बोलेरो कार के बोनट पर आ चढ़ा और दूसरा कार के नीचे जा घुसा। जिससे वह डर गया और कार में बैठा रहा।

# ओमीक्रोन वेरिएंट से नैगेटिव होने के बाद उपचार के दौरान वृद्ध ने दम तोड़ा

## उदयपुर जिले में शुक्रवार को चार पॉजीटिव मिले


**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर जिले में शुक्रवार को चार पॉजीटिव मिले है वहीं ओमीक्रोन वेरिएंट से संक्रमित हुआ एक वृद्ध नेगेटिव होने के बाद उसकी आज उपचार के दौरान मौत हो गई है। हालांकि चिकित्सा प्रशासन ने इसे पोस्ट कोविड कॉम्प्लीकेशन से मौत होना बताया है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश खराड़ी ने बताया कि 15 दिसम्बर को सवीना निवासी एक 73 वर्षीय वृद्ध को एमबी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। उनमें कोविड के लक्षण थे और रिपोर्ट पॉजीटिव मिली थी। 21 दिसम्बर को उनकी रिपोर्ट नेगेटिव हो गई थी। वहीं जिनम सिक्वेसिंग के लिए भेजे गए उनके सैम्पल की जांच रिपोर्ट में ओमिक्रॉन वेरिएंट की पुष्टि हुई हालांकि उनकी दोनों रिपोर्ट नेगेटिव पाई गई। खराड़ी ने बताया कि बुजुर्ग की मौत पोस्ट कोविड निमोनिया से हुई है। बुजुर्ग

- **मरीज हायरपटेंशन, हाइपोथॉरोडिज्म, डायबिटीज से भी ग्रसित था**
- **जीनम सिक्वेसिंग के लिए भेजे सैम्पल में ओमीक्रॉन की हुई थी पुष्टि, पर दोनों रिपोर्ट नेगेटिव आई**

की कोई ट्रैवल हिस्ट्री नहीं थी। साथ ही मरीज हायरपटेंशन, हाइपोथॉरोडिज्म, डायबिटीज से भी ग्रसित था। इधर, जिले में आज प्राप्त 1975 सैम्पल जांच रिपोर्ट में से 04 पॉजीटिव मिले है। संक्रमित शहरी क्षेत्र से हैं और नए संक्रमित हैं। जिले में आज एक संक्रमित रिकवर हुआ।

# सब्जी बेचने वाले ने लहसुन व प्याज से बनाया नववर्ष 2022



नववर्ष की पूर्व संध्या पर नव वर्ष 2022 बनाकर बधाई संदेश देता सब्जी वाला युवक।

**टोंक, (नि.स.)।** जिला मुख्यालय सहित जिलेभर में नववर्ष के आगमन से एक दिन पूर्व शुक्रवार को ठंड का असर तेज हो गया है और शुक्रवार को गलनभरी सर्दी रहने व बादल छाए रहने के कारण आमजन ठंड से बुरी तरह बेहाल रहा। नववर्ष की पूर्व संध्या पर युवाओं ने गलनभरी सर्दी के बीच नववर्ष का स्वागत किया।

2021 वर्ष के अन्तिम दिन युवा नववर्ष 2022 के स्वागत की तैयारियां में लगे रहे और रात को अपने अपने दोस्तों के साथ रहकर नववर्ष के आगमन पर स्वागत किया और नववर्ष की पार्टी की देर तक मनाई। इसके साथ ही बाजार में पुराना बस स्टेंड के बाहर सब्जी बेचने वाले व्यापारी ने प्याज से नववर्ष 2022 बनाकर लोगों को आकर्षित कर नववर्ष के आगाज की बधाई दी।

## बीकानेर में दो कोरोना पॉजिटिव आए

**बीकानेर, (कासं)।** पिछले तीन दिन में ही जिले में 21 लोगों की कोविड रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। शुक्रवार को बीकानेर में 2 ही पॉजिटिव आए हैं। दोनों ही पॉजिटिव बीकानेर शहर से हैं। इनमें एक रामपुरा बस्ती में रहने वाले व्यक्ति हैं तो दूसरा पीबीएम अस्पताल में भर्ती एक वृद्ध है। बीकानेर में कोरोना धीरे धीरे अपने पांव जमाने लगा है। लगभग हर क्षेत्र में एक दो कोरोना पॉजिटिव आ रहे हैं। दूसरी लहर में जो क्षेत्र हॉट स्पॉट बने थे वहीं पर इस बार फिर पॉजिटिव केस बढ़ रहे हैं।

जयनारायण व्यास कॉलोनी और मुरलीधर व्यास कॉलोनी में कोरोना रोगियों की संख्या डबल डिजिट में पहुंच गई है। इसी तरह गंगाशहर में पहले भी बड़ी संख्या थी। इस बार भी यहां कोविड रोगी

- **नोखा के लोग बड़ी संख्या में मुम्बई में रहते हैं जहां कोविड के रोगी हजारों में हैं**
- **इस बार अब तक आधा दर्जन बच्चों को कोरोना हो चुका है**

आने शुरू हो गए हैं। गंगाशहर में ज्यादा बाहरी लोग आते हैं। इसीलिए यहां कोविड का खतरा ज्यादा रहता है।

चिंता की बात ये है कि नोखा में अलग अलग मोहल्लों से फिर रोगी आ रहे हैं। यहां भी प्रवासी ज्यादा आते हैं। नोखा के लोग बड़ी संख्या में मुम्बई में रहते हैं। जहां एक बार फिर कोविड के रोगी हजारों में आ रहे हैं। नोखा में जो लोग ट्रेन से आ रहे हैं उनकी भी जांच नहीं हो रही है। ऐसे में सड़क मार्ग से आने वालों की जांच का सवाल ही नहीं उठता। बीकानेर के पवनपुरी, सार्दुलगंज, परकोटे में भी कोविड रोगी मिल रहे हैं। परकोटे में आचार्यों की घाटी के नीचे तीन पॉजिटिव मिल चुके हैं। इसी महीने में साठ से ज्यादा पॉजिटिव केस बीकानेर में आए हैं। ऐसे में हर एरिया में संक्रमण धीरे-धीरे बढ़ रहा है। आशंका जताई जा रही है कि जनवरी में केस कई गुना तक बढ़ सकते हैं। इस बार अब तक आधा दर्जन बच्चों को कोरोना हो चुका है।

## भीलवाड़ा में तीन नए पॉजीटिव निकले

**भीलवाड़ा, (निसं)।** भीलवाडा में कोरोना का कहर लगातार बढ ता जा रहा है। साल के अंत में भीलवाडा जिले में अब तक 26 कोरोना संक्रमित मरीज सामने आ चुके हैं। शुक्रवार को भीलवाडा में एक डॉक्टर के साथ ही 3 संक्रमित मिले हैं।

सीएमएचओ डॉ मुस्ताक खान ने बताया कि 1 दिसंबर से 31 दिसंबर यानी साल के आखिरी दिन तक भीलवाडा में 26 नए कोरोना पॉजीटिव आ चुके हैं। सीमा चौहान ने बताया कि भीलवाड़ा में 10 कोरोना मरीजों के सैंपल ओमिक्रोन की जांच के लिए जयपुर भेजे गए हैं, फिलहाल उनकी रिपोर्ट नहीं आई है। भीलवाड़ा में शुक्रवार को एक डॉक्टर के साथ ही तीन और नए कोरोना संक्रमित सामने आए हैं, जिनमें आरसी व्यास कॉलोनी निवासी युवक और कांचीपुरम निवासी युवक शामिल है जो कि मुंबई से लौटे थे। इनके अलावा मेरठ में एग्जबिशन में शामिल होकर भीलवाडा लौटे एक डॉक्टर जो कि बापू नगर के निवासी हैं वह पॉजिटिव आए हैं। तीनों के बाहर से लौटने और आई एल आई सिम्टम्स के चलते जांच करवाई गई थी।

## अलवर में तीन दिन में 24 नए पॉजिटिव आए

**अलवर, (निसं)।** अलवर में कोरोना ने छलांग लगाना शुरू कर दिया है। तीन दिन में रिकॉर्ड 24 कोरोना संक्रमित सामने आए हैं। पहले दिन 6, दूसरे दिन 7 और तीसरे दिन 11 संक्रिमत आए।

कोरोना के मरीज जल्दी सैकड़ों से हजारों में पहुंच सकते हैं। शुक्रवार को अकेले अलवर शहर से 9 कोरोना पॉजिटिव आए। 1-1 मरीज बहरोड़ व मालाखेड़ा से मिला है। एक्टिव केस 30 हो गए हैं। यही रफ्तार आगे रही तो जल्दी कोरोना के मरीज सैकडों में पहुंच सकते हैं। अभी अलवर जिले के लिए सुखद यही है कि नए वैरिएंट का एक ही मरीज आया है। लेकिन जयपुर व दिल्ली में काफी संक्रमित सामने आ चुके हैं।

## संक्षिप्त

### 11 औद्योगिक भूखण्डों की ई-नीलामी

**दौसा,** (निसं)। रीको कार्यालय दौसा के अन्तर्गत आने वाले औद्योगिक क्षेत्र बापी एवं कोलाना में 11 भूखण्डों की ई– नीलामी की जावेगी। यूनिट दौसा के क्षेत्रीय प्रबन्धक परेश सक्सेना ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र बापी एवं कोलाना में ई–नीलामी के माध्यम से 11 भूखण्डों की नीलामी की जायेगी। ई–नीलामी में भाग लेने हेतु अमानत राशि ऑनलाईन जमा करने की अवधि 27 दिसम्बर 2021 से 13 जनवरी 2022 तक होगी तथां नीलामी हेतु ई– बिर्डिंग की अवधि 17 जनवरी से 19 जनवरी 2022 तक रहेगी।

### पेयजल टंकी निर्माण को लेकर विवाद

**मालपुरा।** किरावल पंचायत मुख्यालय पर घर–घर पेयजल योजना के तहत पानी की टंकी निर्माण को लेकर शुक्रवार को सरपंच व ग्रामीणों में हुए विवाद पर राजीव गांधी सेवा केन्द्र पहुंचे ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना था कि उक्त योजना के अन्तर्गत पानी की टंकी निर्माण सरपंच द्वारा जबरन राजीव गांधी सेवा केन्द्र के पास करवाने का प्रयास जा रहा है। जिसे ग्रामीण गांव के बाहर अथवा अन्य स्थान पर करवाये जाने को लेकर बार–बार सरपंच से मांग की गई लेकिन सरपंच अपनी जिद पर अडे हुए हैं। शुक्रवार को बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने राजीव गांधी सेवा केन्द्र पर प्रदर्शन कर टंकी निर्माण का स्थान बदलने की मांग की।

### विमल अग्रवाल अध्यक्ष बने

**मालपुरा।** दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप मालपुरा के अध्यक्ष पद पर विमल कुमार अग्रवाल को सर्व सम्मति से मनोनीत होने पर समाज बंधुओं ने बधाई दी। संरक्षक एडवोकेट सुरेन्द्र मोहन जैन की अध्यक्षता में हुई बैठक में सचिव पद पर अभिषेक सोगानी, कोषाध्यक्ष एडवोकेट अनीश जैन को मनोनीत किया गया।

### नववर्ष पर दूध पिलाया जाएगा

**पावटा।** कस्बे के भांकरी मोड स्थित अंकित मिष्ठान भण्डार पर 1 जनवरी सांय 5 बजे से नववर्ष के अवसर पर निशुल्क गर्म दूध पिलाया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक कैलाश स्वामी, अजय स्वामी ने बताया की नववर्ष का शुभारम्भ पर युवाओं को शराब व नशे की आदतें छोड़कर दूध पीने की अपील की जाएगी।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से एक की मौत

**श्रीमाधोपुर।** कस्बे के बाईपास रोड अनाज मंडी के पास गुरुवार देर शाम अज्ञात वाहन की टक्कर से एक राहगीर की मौत हो गई मृतक को निजी वाहन से सरकारी अस्पताल पहुंचाया जहां शव को मोर्चरी में रखवाया गया। दुर्घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान मुकेश कुमार योगी वार्ड नंबर 3 श्रीमाधोपुर के रूप में हुई है। मुकेश कुमार देर शाम को टहलने के लिए बाईपास की ओर गया था जहां अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दी।

### जरूरतमंदों को कंबल व जूते भेंट किये

**श्रीमाधोपुर।** कस्बे के सुरेश कसेरा, सुमित कुमावत, तुषार जांगिड़ ,कपिल कसेरा ,साहिल सोनी, चेतन व नवीन जो आपस में दोस्त हैं ने मिलकर असहाय, मजबूर लोगों को 61 कंबल व 21 जोड़ी जूते भेंट किये।

# सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया, चारदीवारी निर्माण होगा

**खैरथल,** (निसं)। स्थानीय नगर पालिका प्रशासन की ओर से जिला कलेक्टर के आदेश पर करोड़ों रुपए मूल्य की बेशकीमती ज़मीन को अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्रवाई की।

नगरपालिका अधिकारियों की ओर से नायब तहसीलदार व उनके अधीनस्थ कर्मचारियों की टीम ने पैमाईश करवा कर पत्थरगढ़ी करवाई गई।

नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी पवन कुमार शर्मा ने बताया

■ पूर्व पार्षदों ने जिला कलेक्टर से की थी मुक्त कराने की मांग

कि कस्बे में गडरियों की ढाणी के समीप नगरपालिका की भू–संपत्ति खसरा नंबर 1238 पर आस पास के खेतिहरों द्वारा अतिक्रमण कर उस पर अस्थाई अतिक्रमणों से पाट दिया गया था जिसकी तत्कालीन वार्ड पार्षदों की ओर से जिला कलक्टर को पत्र लिखकर सूचना दी और उसे मुक्त कराने की मांग की गई।



खैरतल में सरकारी भूमि को जेसीबी से अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्रवाई करते ईओ व जेईएन।

शुक्रवार को अधिशाषी अधिकारी पवन कुमार शर्मा व कनिष्ठ अभियंता मोती लाल वर्मा ने मौके पर पहुंच कर जेसीबी की सहायता से अतिक्रमण को हटवा दिया। अतिक्रमण हटाने गए अधिकारियों के समक्ष हल्का–फुल्का विरोध हुआ जिसे समझाइश कर शांत कर दिया। अतिक्रमण मुक्त कराई गई उक्त भूमि पर चारदीवारी निर्माण करवाने के साथ उस पर तार बंदी और सरकारी भूमि होने का सूचना पट्ट लगाया जाएगा।

जिला प्रशासन की ओर से कस्बे में अन्य सरकारी भूमि को भी अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए निर्देश दिए गए हैं।

पार्षदों सहित लोगों ने नगरपालिका प्रशासन के इस कदम को सराहनीय बताते हुए शीघ्र ही अन्य अतिक्रमणों को भी हटवाने की मांग की है।

## 'जनआधार में नामांकन करवायें'

**टोंक,** (निसं)। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा जनआधार कार्ड से राशन दिये जाने की घोषणा होने के उपरान्त जनआधार कार्ड ही राशन कार्ड होगा। आपको भविष्य में जनआधार कार्ड में अंकित सदस्यों के आधार पर ही राशन सामग्री का वितरण होगा। सहायक निदेशक आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग टोंक ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के अन्तर्गत ऐसे पात्र राशन कार्डधारी परिवारों से अनुरोध करते हुए बताया कि माह जनवरी 2022 में राशन सामग्री लेने जावें तो उनके परिवार के जिन सदस्यों का जनआधार नामांकन नहीं हुआ है, उनका जनाधार नामांकन आवश्यक रूप से करवायें, अन्यथा फिर उन्हें राशन के साथ–साथ राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजना मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के लाभ भी नहीं मिल सकेंगे। आपके पास एक सुनहरा मौका है जिसका फायदा उठाने के लिए आप परिवार के छुटे हुए सदस्यों का नजदीकी ई–मित्र केन्द्र पर जाकर जनआधार नामांकन करवायें। जनआधार नामांकन करवाकर रसीद राशन डीलर को उपलब्ध करवायें ताकि जनआधार नामांकन के आधार पर आपके परिवार को योजनाओं के लाभ आसानी से प्राप्त हो सके।

## सार-समाचार

### कैबिनेट मंत्री रावत का स्वागत



**अलवर।** गिर्राज गुर्जर के निवास, फूटी खेल अलवर में कैबिनेट मंत्री शकुंतला रावत का फूल माला पहनाकर गुर्जर समाज की ओर से भव्य स्वागत किया गया। जिसमें सैकडों की संख्या में गुर्जर समाज के महिला व पुरुष उपस्थित थे। समाजसेवी गिर्राज गुर्जर ने बताया गुर्जर की बेटी को कैबिनेट मंत्री बनने पर समाज अपने आप को गौरवशाली महसूस करता है। इस अवसर पर संविदाकर्मी नवल किशोर गुर्जर ने चिकित्सा संविदा कर्मियों को परमानेंट करने की मांग रखी। अखिल भारतीय गुर्जर महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष जय राज गुर्जर ने सरकार और गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के बीच हुए समझौते को समझते हुए एम.बी.सी. में 4 प्रतिशत बैकलॉग भर्ती जारी करने की मांग रखी। इस मौके पर राम सिंह गुर्जर, खन्ना गुर्जर, एडवोकेट प्रकाश गुर्जर, एडवोकेट हरिओम गुर्जर, संजय गुर्जर, हनुमान गुर्जर, नरेंद्र गुर्जर, फतेह सिंह गुर्जर, राम सिंह जायसवाल, मुकेश सैनी आदि उपस्थित रहे।

### एटीएम से छेड़छाड़ के आरोपी रिमांड पर

**टोंक,** (निसं)। टोंक शहर में एसबीआई बैंक के एटीएम से छेड़छाड़ कर करोड की ठगी करने वाले पांचों आरोपी की रिमांड अवधि पूरी होने पर शहर कोतवाली पुलिस ने न्यायालय में पेश कर 3 जनवरी तक पुलिस रिमांड पर लिया है। शहर कोतवाल जितेन्द्रसिंह चारण ने बताया कि टोंक शहर के भारतीय स्टेट बैंक के एटीएमों से छेड़छाड़ कर बैंक को करीब एक करोड रुपयों की चपत लगाने के मामले में गिरफ्तार आरोपी अवधेश कुमार पुत्र छवीनाथ सिंह निवासी जैनपुर शेखपुर पुलिस थाना अजीतमल जिला ओरय्या उत्तरप्रदेश, लाल सिंह पुत्र रामप्रकाश निवासी नागंला हीरालाल पुलिस थाना बकेवर जिला ईटावा उत्तरप्रदेश, दिवाकर पुत्र राजकुमार निवासी जगदीश पुर थाना अजवैन जिला उन्नाव उत्तरप्रदेश, लोकेन्द्र पुत्र भानूप्रताप निवासी अन्दावा थाना बखेवर जिला ईटावा उत्तरप्रदेश, सोनू पुत्र छोटे लाल निवासी हीरापुर दिवारा थाना कालपी जिला जालोन को न्यायालय में पेश कर फिर से 3 जनवर तक पुलिस रिमांड पर लिया है।

### राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता सम्पन्न

**डिग्गी,** (निसं)। स्थानीय ग्राम पंचायत डिग्गी में आयोजित चौथी राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन आज हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि पुलिस उप अधीक्षक सुशील मान एवं अध्यक्षता राजस्थान बॉल बैडमिंटन संघ राजस्थान के अध्यक्ष शैकात अली मंसूरी ने की। विशिष्ट अतिथि गोपाल गुर्जर पूर्व उप प्रधान पंचायत समिति मालपुरा, अब्दुल कदीर नकवी भूतपूर्व खेल अधिकारी, डिग्गी थानाधिकारी सत्यनारायण चौधरी, उप सरंपच विजयनारायण शर्मा डिग्गी, राजस्थान राज्य बॉल बैडमिंटन के कोषाध्यक्ष लक्ष्मीकांत शर्मा रहे। इस पूरी प्रतियोगिता के दौरान जिला अध्यक्ष मूलशंकर शर्मा उप प्रधान पंचायत यमिति मालपुरा, जिला संघ के चेयरमैन मोहम्मद इसहाक नकवी, शहर अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी मालपुरा विशेष आमन्त्रित सदस्य कैलाश सोनी मौजूद रहे। वहीं पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान जयपुर द्वितीय स्थान चूरू तथा तृतीय स्थान बीकानेर रही। वहीं महिला वर्ग में प्रथम स्थान बीकानेर व द्वितीय स्थान जयपुर तथा तृतीय स्थान दौसा रही। आयोजन सचिव मोहमद इस्लाम नकवी ने बताया कि पुरूष वर्ग में 23 टीमों ने एवं महिला वर्ग में13 टीमों के कुल 432 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

### कब्रिस्तान से अतिक्रमण हटाने की मांग

**मालपुरा,** (निसं)। शहर के वार्ड नम्बर 30 व 31 से सटे नागोरी समाज के कब्रिस्तान पर इन्दिरा कॉलोनी व जवाहर नगर के नागरिकों द्वारा अतिक्रमण कर पक्का निर्माण कर लेने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए नागोरी समाज विकास समिति के पदाधिकारियों व समाज के लोगों ने अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक राकेश कुमार बैरवा, पालिका ईओ नवरतन शर्मा, तहसीलदार जीआर बैरवा, थानाधिकारी कैलाश विश्नोई को ज्ञापन सौंप अतिक्रमण हटवा अतिक्रमियों पर कार्यवाही की मांग की। नागोरी समाज सदर इस्लाम मास्टर, एडवोकेट रईश, शहजलाद, महमूद आदि ने बताया कि समाज के कब्रिस्तान की रिक्त पड़ीं भूमि पर हो रहे अतिक्रमण रोके जाने तथा कॉलोनी वासियों द्वारा सीवरेज लाईनों का गंदा पानी कब्रिस्तान में छोड़े जाने को लेकर कई मृतबा नगरपालिका व प्रशासनिक अधिकारियो को लिखित व मौखिक रूप से अवगत क रवाने के बावजूद ठोस कार्यवाही नहीं करने से अतिक्रमियों के हौंसले बुलंद है।

### ट्रक डिवाइडर कूदकर दूसरी लाइन में घुसा

पावटा। कस्बे के राष्ट्रीय राजमार्ग जयपुर दिल्ली रोड पर शुक्रवार दोपहर को जयपुर की ओर से एक मार्बल से भरा ट्रोला आ रहा था अचानक लाडाकाबास कट पर एक ट्रैक्टर को बचाने के चक्कर में मार्बल से भरे ट्रोले ने ब्रेक लगाए जिससे वह डिवाइडर कूद कर दूसरी लाइन में जाकर सर्विस नाले में जा घुसा। गनीमत यह रही कोई इसमें जनहानि नहीं हुई। वहीं ट्रोला घूमते ही दूसरी लाइन में तिरछा जा फंसा जिससे लंबा जाम लग गया। जिसकी सूचना पर पुलिस ने बडी मशक्कत से क्रेन की मदद से पलटे ट्रोले को एक तरफा करवाकर यातायात को सुचारू रूप से चालू करवाया। प्रागपुरा थाना प्रभारी हवा सिंह यादव ने बताया कि मार्बल से भरा ट्रोला जयपुर से दिल्ली की ओर जा रहा था।

### ईओ ने कार्यभार संभाला

पावटा। स्वायत्त शासन विभाग ने पावटा प्रागपुरा नगरपालिका में नए ईओ हरिनारायण यादव की नियुक्ति की है। विभाग की ओर से जारी सूची के अनुसार रींगस नगरपालिका से हरिनारायण यादव को पावटा प्रागपुरा नगरपालिका में ईओ के पद पर लगाया गया है। वही–ईओ–यादव ने कार्यभार सभालते ही ब्लॉक कांग्रेस पावटा उपाध्यक्ष अजय सैनी के नेतृत्व में लोगो ने ईओ को कार्यभार ग्रहण करने पर बधाई दी। इस दौरान ईओ ने कहा की पालिका क्षेत्र में रोड लाईट, साफ सफाई, नाली छटाई, शौचालय सुविधा व कस्बे के सोन्दर्यकरण के हरसभव प्रयास किए जाऐगे। वही ईओ ने समस्त पालिका कर्मचारी को सीट पर नियमित बैठने व आमजन की समस्या सुनकर तुरन्त प्रभाव से होने वाले कार्य का निस्तारण करने के निर्देश दिए।

## देवयानी तीर्थ स्थल पर असामाजिक तत्वों से मंदिरों के पुजारी परेशान

**सांभरझील,** (निसं)। देवयानी तीर्थ स्थल पर असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिये मंदिर के पुजारियों की ओर से संयुक्त हस्ताक्षरयुक्त एक शिकायत सांभर पुलिस अधीक्षक को लिखकर दी गयी है। बताया गया है कि तीर्थ स्थल पर अक्सर असामाजिक तत्वों द्वारा मादक पदार्थों का सेवन कर इसकी पवित्रता को दाग लगाने का कुत्सित प्रयास लगातार किया जा रहा है।

अनेक दफा दारू के नशे में धुत्त होकर अनियंत्रित तरीके से बाईक चलाते रहते हैं, जिससे पुजारी परिवार के सदस्यों व आने वाले श्रद्धालुओं को दुर्घटना का भय बना रहता है। ऐसे युवाओं को जब टोका जाता है तो वे दादागिरी पर उतर जाते हैं और अपमानजनक टिप्पणी करने से भी नहीं चूकते हैं, गालियां देते हैं, विरोध करने पर देख लेने की धमकी भी देते हैं।

गिरधर गोपाल मंदिर के पुजारी सर्वेश शुक्ला व एडवोकेटे योगेश शुक्ला ने बताया कि बुधवार की शाम करीब पांच बजे दो लड़के बिना नंबर की मोटर साईकिल को स्पीड से चलाकर आये, उनकी हरकतों से साफ पता चल रहा था कि वे नशे में धुत थे, उन्होंने अपनी गाड़ी को स्पीड ब्रेकर के पास फिल्मी स्टाइल में उछाली, जिससे एक्सीडेण्ट होते होते बच गया। गंगा माता मंदिर के पुजारी दिनेश शर्मा ने बताया कि जब उन्हें समझाने की कोशिश की तो उससे हाथापाई करने पर उतारू हो गये तथा चिल्लाने लगे की रोड तुम्हारे बाप की है क्या। झगड़ा फसाद होते देख जब वहां पर काफी भीड़ इकट्ठी हो गयी तो वहां से मौका पाकर भाग छूटे। बड़ के बालाजी मंदिर के पुजारी विकास शर्मा ने बताया कि यहां पर पर्यटन विभाग की ओर से अनेक काम करवाये गये हैं, लेकिन कुछ स्थल सूने पड़े हुये है और इसी का फायदा उठाकर बदमाश किस्म के लोग यहां पर आकर इस प्रकार की हरकतें करते हैं। पहले भी तीर्थ स्थल को ध्यान में रखते हुये यहां पर समय समय पर पुलिस की गश्त बढाये जाने के लिये आग्रह किया गया था।

# महर्षि बालीनाथ की जयंती बैरवा दिवस के रुप में मनाई

**टोंक,** (निसं)। जिला बैरवा महासभा पंजीकृत, जिला बैरवा महासभा टोंक, जिला बैरवा कर्मचारी अधिकारी विकास संस्था टोंके एवं जिला बैरवा समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति टोंक के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को संत शिरोमणी महर्षि बालीनाथ जी महाराज की जयंती बैरवा के दिवस के रुप में अन्नपूर्णा गणेश मन्दिर टोंक पर मनाई गई।

बैरवा महासभा के जिला महामंत्री हनुमान बैरवा व सदस्य बाबूलाल चंदलाई ने बताया कि कार्यक्रम में तीनों संस्थाओं के जिलाध्यक्ष प्रहलाद, रतन लाल महाराज, जगदीशलाल, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य पी.डी.आजाद, सुखलाल आर्य सहित सभी ने महर्षि बालीनाथ महाराज की जीवनी के बारे में विस्तार से चर्चा की व समाज में उनके बलिदान पर बताया गया।



जिला बैरवा महासभा पंजीकृत, जिला बैरवा महासभा, जिला बैरवा कर्मचारी अधिकारी विकास संस्था संयुक्त तत्वावधान में संत शिरोमणी महर्षि बालीनाथ की जयंती बैरवा दिवस के रुप में मनाई।

कार्यक्रम में पूर्व सरपंच बरवास हनुमान बैरवा, बनवारी नया गांव, रामकिशोर गोपालपुरा, बाबूलाल चंदलाई, प्रभू, कजोड पार्षद, भागचंद किशनपुरा, विनोद लाम्बा, रामलाल सिसोदिया, हेमराज, घनश्याम, नंदकिशोर, जगदीश मंडावर, कन्हैयालाल, मदन टेलर, रामसहाय बाबूज आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। समाज की एकता व अखंडता के बारे में सभी ने अपने चिार व्यक्त करते समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाने व समाज के बालकें को शिक्षा में आगे बढाने पर जोर दिया।

## महिला क्रिकेट टीम के साथ प्रतियोगिता आज से

**लालसोट।** उपखंड मुख्यालय पर ट्वेंटी ट्वेंटी क्रिकेट फ़ॉर राजस्थान के संयोजन में एक जनवरी से लाल क्लब स्टेडियम में आयोजित होने वाली देसी बीट्स क्रिकेट कप की पुरुष और महिला क्रिकेट का नगर पालिका चेयरमैन रक्षा मिश्र के मुख्य अतिथि में उद्घाटन किया जाएगा।

इस प्रतियोगिता के विशिष्ट अतिथि स्वर्ण पदक विजेता पैराएथलीट शताब्दी अवस्थी, खादी बोर्ड चेयरमैन दिनेश मिश्रा, थानाधिकारी अंकेश चौधरी के साथ आयोजन कमेटी के अध्यक्ष पुरुषोत्तम जोशी, कार्यक्रम संयोजक विनीत उपाध्याय,निदेशक सुशील जैन रहेंगे। नए वर्ष की शुरुआत पर आज एक जनवरी से पुरुष क्रिकेट में 24 टीमें भाग ले रही है। वहीं नये साल में महिला क्रिकेट में महिला खिलाड़ियों की टीम भी अपना शक्ति प्रदर्शन करेगी। महिला क्रिकेट चैम्पियनशिप में चार टीमें भाग ले रही है। इसमें पी–जोन क्रिकेट क्लब दिल्ली, जीएस इलेवन वुमन क्रिकेट एकेडमी, जयपुरिया क्रिकेट एकेडमी, कोणार्क नाईट राइडर्स की टीम हिस्सा ले रही हैं। उद्घाटन समारोह सुबह साढे 11 बजे से आयोजित किया जाएगा।

# राजस्व अधिकारी बकाया प्रकरणों का निस्तारण करें: कलेक्टर

**दौसा,** (निसं)। जिला कलेक्टर पीयुष समारिया ने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी राजस्व से संबंधित बकाया प्रकरणों का समय सीमा से पूर्व निस्तारण करें तथा आमजन की समस्याओं का शीघ्रता से निस्तारण करवाने के लिये तत्परता से कार्य करें।

शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभा भवन में आयोजित राजस्व अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुये जिला कलेक्टर ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी राजस्थान सम्पर्क पोर्टल, अतिक्रम, स्थायी आवंटन, सीलिंग भूमि पर कब्जा, भू राजस्व अधिनियम, राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, गैर खातेदारी से खातेदारी अधिकार, भूमि परिवर्तन, भूमि कन्वर्जन, मुख्यमंत्री सहायता तथा सीमा ज्ञान सहित अन्य प्राप्त प्रकरणों का शीघ्रता से निस्तारण करवाना सुनिश्चित करे। उन्होने कहा कि राजस्व अधिकारी राजकीय, सिवायचक एवं चारागाह भूमि पर किये गये अतिक्रमण हटवाने के लिये तत्परता से प्रभावी कार्यवाही कर प्राप्त प्रकरणों का

■ राजस्व अधिकारियों की बैठक में जिला कलेक्टर ने दिशा निर्देश दिये

निस्तारण करवाने की कार्वाही पूरी करे तथा समय पर रिपोर्ट भिजवाने की व्यवस्था करावे।

जिला कलेक्टर ने जलदाय विभाग व विद्युत विभाग के अधिकारियों को जिले में पेयजल व बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से जारी रखने, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिक्षण अभियंता को जिले में क्षतिग्रस्त सडकों की मोनिटरिंग करने व स्वीकृत सडको के निर्माण कार्य को समय पर पूर्ण करवाने व मरम्मत करवाने के निर्देश दिये।

बैठक में विद्युत, पेयजल, सार्वजनिक निर्माण, सिचाई, चिकित्सा, रसद एवं परिवहन विभाग, महिला एवं बाल विकास, कोरोना संक्रमण सहित अन्य विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुये बिंदूवार चर्चा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर आर के मीना ने राजस्व शाखा द्वारा संचालित गतिविधियों के बारे में जानकारी देते हुये बकाया प्रकरणों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर उपवन संरक्षक वी केतन कुमार ,जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरन मीना, उप जिला कलक्टर नांगल राजावतान वृजेन्द्र मीना, उप जिला कलक्टर बांदीकुई नीरज कुमार मीना, उप जिला कलक्टर सिकराय रणजीत सिह, उप जिला कलक्टर लालसोट सरिता मल्होत्रा, उप जिला कलेक्टर रामगढ पचवारा मिथिलेश मीना, उप जिला कलक्टर महवा विनोद कुमार मीना, उप जिला कलक्टर मण्डावर अमित कुमार वर्मा, उप जिला कलक्टर कनक जैन, सहायक कलक्टर दौसा मनीषा बालोत, अधिक्षण अभियन्ता जयपुर विद्युत वितरण निगम लि. रामहेत मीना, सहायक निदेशक सांख्यिकी विनोद मीना, जिला रोजगार अधिकारी जगदीश निर्वाण सहित समस्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## सत्यनारायण जांगिड़ का स्वागत

**चौमूं / कालाडेरा।** अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय प्रधान पद के 2 जनवरी को होने वाले चुनावों को लेकर शुक्रवार दोपहर को को राष्ट्रीय प्रधान पद के प्रत्याशी सत्यनारायण जांगिड़ ने चौमूं शहर के वीर हनुमान जी की रोड पर स्थित जांगिड़ सभा भवन पर पहुंचकर जांगिड़ समाज के समाज बंधुओं से चर्चा कर अपने पक्ष में मतदान कर समर्थन देने की बात कहीं।

वहीं सत्यनारायण जांगिड़ ने स्वर्गीय पूर्व राष्ट्रीय प्रधान नेंमीचन्द जांगिड़ के द्वारा समाज के उत्थान का जो बिडा उठाया था और समाज हित के लिए समाजबन्दुओं के लिए जो योजनाएं लेकर आये थे उनको सबसे पहले लागू करने की प्राथमिकता रहेंगी। इस दौरान समाज के गणमान्य लोगों के द्वारा राष्ट्रीय प्रधान प्रत्याशी सत्यनारायण जांगिड़ का राजस्थानी परंपरा के अनुसार साफा बदवाकर माला पहनाकर स्वागत सत्कार किया गया। कार्यक्रम में जांगिड़ समाज की महिला समाजसेवी हिसार से मैना जागंडा व राजस्थान की पूर्व महिला प्रदेशाध्यक्ष सन्तोष जांगिड़ ने भी समाजबन्दुओ से सत्यनारायण जांगिड़ के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

# राज्यसभा सांसद मीणा ने परशुराम मंदिर निर्माण की घोषणा की

**मंडावरी,** (निसं)। राज्यसभा सांसद डॉ. किरोड़ी लाल मीणा का नगर पालिका कार्यालय के सामने भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया। इस दौरान वहां स्वागत सत्कार कर रहे लोगों की मांग पर

■ प्रदेश सरकार को लिया आड़े हाथ

राज्यसभा सांसद द्वारा मंडावरी में एक परशुराम मंदिर निर्माण में सहयोग करने की घोषणा की।

राज्यसभा सांसद मीणा का पूर्व उप प्रधान बद्रीलाल मीणा भाजपा नेता राजमल सोनी, मंडावरी ब्राह्मण समाज के उपाध्यक्ष हुकुमचंद हिंडोनिया, विमल मास्टर, कैलाश शिवाजी, भगवान सहाय शर्मा आदि की मौजूदगी में स्वागत अभिनंदन कर विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया गया। इस



मंडावरी में राज्यसभा सांसद डॉ. किरोड़ी लाल मीणा का भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

दौरान राज्यसभा सांसद मीणा ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार हर मोर्चे पर विफल होने के साथ इस सरकार के रहने से प्रदेश वासियों में ज्यादातर असुरक्षा की भावना भी पैदा हुई है। प्रदेश में कानून व्यवस्था चौपट होने के साथ महिलाएं असुरक्षित हुई है एवं उन पर अत्याचार भी बड़े पैमाने पर बढ़ता हुआ देखा जा रहा है। मीणा ने कहा कि भाजपा सरकार के समय बनाई गई योजनाओं का नाम बदलकर उन्हीं योजनाओं को धरातल पर उतार कर श्रेय लेने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान राज्यसभा सांसद मीणा द्वारा आगामी समय में होने वाले शहरी निकाय नगर पालिका के चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं को अभी से तैयारी कर भाजपा की रीति नीति लोगों तक पहुंचाने का भी आव्हान किया गया।

## धोबी समाज की बैठक आयोजित

**फुलेरा।** फुलेरा कस्बे के धोबी घाट स्थित शिव मंदिर परिसर में शुक्रवार को धोबी समाज की एक आम सभा का आयोजन राजकुमार सांखला की अध्यक्षता में किया गया। सभा के प्रारंभ में महाराज गॉडसे के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण करते हुए सभा प्रारंभ की गई। तत्पश्चात समाज के सभी लोगों ने समाजोत्थान को लेकर चर्चा एवं विचार–विमर्श किया। वहीं सभा के दौरान समाज की गठित समिति में से उपाध्यक्ष व कोषाध्यक्ष के पद पर पदाधिकारी बदले गये। जानकारी देते हुए राजकुमार सांखला ने बताया कि कोषाध्यक्ष के पद पर राकेश कन्नोजिया के स्थान पर अक्षय कन्नोजिया को बनाया गया है। वहीं अजय कनोजिया ने उपाध्यक्ष के पद से इस्तीफा दे दिया, इस कारण राधेश्याम कन्नोजिया को उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। वहीं समिति के अजय कन्नोजिया व अमर बाडोलिया ने आगामी 23 फरवरी को गॉडसे महाराज की जयन्ती मनाने की बात कही। जिस पर उपस्थित सभी लोगों ने अपनी सहमति जताई।

# जेडीए एरिया में विकास को मिलेगी गति: सोलंकी

**चाकसू,** (निसं)। जेडीए के अन्तर्गत आने वाले चाकसू विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में विकास की गति बढ़ाने के लिए चाकसू विधायक वेदप्रकाश सोलंकी शुक्रवार को जेडीए के जिम्मेदार अधिकारी जेडीसी से मिले। इस मुलाकात के दौरान खटीक समाज के संतश्री रामप्रसाद जी हरि मंदिर बाडा पदमपुरा समिति के अध्यक्ष, महामंत्री व अन्य वरिष्टजन भी साथ रहे।

इस दौरान विधायक द्वारा जेडीसी के समक्ष संत रामप्रसाद हरि मंदिर बाडा पदमपुरा को जमीन आवंटन व जेडीए क्षेत्र में आने वाली समस्त ग्राम पंचायतों में समुचित एवं सामुदायिक विकास कार्यों को गति प्रदान करने की पुरजोर तरीक़े से बात रखी। गौरतलब है कि गत दिनों मुख्यमंत्री के बाडा पदमपुरा प्रवास के दौरान विधायक सोलंकी के नेतृत्व में संत रामप्रसादजी हरि मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष उक्त मंदिर के पट्टा आवंटन की बात रखी थी, जिस पर मुख्यमंत्री अशोक

■ भूमि व पट्टा आवंटन एवं विकास कार्यों की स्वीकृति हेतु जेडीसी से मिले विधायक सोलंकी

गहलोत ने जेडीसी को तत्काल पट्टा आवंटन के आदेश दिए थे। इसी क्रम में शुक्रवार को विधायक सोलंकी के नेतृत्व में समिति के पदाधिकारी व वरिष्टजनों ने जेडीसी से मुलाकात कर पट्टा आवंटन की मांग की।

इसी दौरान विधायक सोलंकी ने जेडीसी के समक्ष विधानसभा क्षेत्र के जेडीए रिजन में आने वाली समस्त ग्राम पंचायतों में बिजली, पानी, सडक, पार्क, रोड लाइट आदि तमाम सामुदायिक व भौतिक विकास को समुचित गति प्रदान करने की बात रखी। इसके साथ ही रेनवाल मांझी में मुस्लिम समुदाय के कब्रिस्तान हेतु भूमि आवंटन, चंदलाई बांध का चंडीगढ़ की सूखना झील की तर्ज पर सौंदर्यीकरण कराने, शिवदासपुरा में ग्रोथ सेंटर को विकसित कराने व जेडीए एरिया में लंबित एवं अधूरे पडे कार्यों को शीध्रता से पूरा कराने सहित कई मांगे रखी।




ग्राम पंचायत रामगढ़ पचवारा
सभी ग्रामवासियों को नव वर्ष के मौके पर हार्दिक शुभकामनाएं
रमेश मेहर मीणा
जामुन वाली ढाणी, रामगढ़ पचवारा



भारतीय टीम के पास तेज गेंदबाजों का एक अच्छा बैकअप है। भारतीय गेंदबाजों की वजह से दक्षिण अफ्रीका सुपरस्पोर्ट पार्क में भारत के खिलाफ ज्यादा रन नहीं बना सका। गेंदबाजों ने बल्लेबाजों को दबाव में रखा और मैच 113 रन से जीत लिया।
– जे.पी. डुमिनी

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर, भारतीय गेंदबाजी के बारे में कहा।

# खेल जगत



**आज का खिलाड़ी ▶** डॉ. शर्वरी इनामदार



**भारतीय** पावर लिफ्टर डॉ. शर्वरी इनामदार ने विदेश में अपने देश का झंडा बुलंद कर अगल इतिहास रचा है। साड़ी पहनकर वर्कआउट करने वाली डॉक्टर शर्वरी ने तुर्की के शहर इस्तांबुल में आयोजित एशियन क्लासिक एंड बेंच प्रेस पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में एक-दो नहीं बल्कि 5 गोल्ड मेडल जीते हैं। डॉ. शर्वरी ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी शेयर की, जहां लोग उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। एशियन क्लासिक एंड बेंच प्रेस पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में डॉक्टर शर्वरी इनामदार ने 57 किलो ओपन कैटेगरी में ये पांचों मेडल हासिल किए हैं।

क्या आप जानते हैं ?... क्रिकेट खिलाड़ियों की आत्मकथाओं की पुस्तक का सबसे छोटा नाम पाकिस्तानी क्रिकेटर जहीर अब्बास की पुस्तक काहै। इसका शीर्षक जेड है।

## भारत ने जीता आठवां अंडर-19 एशिया कप खिताब

# फाइनल में श्रीलंका को 9 विकेट से एकतरफा अंदाज में हराया



दुबई, 31 दिसंबर। लेफ्ट आर्म स्पिनर विक्की ओस्तवाल (11 रन पर तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी और सलामी बल्लेबाज अंगक्रिश रघुवंशी (56) के शानदार अर्धशतक की बदौलत भारत ने शुक्रवार को यहां वर्षा बाधित फाइनल मुकाबले में पड़ोसी श्रीलंका को एकतरफा अंदाज में नौ विकेट से हरा कर अंडर-19 एशिया कप 2021 का खिताब जीत लिया। भारत का यह आठवां खिताब है।

श्रीलंकाई टीम टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए बारिश के बाद निर्धारित 38 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 106 रन ही बना सकी। जवाब में भारत ने अंगक्रिश और शाइक राशिद के बीच 96 रनों की साझेदारी की बदौलत 21.3 ओवर में ही एक विकेट पर 104 रन बना कर मैच और खिताब जीत लिया। डीएलएस पद्धित के तहत लक्ष्य 102 रन कर दिया गया था।

भारत और श्रीलंका के बीच अंडर-19 एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में यह पांचवीं भिड़ंत थी। दोनों टीमें इससे पहले 1989, 2003, 2016 और 2018 के फाइनल में आपस में भिड़ीं थी और इन सभी मैचों में भारत ने श्रीलंका को एकतरफा अंदाज में हराया था और आज भी भारत का यही अंदाज रहा।

1989 के फाइनल में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका को 225 रन का लक्ष्य दिया था, लेकिन श्रीलंकाई टीम 39.5 ओवर में 145 रन पर ही सिमट गई और भारत ने 79 रन से मैच जीत लिया। 14 साल के लंबे अंतराल के बाद 2003 के संस्करण के फाइनल में दोनों फिर एक-दूसरे के सामने आए, लेकिन भारत का दबदबा कायम रहा। इस संस्करण में श्रीलंका ने भारत को 226 रनों का लक्ष्य दिया, जिसे भारत ने एकतरफा अंदाज में आठ विकेट से जीत लिया।

2016 में टूर्नामेंट की मेजबानी करते हुए श्रीलंका ने फाइनल में जगह बनाई, जहां उसे तीसरी बार भारत का सामना करना पड़ा और यहां भी भारत ने 34 रन से मुकाबला और खिताब जीत लिया। 2021 संस्करण से पहले 2018 के फाइनल में भी भारत ने श्रीलंका को 144 रन से एकतरफा अंदाज में हराते हुए खिताब पर कब्जा किया। मौजूदा संस्करण में भी भारत ने इतिहास को दोहराया और श्रीलंका पर नौ विकेट से आसान जीत दर्ज की।

लेफ्ट आर्म स्पिनर विक्की ओस्तवाल, कौशल तांबे और अन्य गेंदबाजों की घातक गेंदबाजी के आगे श्रीलंकाई बल्लेबाज बेबस नजर आए और एकाएक विकेट गंवाते रहे। विक्की ने आठ ओवर में 11 रन देकर सर्वाधिक तीन विकेट लिए। उनके अलावा कौशल ने छह ओवर में 23 रन देकर दो, जबकि राजवर्धन हैंगर्गेकर, रवि कुमार और राज बावा ने एक-एक विकेट लिया।

रवि, राज और कौशल ने श्रीलंका के शीर्ष क्रम को वापस भेजा, जबकि विक्की ने मध्य क्रम को चारों खाने चित कर दिया। 37 रन पर चार विकेट गिरने के बाद श्रीलंकाई टीम इतने दबाव में आई कि फिर संभल नहीं पाई। शीर्ष क्रम से लेकर निचले क्रम तक कोई भी खिलाड़ी सेट नहीं हो पाया। बल्लेबाजी में श्रीलंका को धराशायी करने के बाद भारत ने बल्लेबाजी में दबदबा दिखाया और शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों अंगक्रिश और राशिद की 96 रनों की साझेदारी की बदौलत नौ विकेट से मैच जीत लिया। अंगक्रिश ने सात चौकों की मदद से 67 गेंदों पर 56 और राशिद ने दो चौकों के सहारे 49 गेंदों पर 31 रन की नाबाद पारी खेली।

लेफ्ट आर्म स्पिनर विक्की ओस्तवाल, कौशल तांबे और अन्य गेंदबाजों की घातक गेंदबाजी के आगे श्रीलंकाई बल्लेबाज बेबस नजर आए और एकाएक विकेट गंवाते रहे। विक्की ने आठ ओवर में 11 रन देकर सर्वाधिक तीन विकेट लिए। उनके अलावा कौशल ने छह ओवर में 23 रन देकर दो, जबकि राजवर्धन हैंगर्गेकर, रवि कुमार और राज बावा ने एक-एक विकेट लिया। रवि, राज और कौशल ने श्रीलंका के शीर्ष क्रम को वापस भेजा, जबकि विक्की ने मध्य क्रम को चारों खाने चित कर दिया। 37 रन पर चार विकेट गिरने के बाद श्रीलंकाई टीम इतने दबाव में आई कि फिर संभल नहीं पाई। शीर्ष क्रम से लेकर निचले क्रम तक कोई भी खिलाड़ी सेट नहीं हो पाया।

बल्लेबाजी में श्रीलंका को धराशाई करने के बाद भारत ने बल्लेबाजी में दबदबा दिखाया और शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों अंगक्रिश और राशिद की 96 रनों की साझेदारी की बदौलत नौ विकेट से मैच जीत लिया। अंगक्रिश ने सात चौकों की मदद से 67 गेंदों पर 56 और राशिद ने दो चौकों के सहारे 49 गेंदों पर 31 रन की नाबाद पारी खेली।

# राहुल बने वनडे टीम के कप्तान

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के लिए टीम इंडिया घोषित, बुमराह उपकप्तान, गायकवाड़ और वेंकटेश को भी मौका

मुंबई, 31 दिसम्बर। साउथ अफ्रीका के खिलाफ होने वाली तीन वनडे मैचों की सीरीज के लिए टीम इंडिया की घोषणा कर दी गई है। चोटिल रोहित शर्मा के उपलब्ध नहीं होने के कारण केएल राहुल को टीम का कप्तान बनाया गया है। जसप्रीत बुमराह उपकप्तान बनाए गए हैं। पहला वनडे 19 जनवरी को खेला जाएगा। दूसरा वनडे 21 और तीसरा 23 जनवरी को खेला जाएगा। अभी दोनों टीमें टेस्ट सीरीज खेल रही हैं। टी-20 वर्ल्ड कप के बाद रोहित शर्मा को टी-20 और वनडे फॉर्मेट का कप्तान बनाया था। हालांकि, टेस्ट टीम की साउथ अफ्रीका रवानगी से ठीक पहले रोहित शर्मा प्रैक्टिस सेशन के दौरान हैमस्ट्रिंग चोटिल कर बैठे। इसके बाद वे रिहैब के लिए नेशनल क्रिकेट एकेडमी भी गए। जब यह तय हो गया कि रोहित सीरीज के लिए फिट नहीं हो पाएंगे तब बोर्ड ने राहुल को कप्तान बनाने की घोषणा कर दी। युवा ओपनर ऋतुराज गायकवाड और ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर को भी टीम में शामिल किया गया है। में बेहतरीन प्रदर्शन के बाद वेंकटेश को न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज में मौका मिला था। वहीं, गायकवाड ने घरेलू वनडे टूर्नामेंट विजय हजारे ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन के दम पर अपनी जगह बनाई है। इस टूर्नामेंट में वेंकटेश ने भी जोरदार खेल दिखाया था। गायकवाड ने विजय हजारे ट्रॉफी में 5 मैचों में 150.75 की औसत से 603 रन बनाए थे। इनमें चार शतक भी शामिल थे। वे टूर्नामेंट के टॉप स्कोरर रहे थे। वहीं, वेंकटेश अय्यर ने 6 मैचों में 63.16 की औसत से 379 रन बनाए थे। इनमें दो शतक शामिल थे। वेंकटेश ने 9 विकेट भी लिए थे। ओपनर शिखर धवन और स्विंग गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार पर सिलेक्टर्स का भरोसा बरकरार है। धवन को पिछले टी-20 वर्ल्ड कप में मौका नहीं मिला था। वहीं, भुवनेश्वर कुमार उस टूर्नामेंट में खास प्रदर्शन नहीं कर पाए थे।

## मैनचेस्टर यूनाइटेड की जीत में रोनाल्डो ने दागा गोल, बर्नल को 3-1 से हराया

मैनचेस्टर, 31 दिसम्बर। क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने प्रीमियर लीग में पिछले पांच मैचों में अपना चौथा गोल दागा, जिससे मैनचेस्टर युनाइटेड ने बर्नले को 3-1 से हराया। यह मैनचेस्टर युनाइटेड की हाल में टीम से जुड़ने वाले नए मुख्य मैनेजर राल्फ रांगनिक की मौजूदगी में सबसे बड़ी जीत है। युनाइटेड की यह 18 मैचों में नौवीं जीत रही जिससे उसके 31 अंक हो गए हैं और वह छठे स्थान पर पहुंच गया है। इससे पहले मैनचेस्टर युनाइटेड के स्काट मैकटोमिने ने रोनाल्डो के पास पर आठवें मिनट में गोल कर टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई। इसके बाद बर्नले के बेन मी ने 27वें मिनट में आत्मघाती गोल कर मैनचेस्टर युनाइटेड को फायदा पहुंचाया। फिर रोनाल्डो ने 35वें मिनट में बाक्स के सेंटर से शाट मारा, जो सीधे गोल पोस्ट को पार कर गया। हालांकि, पहला हाफ खत्म होने से कुछ समय पहले बर्नले के लिए आरोन लेनोन ने 38वें मिनट में एकमात्र गोल किया। पहले हाफ में जहां गोल की बरसात हुई तो वहीं दूसरे हाफ में दोनों ही टीमें गोल नहीं कर सकीं।

## अंडर-16 विजय मर्चेंट ट्रॉफी कोरोना के कारण स्थगित

मुम्बई, 31 दिसंबर। जनवरी 2022 में शुरू होने वाली अंडर-16 विजय मर्चेंट ट्रॉफ़ी को भारत में कोरोना मामलों की संख्या में ताज़ा उछाल और ऑमिक्रोन वेरिएंट के बढ़ते ख़तरे के बाद स्थगित कर दिया गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से जुड़ी हुई इकाइयों को लिखे एक पत्र में सचिव जय शाह ने कहा कि स्थगन का प्राथमिक कारण यह है कि प्रतिभागियों को अभी भी टीका नहीं लगाया गया है और ऐसे में उनके संक्रमित होने की ज़्यादा संभावनाएं हैं। टीका नहीं लेने का प्रमुख कारण यह है कि सभी प्रतिभागी की आयु 18 से कम है। यह टूर्नामेंट 9 से 21 जनवरी के बीच अगरतला और गुवाहाटी में चार स्थानों पर खेला जाना था। क्रिकइंफो के अनुसार शाह ने पत्र में कहा, ''हम भारत और दुनिया भर में स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रहे हैं, और यह अनुमान है कि अगर स्थिति को अभी नियंत्रित नहीं किया गया तो निकट भविष्य में संक्रमण काफ़ी बढ़ जाएगा। विशेषज्ञों से परामर्श करने एवं मेडिकल ऑपरेशनल टीम के विचार जानने के बाद, यह निर्णय लिया गया है कि स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, अंडर-16 विजय मर्चेंट ट्रॉफ़ी को इस सीज़न के लिए स्थगित कर दिया गया है।'' शाह ने कहा,''हमें सावधानी बरतनी है और अतिसाहसी नहीं होना है। हम अपने प्रतिभाशाली क्रिकेटरों के स्वास्थ्य को गंभीर जोखिम में नहीं डाल सकते।''गुरुवार को भारत में कोरोना के 13,154 नए मामले दर्ज किए गए।

## शमी दुनिया के तीन सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में से एक : विराट



सेंचुरियन, 31 दिसंबर। भारतीय कप्तान विराट कोहली ने मोहम्मद शमी को वर्तमान समय के विश्व के सर्वश्रेष्ठ तीन गेंदबाजों में से एक बताया है। उन्होंने मैच के बाद कहा,मैं ख़ुश हूं कि शमी ने अपना 200वां विकेट हासिल किया और मैच पर अपना प्रभाव डाला। भारत की दक्षिण अफ़्रीका पर 113 रन से जीत में शमी ने पहली पारी में पांच और दूसरी पारी में तीन विकेट लिए। उन्होंने भारतीय गेंदबाज़ी क्रम का बीड़ा उस समय भी उठाया जब चोट के कारण जसप्रीत बुमराह मैदान से लगभग दो घंटे तक दूर थे। विराट कोहली ने कहा, शमी एक विश्वस्तरीय गेंदबाज़ हैं। मेरे लिए तो वह वर्तमान समय के दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तीन गेंदबाज़ों में से एक हैं। उनकी मजबूत कलाईयां, उनका सीम पोजिशन और निरंतर एक ही लेंथ पर गेंदबाज़ी उन्हें सर्वश्रेष्ठ बनाती है।

कप्तान ने पूरे तेज़ गेंदबाज़ी क्रम की तारीफ़ करते हुए कहा, जिस तरह से सभी गेंदबाज़ों ने गेंदबाज़ी की, वह बेहतरीन है। यह सिर्फ़ इस मैच की बात नहीं है, वह लगातार दो-तीन वर्षों से ऐसा कर रहे हैं।

बारिश से प्रभावित इस मैच में भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी का फ़ैसला किया था। उस दिन भारतीय सलामी बल्लेबाजों ने बेहतरीन बल्लेबाज़ी कर भारत को एक निर्णायक स्कोर खड़ा करने में मदद की। विराट ने कहा, पहले बल्लेबाज़ी करना एक कठिन चुनौती थी, लेकिन मयंक और राहुल ने बेहतरीन अनुशासन दिखाया। हमें पता था कि अगर हम 300 से 320 का स्कोर खड़ा कर लेंगे तो मैच में हम आगे होंगे। हमें अपनी गेंदबाज़ी इकाई पर पूरा विश्वास था कि वह इस स्कोर का अच्छा बचाव कर सकेंगे।

## बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली को अस्पताल से मिली छुट्टी

कोलकाता, 31 दिसंबर। पिछले दिनों कोरोना से संक्रमित पाए गए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष सौरव गांगुली को शुक्रवार को अस्पताल से छुट्टी मिल गई। अस्पताल सूत्रों ने दोपहर को जानकारी देते हुए बताया कि पांच दिनों के उपचार के बाद कोरोना के ओमिक्रॉन वैरिएंट के टेस्ट में नेगेटिव आने के बाद गांगुली को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। उनकी हालत अब स्थिर है। वह हालांकि चिकित्सकीय सलाह के अनुसार घर पर आइसोलेशन में रहेंगे।

# हम अपने गेंदबाजों को नेट्स में खेलते हुए डरते हैं : के. राहुल



सेंचुरियन, 31 दिसंबर। भारतीय उपकप्तान लोकेश राहुल ने दक्षिण अफ्रीका से सेंचुरियन में पहला टेस्ट 113 रन से जीतने के बाद कहा कि नेट्स में मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज का सामना करना टेस्ट मैच में विरोधी गेंदबाज़ों का सामना करने से कहीं ज़्यादा कठिन था।

भारत का तेज़ गेंदबाज़ी आक्रमण विदेश में मिली जीत में महत्वपूर्ण रहा है, जिसमें सेंचुरियन की यह जीत भी शामिल हैं, जहां पर मोहम्मद शमी ने 107 रन देते हुए मैच में कुल आठ विकेट हासिल किए। राहुल ने कहा, उन्हें नेट्स में खेलना ज़्यादा मुश्किल है, ख़ासकर मेरे लिए या बहुत सारे बल्लेबाज़ों के लिए जो नेट्स में बल्लेबाज़ी का उतना आनंद नहीं लेते हैं।

इन लोगों ने हममें डर पैदा कर दिया है। जब हम नेट पर उनका सामना कर रहे होते हैं तो वे हमें टीम के साथी के रूप में बिल्कुल नहीं मानते हैं, वे बहुत प्रतिस्पर्धी गेंदबाज़ हैं और इसलिए हां, हम बहुत भाग्यशाली हैं कि हमारी गेंदबाज़ी में ऐसी गुणवत्ता है। देखिए तो 2-3 अन्य गेंदबाज़ बाहर बैठे हैं, जिन्होंने खुद को साबित किया है और जो शानदार तेज़ गेंदबाज़ हैं? इशांत शर्मा और उमेश यादव। हमारे पास बड़ी बेंच स्ट्रेंथ है।

सेंचूरियन पिच के बारे में राहुल सहित अन्य खिलाड़ियों ने यह अंदाजा लगाया था कि यह पिच शुरुआत में धीमी रहेगी और बाद में अपनी असमतल उछाल के कारण मुसीबत खड़ी करेगी। इसे ध्यान में रखते हुए राहुल ने कहा कि भारत ने महत्वपूर्ण टॉस जीता था। 2018 और 2019 के दौरान रनों से जूझने के बाद लोकेश राहुल को टेस्ट टीम से बाहर कर दिया गया था। उस अवधि में 15 टेस्ट में उनका औसत 22.23 था, जिनमें अधिकतर विदेशी सरजमीं पर खेल गए थे। राहुल ने इस साल एक मज़बूत वापसी की और पांच टेस्ट में 461 रन बनाए। लॉर्ड्स और सेंचूरियन में शतकों सहित 46.10 का औसत, जिसने भारत की यादगार जीत की कहानी लिखी। उन्होंने इस परिवर्तन के लिए मानसिकता में बदलाव को श्रेय दिया है, विशेष रूप से उन्होंने गेंद को ऑफ़ स्टंप के बाहर छोड़ने का आनंद लेना सीख लिया है। यही एक ख़ास वजह है जिससे उनकी बल्लेबाज़ी में सुधार हुआ है।

भारत द्वारा सेंचूरियन में 113 रनों की जीत के बाद राहुल ने वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, यह कुछ ऐसा है जिसे करने में मुझे बहुत मज़ा आ रहा है और यह टेस्ट क्रिकेट की कुंजी है। आपको ऑफ़ स्टंप के बाहर की गेंदों को छोड़ने का आनंद लेने की ज़रूरत है। मुझे पता है कि हम बहुत सारे वनडे और टी20 क्रिकेट खेलते हैं और पूरे मैदान में गेंद को मारना रोमांचक है, लेकिन यह एक ही समय में रोमांचकारी है। हालांकि, जब आप टेस्ट क्रिकेट में आते हैं तो आपको अनुशासित होना सीखना होगा। इंतज़ार करें और कभी-कभी इसका आनंद लें।

## यूपी योद्धा यू मुम्बा के खिलाफ 2022 का स्वागत करने के लिए तैयार

बेंगलुरु, 31 दिसंबर। यूपी योद्धा नए साल का स्वागत करने के लिए पीकेएल के आठवें संस्करण के अपने पांचवें मैच में एक जनवरी, 2022 को यू मुम्बा से सामना करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। वर्तमान में योद्धा लीग की अंक तालिका में 10 अंकों के साथ 8 वें स्थान पर हैं। अब तक प्रदीप नरवाल और सुरेंद्र गिल उत्तर प्रदेश राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाली फ्रेंचाइजी के लिए चमकते सितारे रहे हैं।

यूपी योद्धा ने अब तक खेले गए अपने पहले चार मैचों में एक जीत और दो हार का सामना किया है जबकि एक मैच ड्रॉ पर छूटा है। यूपी योद्धा का लक्ष्य शनिवार को यू मुम्बा के विरुद्ध मैच जीत कर अपनी दूसरी जीत हासिल करने का है।

सीज़न की शुरुआत के मैचों में धीमी शुरूआत जैसी समस्या को सुधारने के बाद टीम ने अपने पिछले मैच में अटैक और डिफेंस दोनों में ही अपनी काबिलियत दिखाई है, हालांकि उनके सामने यू मुंबा के विरुद्ध एक मजबूत चुनौती होगी जिन्होंने पिछले मैच में जयपुर पिंक पैंथर्स के खिलाफ 37-28 की आसान जीत हासिल की थी। हालांकि यूपी योद्धा दो दिन के आराम के बाद मुम्बा के ख़िलाफ़ पूरे आत्मविश्वास के साथ मुकाबला लड़ेंगे।

## ट्रैविस हेड कोरोना संक्रमित



मेलबोर्न, 31 दिसंबर। चौथे ऐशेज़ टेस्ट मैच के लिए मेलबोर्न से सिडनी रवाना होने से पहले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज़ ट्रैविस हेड कोरोना पॉज़िटिव पाए गए हैं। इसके चलते टीम ने अपनी फ़्लाइट को आगे बढ़ाया है और रिप्लेसमेंट खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया है। दोनों खेमों में कोरोना मामले होने के कारण सिडनी टेस्ट और बची हुई सीरीज़ पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार सुबह इस बात की पुष्टि की कि हेड आरटी-पीसीआर टेस्ट में पॉज़िटिव पाए गए हैं। वह अपनी साथी के साथ मेलबॉर्न में ही रहेंगे और विक्टोरिया प्रशासन के नियमानुसार सात दिनों तक आइसोलेट करेंगे। दोनों टीमों में वह पहले खिलाड़ी हैं जो कोरोना संक्रमित हुए हैं।

## 2021 अच्छा रहा, लेकिन टोक्यो ओलंपिक में जीत सकते थे पदक : रानी रामपाल

नयी दिल्ली, 31 दिसंबर। भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान रानी रामपाल ने शुक्रवार को टोक्यो ओलंपिक 2020 में टीम के चौथे स्थान पर रहने के बारे में कहा कि इसने खिलाड़ियों को और भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने हालांकि सेमीफाइनल में अर्जेंटीना के खिलाफ जीत की बात भी कही। रानी ने कहा, मुझे लगता है कि हम 100 प्रतिशत अर्जेंटीना के खिलाफ सेमीफाइनल मैच जीत सकते थे। हमने मैच में शुरुआती बढ़त हासिल की और अर्जेंटीना पर दबाव बनाया। हमने वह सब कुछ किया जो कोचों ने हमें बताया था लेकिन दूसरी टीम को पेनल्टी कॉर्नर देना हमें महंगा पड़ा। 2021 हमारे लिए एक अच्छा साल साबित हुआ, पर हम टोक्यो ओलंपिक खेलों में पदक जीत सकते थे। पहली बार में इसे स्वीकार करना मुश्किल नहीं था, लेकिन हम हमेशा ऐसा न कर पाने का दर्द महसूस करेंगे, क्योंकि हम इसके इतने करीब थे। कप्तान ने हॉकी इंडिया के कार्यक्रम पोडकास्ट 'हॉकी ते चर्चा' पर ओलंपिक में भारत के प्रदर्शन के बारे में कहा, हम 2016 में रियो ओलंपिक में 12वें स्थान पर रहे थे और इस बार टोक्यो ओलंपिक में हम चौथे स्थान पर रहे।

# स्टर्लिंग और गेटकेट कोरोना संक्रमित, फ्लोरिडा में ही क्वारंटीन हुए

लॉडरहिल (फ्लोरिडा), 31 दिसंबर। वेस्टइंडीज के खिलाफ जनवरी 2022 में तीन मैचों की वनडे सीरीज और एक टी-20 मैच के लिए जमैका रवाना होने से पहले आयरलैंड क्रिकेट टीम को झटका लगा है। टीम के दो स्टार तथा इनफॉर्म ऑलराउंडरों पॉल स्टर्लिंग और शेन गेटकेट को प्रस्थान से पहले हुए कोरोना टेस्ट में पॉजिटिव पाए जाने के कारण फ्लोरिडा में ही छोड़ दिया गया है।

क्रिकेट आयरलैंड ने गुरुवार को इसकी पुष्टि की। स्टर्लिंग और गेटकेट अब 10 दिन के अनिवार्य क्वारंटीन से गुजरेंगे और नौ जनवरी के आसपास कैरेबियन में टीम के साथ जुड़ेंगे, अगर वे नेगेटिव आते हैं तो। इस बीच जॉर्ज डॉकरेल, जिन्हें पहले कोरोना पॉजिटिव सदस्य के करीब संपर्क के रूप में पहचाना गया था, को अब टीम के साथ उड़ान भरने की मंजूरी दे दी गई है। वहीं हैरी टेक्टर और गैरेथ डेलानी ने भी अपनी क्वारंटीन अवधि पूरी कर ली है और वे शुक्रवार को टीम के साथ जमैका की यात्रा करेंगे। टीम के अन्य खिलाड़ी एंड्रयू बालबर्नी और एंडी मैकब्राइन, जिन्हें पहले पॉजिटिव सदस्यों के करीबी संपर्क के रूप में सूचीबद्ध किया गया था, संभवतः दो जनवरी के बाद जमैका में टीम में शामिल होंगे। दोनों की पीसीआर टेस्ट रिपोर्ट का परिणाम लंबित है।

क्रिकेट आयरलैंड के उच्च प्रदर्शन निदेशक रिचर्ड होल्ड्सवर्थ ने एक बयान में कहा, कोरोना वायरस के नए वैरिएंट के संक्रमण ने न ही हमें बख्शा है और न ही अमेरिकी टीम और हालिया श्रृंखला के लिए नियुक्त अंपायरों को। रातोंरात हमारे तीन खिलाड़ी पॉजिटिव पाए गए हैं। अब तक केवल तीन खिलाड़ी ही बायो-बबल में पॉजिटिव पाए गए हैं। हमारे दो खिलाड़ी ऐसे भी हैं, जो पॉजिटिव लोगों के करीब संपर्क में आने के कारण आइसोलेशन में हैं, हालांकि ये कोरोना टेस्ट में नेगेटिव आए हैं, हमने देखा है कि दुनिया भर में खेल अभी भी इस वायरस से बुरी तरह से प्रभावित हैं और सभी खेल संगठनों की तरह हम भी महामारी के दौरान खेल को जारी रखने की कोशिश कर रहे हैं।

हम जल्दी इसकी आदत डाल रहे हैं और देखभाल के अपने कर्तव्य को निभा रहे हैं। होल्ड्सवर्थ ने कहा, वेस्ट इंडीज दौरे के लिए हमारे साथ एक विस्तारित दस्ता है, इसलिए वायरस के प्रकोप के कारण हम आगे खिलाड़ियों की अनुपस्थिति के बावजूद अच्छी टीम बनाने में सक्षम होंगे।

## आईसीसी पुरुष प्लेयर ऑफ द ईयर के नामितों की घोषणा

दुबई, 31 दिसंबर। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को सर गारफील्ड सोबर्स ट्रॉफी-आईसीसी पुरुष क्रिकेटर ऑफ द ईयर के लिए नामित खिलाड़ियों की घोषणा की, जिसमें दो पाकिस्तानी क्रिकेटरों ने जगह बनाई है। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन आफरीदी और विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान के अलावा इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान जो रूट और न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियम्सन को 2021 में उनकी शानदार उपलब्धियों के लिए इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है। युवा आफरीदी ने इस वर्ष 36 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 22.20 के औसत से 78 विकेट लिए हैं, जिसमें 51 रन पर छह विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में आईसीसी टी-20 विश्व कप के दौरान उन्होंने अलग ही स्तर पर गेंदबाजी की और अपनी गति और कौशल से सभी को प्रभावित किया। उन्होंने सेमीफाइनल में पहुंचने तक पाकिस्तान के लिए छह मैचों में सात विकेट झटके। वहीं विकेटकीपर बल्लेबाज रिजवान ने इस कैलेंडर वर्ष में 44 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 56.32 के औसत से दो शतकों के साथ कुल 1,915 रन बनाए हैं।

# डिकॉक ने टेस्ट क्रिकेट से अचानक संन्यास लिया



जोहानसबर्ग, 31 दिसंबर। अनुभवी विकेटकीपर क्विंटन डिकॉक ने अपने परिवार के साथ अधिक समय बिताने के लिए अचानक टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। डिकॉक पितृत्व अवकाश के कारण दूसरे और तीसरे टेस्ट में नहीं खेलने वाले थे, लेकिन अब उन्होंने पूरी तरह से क्रिकेट के सबसे लंबे प्रारूप से विदाई लेने का फ़ैसला कर लिया है। वह दक्षिण अफ़्रीका के लिए सफ़ेद गेंद क्रिकेट में मौजूद रहेंगे।

डिकॉक ने क्रिकेट साउथ अफ्रीका (सीएसए) की ओर से जारी एक बयान में कहा, ''यह ऐसा फ़ैसला नहीं है जिस पर मैं आसानी पहुंच गया हूं। मैंने यह सोचने में बहुत समय लिया है कि मेरा भविष्य कैसा दिखता है और अब मेरे जीवन में क्या प्राथमिकता होनी चाहिए। साशा और मैं इस दुनिया में अपने पहले बच्चे का स्वागत करने वाले हैं और अब हम अपने परिवार को उससे आगे बढ़ाना चाहते हैं। मेरा परिवार मेरे लिए सब कुछ है और मैं चाहता हूं कि हमारे पास हमारे जीवन के इस नए और रोमांचक अध्याय के दौरान उनके साथ रहने के लिए समय और जगह हो।''

उन्होंने कहा,''मुझे टेस्ट क्रिकेट पसंद है और मुझे अपने देश का प्रतिनिधित्व करना पसंद है। मैंने उतार-चढ़ाव, उत्सव और यहां तक कि निराशाओं का भी आनंद लिया है, लेकिन अब मुझे कुछ ऐसा मिला है जो मुझे और भी अधिक पसंद है।ज़िंदगी में आप समय के सिवाए कुछ भी ख़रीद सकते हैं और इस समय, उनके लिए सही करने का समय है जो मेरी ज़िंदगी में सबसे ज़्यादा मायने रखते हैं। मैं इस मौक़े पर उन सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं जो शुरू से ही मेरी टेस्ट क्रिकेट यात्रा का हिस्सा रहे हैं। मेरे कोचों, टीम के साथियों, विभिन्न प्रबंधन टीमों और मेरे परिवार और दोस्तों के लिए। अगर मेरे पास आप लोगों का साथ नहीं होता तो मैं ख़ुद को साबित नहीं कर सकता था।''

डी कॉक ने कहा,''यह मेरे करियर का अंत नहीं है। मैं सफ़ेद गेंद क्रिकेट में खेलना जारी रखूंगा और अपने देश के लिए कुछ भी करने के लिए तैयार रहूंगा। मैं अपनी टीम के सभी साथियों को इस सीरीज़ के आने वाले दो मैचों के लिए शुभकामनाएं देता हूं। आप सभी से अब वनडे और टी20 में मुलाक़ात होगी।''



*लगभग 2000 फीट तक फैली यह पेंटिंग, विश्व में थंगका शैली (बौद्ध शैली) की सबसे लम्बी पेंटिंग है। चीन के टिबटन मैडिसन एण्ड कल्चरल म्यूज़ियम की दूसरी मंजिल की अंदरुनी दीवार पर विश्व की इस सबसे बड़ी थंगका शैली की पेंटिंग को लगाया गया है। चार सौ से ज्यादा कलाकारों ने 30 साल की कड़ी मेहनत के बाद यह मास्टर पीस तैयार किया है। थंगका, जिसे तंगखा भी कहते हैं, को आम तौर पर लपेट कर रखा जाता है लेकिन इस पेंटिंग को खोलकर रखा गया है ताकि सभी इसे देख सकें। धार्मिक किरदारों व घटनाओं को दर्शाने वाली यह पेंटिंग बौद्ध ज्ञान की अद्‌भूत टैपिस्ट्री (कपड़े पर बना चित्र) है। इस थंगका में तिब्बत, तिब्बती बौद्ध धर्म, प्रसिद्ध बौद्ध भिक्षुओं, मंदिरों व धार्मिक घटनाओं का चित्रण किया गया है। इसमें विश्व की रचना, खगोल शास्त्र, तकनीक विज्ञान, चिकित्सा शिल्प, भाषा व कविताओं को भी दर्शाया गया है तथा समुद्र के सूक्ष्म जीवों से मानव के उद्‌विकास के दृश्य भी हैं। पेंटिंग में एक लामा को अमेरिका जाते हुए दिखाया गया है और साथ ही अमेरिकी झण्डा व एक वायुयान भी प्रदर्शित हैं। गौर करने वाली बात यह है कि इस सबसे लंबी बौद्ध पेंटिंग में वर्तमान दलाई लामा का कोई उल्लेख नहीं है।*

# कानपुर में अखिलेश के करीबी इत्र व्यवसायी एवं सपा नेता के घर आयकर छापा

## इत्र कारोबारी के यहां छापे में अरबों रुपये की रकम व धन बरामद हाने की चर्चायें हैं

कन्नौज, 31 दिसंबर (वार्ता)। उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी (सपा) के विधान परिषद सदस्य (एम.एल.सी.) पुष्पराज जैन उर्फ 'पम्पी' के कन्नौज स्थित घर पर शुक्रवार को सुबह आयकर विभाग की छापेमारी हुयी।

सूत्रों के अनुसार पम्पी के कन्नौज स्थित घर पर सुबह सात बजे से आयकर विभाग से छापेमारी शुरु हुयी थी। समझा जाता है कि हाल ही में 'समाजवादी परफ्यूम' बनाने वाले इत्र कारोबारी पम्पी जैन ही हैं। समझा जाता है कि आयकर विभाग ने पम्पी के अलावा कन्नौज के अन्य इत्र कारोबारियों के ठिकानों पर भी छापेमारी की है।

इस बीच सपा ने ट्वीट कर पार्टी के विधायक के घर पर छापेमारी को लेकर भाजपा पर तंज भी कसते हुये आयकर विभाग को भाजपा का परम सहयोगी बताया। सपा के आधिकारिक ट्वीटर हेंडिल से किये गये ट्वीट में कहा गया, पिछली बार की अपार विफलता के बाद इस बार भाजपा के परम सहयोगी आयकर विभाग ने सपा एम.एल.सी. पुष्पराज जैन और कन्नौज के अन्य इत्र व्यापारियों के यहां पर आखिर छापे मार ही दिये है। डरी भाजपा द्वारा केंद्रीय एजेंसियों का खुलेआम दुरुपयोग, यू.पी. चुनावों में आम है। जनता सब देख रही है, वोट से देगी जवाब।

- **अखिलेश यादव ने इस आयकर छापे का कड़ा विरोध किया और तंज कसते हुये कहा कि, आयकर विभाग भाजपा की परम मित्र है।**
- **इत्र व्यवसायी पुष्पराज जैन, जिनके घर छापामारी हुई है, वे सपा से विधान परिषद सदस्य भी हैं और उन्होंने कुछ ही दिनों पहले समाजवादी इत्र भी लॉन्च किया था।**
- **गौरतलब है कि, पिछले दिनों पीयूष जैन के यहां छापेमारी हुई थी जिसमें 200 करोड़ रु. बरामद हुये थे। आयकर एजेंसियों को वहीं से पुष्पराज जैन का नाम मिला था।**

इससे पहले आयकर विभाग ने कन्नौज के इत्र कारोबारी पीयूष जैन के ठिकानों पर पिछले कुछ दिनों से चल रही छापेमारी में लगभग 200 करोड़ रुपये की नकदी और 75 किग्रा से अधिक सोना चांदी बरामद किया था। आयकर विभाग का दावा है कि यह किसी व्यक्ति के घर से मिली रकम की अब तक की सबसे बड़ी बरामदगी थी।

पीयूष जैन के कन्नौज और कानपुर स्थित ठिकानों पर छापेमारी के दौरान ही पम्पी जैन का नाम भी सामने आया था। उस समय सपा नेताओं ने पीयूष जैन द्वारा सपा इत्र बनाये जाने संबंधी रिपोर्टों का खंडन किया था। इस बीच सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इत्र कारोबारी पीयूष जैन से सपा का कोई संबन्ध नहीं होने का खुलासा करने के लिये आज कन्नौज में ही संवाददाता सम्मेलन बुलाया था। इससे पहले ही पम्पी जैन के कन्नौज स्थित घर पर आयकर छापेमारी शुरु हो गयी।

केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड या आयकर विभाग की ओर से छापेमारी को लेकर फिलहाल कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गयी है। अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में सत्तारूढ भाजपा पर विधानसभा चुनाव से पहले विरोधी दलों के नेताओं के खिलाफ राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर छापेमारी कराने का आरोप लगाया है।

अखिलेश ने शुक्रवार को कन्नौज में सपा के विधान परिषद सदस्य पुष्पराज जैन उर्फ 'पम्पी' सहित अन्य इत्र कारोबारियों के ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा ने आयकर (आई.टी.), प्रवर्तन निदेशालय (ई.डी.) और केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सी.बी.आई.) सहित तमाम जांच एजेंसियों के साथ चुनावी गठबंधन कर लिया है। अखिलेश ने छापेमारी को राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से की जा रही कार्रवाई बताते हुये कहा, सपा ने तो छोटे दलों के साथ गठबंधन किया है लेकिन भाजपा ने ई.डी., आई.टी. और सी.बी.आई. जैसी जांच एजेंसियों से चुनावी गठबंधन कर लिया है। तभी भाजपा का चुनाव अब जांच एजेंसियां ही लड़ रही हैं।

# वैज्ञानिकों व मनोवैज्ञानिकों...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

किसी निकटतम मित्र के बिना एकाकीपन के अहसास से ग्रस्त रहता है। नौकरी करने वाले आधे लोग यह सोचते हैं कि उनका कार्य निरर्थक है। (ये दोनों निष्कर्ष अमेरिका में हुये सर्वेक्षणों में सामने आये हैं)। बैल्जियम, जहाँ की आबादी मात्र 1.10 करोड़ है, में प्रतिवर्ष एन्टी डिप्रैसैन्ट्स की 30 करोड़ खुराकें काम में ले ली जाती हैं। इसमें, अन्य सम्बंधित दवाऐं, जैसे नींद की गोलियाँ आदि शामिल नहीं हैं।

उनके 12 निष्कर्ष, जो राजनीति पर भी उतने ही लागू होते हैं, जितने इस महामारी पर, इस प्रकार हैं-

1. एकाकीपन- सोशल मीडिया लोगों को जोड़ तो रहा है लेकिन उनके अयथार्थ एवं यथार्थ व्यक्तित्व के बीच की खाई को बढ़ा रहा है।

2. सार्थकता एवं उद्देश्यपूर्णता का अभाव।

3. भ्रम, संदेह एवं चिन्ता का निर्माण।

4. डर को दबाने के प्रयास में क्रोध एवं द्वेष की अभिव्यक्ति।

5. एक ऐसे सुपरमैन की आकांक्षा, जो उनके अन्दर के डर को निकाल भगाये।

6. एक ऐसे व्यक्ति के लिये उर्वर सोशल ग्राउण्ड, जो उन्हें नेता के रूप में प्रस्तुत कर दे।

7. इस संयोजन (कॉम्बिनेशन) से धार्मिक या राजनैतिक सम्प्रदाय उभरकर आते हैं।

8. पंथ व सम्प्रदाय, सामाजिक जुड़ावों के अभाव को पुनः जीवित करने के लिए, कुछ अर्थ प्रदान करने तथा अपनी पहचान की पुनर्कल्पना में मदद करने के लिए अनुष्ठान आदि शुरु करते हैं।

9. इस अनुष्ठानों एवं वास्तविकता के बीच की खाई जितनी बढ़ी होती जाती है, उतनी ही ज्यादा उन अनुष्ठानों की ताकत की कल्पना करने की क्षमता बढ़ती जाती है तथा अपनी नई पहचान के प्रति निष्ठा गहरी होती जाती है।

10. यह प्रक्रिया किसी भी आदर्श या वैचारिकता के प्रति तटस्थ या शून्य होती है। सामाजिक एवं राजनैतिक ध्रुवीकरण समझाता है कि मनोवैज्ञानिक प्रक्रियाएं एक साथ ही, दोनों तरफ काम करती हैं। जैसा कि हम आज देख रहे हैं।

11. खरी बात कहने तथा वैकल्पिक सम्भावनाओं का सुझाव देने का महत्व। यह किसी खास बात के प्रभुत्व को शायद बदल न सके, लेकिन कुछ समय बाद, विभाजनों को आंशिक रुप से कम करने में सहयोग कर सकती है।

12. मानव सामाजिक प्राणी होते हैं तथा संवादों, मीटिंगों, सामान्य क्रिया-कलापों में लगे रहने तथा साझा अनुभवों की भावना के निर्माण का कोई विकल्प नहीं है, कोई स्थानापन्न नहीं है। इस प्रक्रिया के जरिये, वैकल्पिक स्थिति, साझा उद्देश्य एवं प्रयोजन का निर्माण कीजिये तथा समाज, देश एवं विश्व में अपने स्थान की पुनः कल्पना कीजिये।

# पूर्ण...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

लोगों का घर से निकलना भी बंद कर दिया। वूहान को सील किये जाने के बाद, शीआन चीन के सबसे बड़े शहरों में एक है जहाँ लॉकडाउन लगाया गया है। बहुत से लोगों के लिए दैनिक जाँच अनिवार्य कर दी गई तथा शहर में संक्रमण नाशक रसायनों का स्प्रै किया गया, जिससे शहर पूरी तरह स्वच्छ हो जाये।

सोशल मीडिया पर, शहर के निवासियों ने खाने का ऑर्डर देने में परेशानी होने की शिकायत करते हुए कहा है- "शीआन में किराना शॉपिंग बहुत मुश्किल है।" वीबो पर इसे 30 करोड़ व्यूज़ मिले हैं। सैन्सर एजेन्सियों ने कुछ पोस्ट डिलीट कर दीं लेकिन अधिकारियों ने इस बात को स्वीकार किया कि नये प्रतिबंधों से लॉजिस्टिक्स तथा स्टाफिंग समस्याएं बढ़ी हैं।

# आयकर रिटर्न भरने की तिथी नहीं बढ़ेगी

नई दिल्ली, 31 दिसम्बर। केंद्र सरकार की ओर से साफ कर दिया गया है कि रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2021 ही है, इसे आगे नहीं बढ़ाया जायेगा। सरकार की ओर से रेवेन्यू सेक्रेटरी तरुण बजाज ने यह अहम जानकारी साझा की है। उन्होंने कहा है कि इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि को आगे बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

जैसी कि उम्मीद जताई जा रही थी कि कम रिटर्न दाखिल होने और पोर्टल में आने वाली दिक्कतों के चलते जी.एस.टी. काउंसिल की बैठक में आई.टी.आर. भरने की अंतिम तिथि को आगे बढ़ाने का फैसला लिया जा सकता है। केंद्र सरकार की ओर से साफ कर दिया गया है कि रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2021 ही है, इसे आगे नहीं बढ़ाया जा रहा है।

सरकार की ओर से रेवेन्यू सेक्रेटरी तरुण बजाज ने यह अहम जानकारी साझा की है। उन्होंने कहा है कि इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि को आगे बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं है। बजाज ने कहा कि आयकर रिटर्न दाखिल करने का काम सुचारू रुप से चल रहा है। शुक्रवार को दोपहर तीन बजे तक कुल 5.62 करोड़ आयकर रिटर्न दाखिल किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि अंतिम तिथि को अब तक 20 लाख से ज्यादा संख्या में रिटर्न फाइल किए गए हैं। इसके अलावा इस साल 60 लाख अतिरिक्त रिटर्न दाखिल हुए हैं।

- **केन्द्र सरकार ने आयकर रिटर्न भरने की तारीख बढ़ने की चर्चाओं को खारिज किया और कहा कि, हम तारीख नहीं बढ़ायेंगे।**

ऊपर बताए गए कारणों के चलते आई.टी.आर. भरने की अंतिम तिथि बढ़ाए जाने की उम्मीद लगाए बैठे लोगों को अब नए साल की पूर्व संध्या पर जश्न मनाने के बजाय सबसे पहले इनकम टैक्स रिटर्न भरने का काम करना चाहिए। क्योंकि अगर आई.टी.आर. नही भरा तो नए साल में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है और इसके एवज में आपको 5000 रुपये तक का जुर्माना भी भरना पड़ सकता है।

# किसान यूनियन पंजाब में प्रस्तावित प्रधानमंत्री की रैली नहीं होने देगी

## पंजाब की किसान मजदूर संघर्ष समिति ने यह ऐलान किया

चंडीगढ़, 31 दिसम्बर। किसान-मजदूर जत्थेबंदी पांच जनवरी को फिरोजपुर (पंजाब) में प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली नहीं होने देगी। यह बात किसान मजदूर संघर्ष कमेटी के प्रदेश प्रधान सतनाम सिंह पन्नू और महासचिव सरवन सिंह पंधेर ने प्रदेश कमेटी के मुख्यालय शहीद अंग्रेज सिंह बाकीपुर यादगारी भवन में शुक्रवार की शाम आयोजित बैठक के बाद मीडिया के नाम प्रेस विज्ञप्ति में कही।

किसान नेताओं ने कहा कि, आज की बैठक में फैसला किया गया है कि पांच जनवरी को फिरोजपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली का सख्त विरोध करेंगे और किसी भी कीमत पर रैली नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि चार जनवरी को होने वाली बैठक में मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने किसानों और मजदूरों की स्वीकार की गई मांगों को लागू नहीं किया तो आठ जनवरी को पंजाब भर के सभी विधायकों और मंत्रियों के घरों के बाहर रोष प्रदर्शन करेंगे। किसान नेता पन्नू और पंधेर ने कहा कि, प्रधानमंत्री को पंजाब में रैली करने का कोई अधिकार नहीं।

- **किसान नेताओं ने कहा कि, प्रधानमंत्री की रैली का जमकर विरोध किया जायेगा और किसी भी कीमत पर हम यह रैली आयोजित नहीं होने देंगे।**
- **किसान नेताओं ने यह भी कहा कि, चार जनवरी को जो बैठक होने वाली है उसमें मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने किसानों और मजदूरों की पहले से स्वीकार की गई मांगों को लागू नहीं किया तो आठ जनवरी को पंजाब भर के सभी विधायकों और मंत्रियों के घरों के बाहर रोष प्रदर्शन करेंगे।**

उन्होंने साम्राज्य नीतियों के दबाव में तीन कृषि कानून लागू कर पंजाब के किसानों और मजदूरों को दिल्ली की सड़कों पर एक साल तक रुलाया है। इस दौरान 750 किसान शहीद हो गए और इस पर देश के प्रधानमंत्री या भाजपा ने एक शब्द नहीं कहा।

उन्होंने कहा कि मोदी को किसानों की बाकी मांगों को स्वीकार करने का तुरंत एलान करना चाहिए। उन्हें मोर्चे के शहीदों को संसद में शहीद मान कर एक करोड़ रुपये मुआवजा राशि और सरकार नौकरी देने का एलान करना चाहिए। इसके अतिरिक्त बिजली संशोधन 2020 को तुरंत रद्द करना, लखीमपुर खीरी घटना के दोषियों को गिरफ्तार करना, किसान नेताओं पर दर्ज 302 के पर्चे रद्द कर उन्हें रिहा करने का भी एलान केंद्र सरकार को करना चाहिए।

# अपने समर्थकों को...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

वहां उनके लिए उमड़ी भीड़ ने यह दिखाया कि मात्र विधायक होने के बावजूद सचिन पायलट के पास समर्थकों का बड़ा हुजूम मौजूद है।

ऐसे में साल 2022 में क्या कांग्रेस आलाकमान सचिन पायलट को कोई बड़ी भूमिका देकर इस राजनीतिक प्रतिद्वंदिता को समाप्त करने की ओर कदम उठाएगा।

दरअसल राजस्थान में इन दोनों नेताओं के बीच जिस तरह की प्रतिद्वंद्विता देखी जा रही है, उसके कारण राजस्थान में राजनीतिक नियुक्तियां हों, या जिला कांग्रेस अध्यक्षों की नियुक्ति या फिर प्रदेश कांग्रेस का विस्तार।सभी में कहीं ना कहीं किसी ना किसी बात पर टकराव के टलते यह काम चलते जा रहे हैं। हालांकि पिछले दिनों 39 में से 13 जिला कांग्रेस अध्यक्षों की नियुक्ति कर दी गई, लेकिन फिर भी अभी 28 जिला अध्यक्षों के साथ ही प्रदेश कांग्रेस का विस्तार और राजनीतिक नियुक्तियों का काम बाकी है। ऐसे में सभी को इस बात का इंतजार है कि क्या साल 2022 में कांग्रेस आलाकमान सचिन पायलट की भूमिका तय करेगा और जो भूमिका तय की जाएगी,उसके बाद राजस्थान में दोनों प्रमुख नेताओं के बीच राजनीतिक प्रतिद्वंदिता समाप्त हो जाएगी।

सचिन पायलट, पिछले डेढ़ साल से बिना पद के मात्र एक विधायक के रूप में काम कर रहे हैं, लेकिन उन्हें राजनीतिक रूप से पुरानी स्थिति नहीं मिलने तक दोनों नेताओं और उनके समर्थकों के बीच में टकराव की स्थितियां बनी हुई है और सोशल मीडिया पर दोनों के समर्थक अपने अपने नेता के पक्ष में और सामने वाले के खिलाफ अभियान चलाते रहते हैं। इसका असर कांग्रेस की पूरी राजनीति पर पड़ता है।

ऐसे में जब साल 2022 आ रहा है तो सभी को इस बात का इंतजार है कि अब सचिन पायलट कब तक इसी संयम के साथ में काम करते रहेंगे या फिर कांग्रेस आलाकमान तय कर चुका है कि उन्हें साल 2022 में किसी महत्वपूर्ण भूमिका का भार देकर पार्टी के लिए काम करने का मौका दिया जाएगा।

# नये वर्ष में भारत यू.एन. में आतंकवाद पर गठित समिति की अध्यक्षता करेगा

## यू.एन. सिक्यूरिटी काउंसिल में भारत को यह नई जिम्मेदारी सौंपी गई

नई दिल्ली, 31 दिसम्बर। तमाम अन्तर्राष्ट्रीय दबाव के बावजूद आतंकवाद को बढ़ावा देने में जुटे पाकिस्तान सरकार को बेनकाब करने का भारत को अगले वर्ष बेहतरीन मौका हाथ लगेगा। भारत एक जनवरी, 2022 से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यू.एन.एस.सी.) में आतंकवाद के खिलाफ गठित समिति की अध्यक्षता करेगा।

भारत की तरफ से यह साफ कर दिया गया है कि वह परिषद के सदस्य देशों के बीच आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को सहयोग का केंद्र बनाने के लिए काम करेगा। इस बारे में फ्रांस, ब्रिटेन, रूस जैसे सहयोगी देशों के साथ और बेहतर संपर्क कायम कर काम किया जाएगा। भारत की कोशिश होगी कि जो आतंकी पाकिस्तान में शरण लिए हुए हैं, उनके खिलाफ ठोस कार्रवाई की जाए।

- **समिति का अध्यक्ष रहते भारत यह प्रयास करेगा कि आतंकवाद पर पाकिस्तान के चेहरे को दुनिया के सामने बेनकाब किया जाए। साथ ही भारत यह चाहेगा कि आतंकवाद के खिलाफ कोई वैश्विक ठोस नीति बने।**

भारत के भावी रुख को संयुक्त राष्ट्र में राजदूत टी.एस. त्रिमूर्ति ने स्पष्ट किया है। एक दिन पहले यू.एन.एस.सी. में आतंकवाद रोधी समिति (सीटीसी) के तहत अधिशासी निदेशालय को वर्ष 2025 तक बनाए रखने के लिए वोटग प्रक्रिया समाप्त हुई है। भारत ने इसके समर्थन में वोट दिया और सभी देशों से आग्रह किया कि वे किसी खास उद्देश्य से होने वाली घटनाओं को आतंकी घटना करार देते हुए उनके खिलाफ एकजुट हों।

इसके साथ ही भारत ने प्रतिबद्धता दोहराई है कि वह आतंकवाद के खिलाफ जीरो टालरेंस की नीति पर चलेगा और दूसरे देशों को साथ लेकर चलेगा। भारत ने यह भी कहा है कि वह सी.टी.सी. के तहत उठाए जाने वाले कदमों को ज्यादा प्रभावशाली बनाने के लिए काम करेगा। इसके लिए सबसे ज्यादा जरूरी है कि सी.टी.सी. के फैसले को लागू करने वाले निदेशालय (सी.टी.ई.डी.) को मजबूत बनाया जाए और उसे ज्यादा अधिकार दिया जाए।

# कश्मीर में शुक्रवार को हुई मुठभेड़ में तीन और आतंकी मारे गये

श्रीनगर, 31 दिसंबर (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर के बाहरी इलाके पंथा चौक में हुई मुठभेड़ में स्थानीय आतंकवादी समेत तीन आतंकवादी मारे गए हैं और चार सुरक्षाकर्मी घायल हुए हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि इन आतंकवादियों के साथ जेवान में पुलिस बस पर हुए हमले में कथित रूप से शामिल स्थानीय आतंकवादी भी शामिल था। अधिकारियों ने आज बताया कि दक्षिण कश्मीर में दो अलग-अलग स्थानों पर हुये मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद के छह आतंकवादियों के मारे जाने और एक सैनिक के शहीद होने के कुछ ही घंटे बाद पंथा चौक पर रात में गोलीबारी शुरू हो गई थी।

पुलिस ने कहा पंथा चौक पर गोलीबारी तब शुरू हुई, जब यहां आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों की एक संयुक्त टीम ने इलाके की घेराबंदी और तलाश अभियान शुरू किया।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया, इलाके की घेराबंदी किए जाने के दौरान जब सुरक्षा बल छिपे हुए आतंकवादियों की ओर बढ़ रहे थे तभी आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दी। सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई शुरू की और मुठभेड़ शुरू हो गयी।

# '2021 भारत में हिंसा की दृष्टि से ईसाइयों के लिए सबसे खराब साल रहा'

## यूनाइटेड क्रिश्चियन फ्रंट (यू.सी.एफ.) के अनुसार 2021 में ईसाइयों के खिलाफ हिंसा के 486 मामले सामने आये हैं

नई दिल्ली, 31 दिसम्बर। यूनाइटेड क्रिश्चियन फ्रंट (यू.सी.एफ.) ने शुक्रवार को कहा कि 2021 भारत में ईसाइयों के लिए "सबसे हिंसक" वर्ष रहा है क्योंकि देश में इस समुदाय के खिलाफ हिंसा की 486 घटनाएं दर्ज की गईं। यूनाइटेड क्रिश्चियन फ्रंट ने एक बयान में कहा कि "सब का साथ, सब का विकास" का राष्ट्रीय नारा भारत की ईसाई अल्पसंख्यक आबादी के लिए एक खोखली, बयानबाजी साबित हुआ है। यूनाइटेड क्रिश्चियन फ्रंट ने कहा कि शांतिप्रिय समुदाय के खिलाफ हिंसा में साल-दर-साल वृद्धि पिछली तिमाही में खतरनाक रूप से बढ़ी है।

- **यू.सी.एफ. ने यह भी कहा कि, हिंसा की दृष्टि से देखा जाये तो उत्तर भारत में ईसाइयों की स्थिति सबसे दयनीय है।**
- **नवम्बर और दिसम्बर के महीने में हिंसा की 104 से ज्यादा घटनायें सामने आईं, मानों कि ईसाइयों से क्रिसमस ना मनाने के लिए कहा जा रहा हो।**

यू.सी.एफ. हेल्पलाइन पर दर्ज रिपोर्टों का हवाला देते हुए, फ्रंट ने अपने बयान में ईसाइयों के खिलाफ हिंसा की एक महीने की घटनाओं की संख्या बताई। बयान में कहा गया है कि नवंबर और दिसंबर में 104 घटनाएं हुईं जैसे कि "ईसाइयों को क्रिसमस मनाने से मना करने के लिए आगाह किया जा रहा हो।" इसमें कहा गया है कि कुछ समूहों द्वारा कुछ कार्यक्रमों और भाषणों के जरिए फैलाया गया नफरत का माहौल और धर्म की स्वतंत्रता के नाम पर कानून बनाने सहित धोखाधड़ी और प्रलोभन के झूठे प्रचार के माध्यम से असामाजिक तत्वों को ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। यू.सी.एफ. हेल्पलाइन पर दर्ज रिपोर्ट का हवाला देते हुए फ्रंट ने कहा कि 2014 में नरेंद्र मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद से ईसाइयों के खिलाफ हिंसा की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं।

# कोटपूतली...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

नोटिस दिये ही महज एक तरफ की ही संरचनाओं को ध्वस्थ करने कि कार्यवाही की जा रही है। महिलाओं का तो यह भी आरोप है कि पालिका प्रशासन द्वारा उन्हें रात भर मकानों के बाहर सॉयरन बजा कर डराया जा रहा है। धरना प्रदर्शन के बाद महिलाओं ने शहर के मुख्य मार्गों से रैली निकालते हुए "निकलो बाहर मकानों से जंग लड़ो बेईमानों से" के नारे लगाती हुई वापस धरना स्थल पहुंची है।

इस दौरान पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना, भाजपा नेता मुकेश गोयल, पूर्व पालिका अध्यक्ष प्रकाश चन्द सैनी, जदयु के प्रदेश अध्यक्ष रामनिवास यादव, सुभाष प्रधान, कैलाश चन्द सैनी, जयराम गुरूजी व शशी मित्तल, नवल खण्डेलवाल, एडवोकेट अशोक सैनी, कमला देवी, अनारी देवी, सावत्री देवी, शकुन्तला देवी, कुन्ता सैनी, नर्बदा देवी, गेंदी देवी व बीना सैनी सहित बड़ी संख्या में महिलायें व व्यापारी मौजूद थे।

# 'मोदी असहाय...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

राज्य "अरूणाचल प्रदेश" तक का नाम बदल दिया हैं।

कांग्रेस प्रवक्ता सौरभ वल्लभ ने यहाँ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानना चाहा कि, प्रधानमंत्री चीन का उल्लेख करने में संकोच क्यों कर रहे हैं, जबकि वह लगातार आक्रामकता से काम ले रहा है तथा पिछले 19 महीनों में अरूणाचल में 90,000 वर्ग किमी. क्षेत्र अधिगृहीत कर चुका है तथा अरूणाचल के विभिन्न स्थानों के अजीबो गरीब पर्याय काम में ले रहा है।

वल्लभ ने कहा कि, चीन ने अभी हाल ही में, नौ आवासीय गाँवों, चार पहाड़ों तथा दो नदियों, के नाम बदल दिये हैं। उन्होंने इस बात पर भी चिन्ता जताई कि, चीन भारत एवं भूटान की सीमाओं को बदलने के लिये अपना नया "लैंड बॉर्डर" कानून 1 जनवरी से लागू कर रहा है।

सौरभ ने 2020-21 में चीन के साथ अब तक के सबसे बड़े व्यापार, जो 7.42 करोड़ रूपये (100 अरब डॉलर) का है, पर भी सवाल खड़े किये तथा कहा कि कुछ गिनी-चुनी चीजों पर चीन विरोधी रोक लगाने का दिखावा नहीं करें। उन्होंने दुःख व्यक्त करते हुये कहा कि, भारतीय सैनिक चीनी सेनाओं से लड़ते हुये अपनी जान कुर्बान कर रहे हैं, लेकिन फिर भी प्रधानमंत्री चीन को क्लीन चिट देते जा रहे हैं।

जी.एस.टी. काउन्सिल द्वारा टैक्सटाइल क्षेत्र में जी.एस.टी. दर में 5 से 12 प्रतिशत की वृद्धि को टाल दिये जाने के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि, इस वृद्धि को टाला जाना केवल छः राज्यों के विधानसभा चुनावों तक के लिये है, जिनमें से सबसे अन्त में गुजरात में चुनाव होंगे, चुनाव हो जाने के बाद जी.एस.टी. की दरों में वृद्धि की जायेगी। उन्हें कहा कि, सरकार का प्रत्येक निर्णय अल्पकालीन राजनैतिक फायदे की खातिर लिया गया दिखाई देता है।

उन्होंने सरकार पर प्रहार करते हुये कहा कि, सरकार ने जूतों तथा ड्रैस जैसी चीजों के दाम ढाई गुना बढ़ा दिये हैं, जबकि ये चीजें मध्यम वर्ग तथा गरीब लोगों द्वारा काम में ली जाती हैं। उन्होंने कहा कि सच्चाई यह है कि, साइकिल से लेकर ट्रक और कारों की कीमतें बढ़ेंगी क्योंकि उनकी जी.एस.टी. दरें बढ़ाई जा रही हैं, आस्थगित नहीं की जा रहीं।

# 'वोटर कार्ड...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

दिया गया। बयान में जोर देकर कहा गया कि, इस कदम से मतदाता सूचियों के शुद्धिकरण में मदद नहीं मिलेगी क्योंकि आधार कार्ड नागरिकता के सबूत के बिना ही जारी किए जाते हैं और इससे गैर नागरिकों की "मतदाता" के रूप में पंजीकृत होने की संभावनाएं बढ़ जाएंगी, यदि यू.आई.डी.ए.आई. संचालित आधार सिस्टम का एकमात्र "प्रूफ" की तरह उपयोग किया गया।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908